खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 13 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 180 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 24 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफः खड़गे पेज 2



ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक खेल टाइम्स



संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन सम्पादकीय



इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जनवरी में 2.75 प्रतिशत रही महंगाई दर

**नई दिल्ली।** सरकार ने नई सीरीज (आधार वर्ष 2024) के तहत खुदरा महंगाई का पहला आंकड़ा गुरुवार को जारी कर दिया। इसके अनुसार, जनवरी 2026 में महंगाई दर 2.75 प्रतिशत दर्ज की गई। नई सीरीज में जनवरी 2025 से अब तक के उपलब्ध महंगाई के आंकड़ों में जनवरी 2026 की महंगाई दर सबसे अधिक है। इसके आधार पर पिछले साल जनवरी में खुदरा महंगाई 1.67 प्रतिशत और दिसम्बर 2025 में 0.08 प्रतिशत रही थी। इस साल जनवरी में खाद्य महंगाई दर 2.13 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 2.73 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 2.77 प्रतिशत रही। इसमें खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई दर 2.11 प्रतिशत, कपड़ों तथा जूते-चप्पलों की 2.98 प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवाओं की 2.19 प्रतिशत दर्ज की गई है।

### मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का निधन

**नई दिल्ली।** मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं। सुश्री माहेश्वरी दूरदर्शन के साथ अपने लंबे जुड़ाव के लिए जानी जाती हैं। कई दशकों तक दूरदर्शन पर अपनी शांत, गंभीर आवाज और संतुलित समाचार प्रस्तुति के कारण उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। परिवार के सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गुरुवार शाम 4 बजे दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। हिंदी में पीएचडी करने के बाद 1976 में समाचार प्रस्तोता के रूप में वह दूरदर्शन से जुड़ीं और दो साल की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर, वह हमेशा राष्ट्रीय प्रसारक के साथ जुड़ी रहीं।

### 30 करोड़ श्रमिकों की हड़ताल का दिखा मिला-जुला असर

**नई दिल्ली।** सरकार पर कॉरपोरेट समर्थक नीतियों का आरोप लगाते हुए श्रमिक संगठनों के भारत बंद का गुरुवार को देशभर में मिला-जुला असर दिखा। इसका सामान्य जनजीवन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। बता दें कि मजदूर संगठनों ने सरकार पर मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए भारत बंद का ऐलान किया था। इसमें 30 करोड़ मजदूरों के शामिल होने का दावा किया गया था। फाइट फॉर राइट के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर उमंग बंसल ने कहा कि यह पूरी ही राजनीतिक से प्रेरित हड़ताल है और इसका असर देश में नहीं पड़ने वाला है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक में हुआ सुधार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तेज दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के चलने से गुरुवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार दर्ज किया गया। समीर एप के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह नौ बजे राजधानी का एक्यूआई 194 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। यह बुधवार के 305 (खराब) के स्तर से काफी बेहतर है।

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 114 राफेल लड़ाकू विमान

### दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई

### रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को दी गई मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की अगले सप्ताह की भारत यात्रा से पहले सरकार ने वायुसेना के लिए फ्रांस से अतिरिक्त बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान राफेल की दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को गुरुवार को हरी झंडी दिखा दी।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यहां हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ रुपये की लागत से राफेल लड़ाकू विमानों के साथ-साथ नौसेना के लिए आठ पी-8 आई टोही विमानों, मिसाइलों तथा स्यूडो सैटेलाइट की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों को आवश्यकता के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गई है। इन खरीद सौदों के पूरा होने से सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी तथा मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि रक्षा खरीद बोर्ड ने पिछले महीने ही करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये की लागत से फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी थी। अभी वायुसेना के पास 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं। मंत्रालय ने बताया कि परिषद की बैठक में सेना के लिए टैंक रोधी सुरंगों (वैभव) और टी -72 टैंकों तथा इंफेन्ट्री के लिए युद्धक वाहनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। राफेल विमान की खरीद से संबंधित प्रस्ताव को अब केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति में भी मंजूरी दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस सौदे में वायुसेना को 18 विमान पूरी तरह तैयार मिलेंगे, जबकि शेष 96 विमान भारत में ही बनाए जाएंगे और इनमें से कुछ विमान दो सीटों वाले भी होंगे जिनका इस्तेमाल पायलटों को प्रशिक्षण में किया जाएगा। फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन द्वारा बनाया जाने वाला राफेल एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है, जो हवा से हवा और हवा से जमीनी हमलों के साथ-साथ निगरानी मिशन चलाने तथा परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इस विमान को अत्याधुनिक मिसाइलों मेटियोर तथा स्कैल्प क्रूज से लैस रहता है।



### तटरक्षक बल को 2312 करोड़ रुपये की लागत से मिलेंगे आठ डोर्नियर 228 विमान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 2,312 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह अनुबंध 'बाय (इंडियन)' श्रेणी के अंतर्गत किया है और इसमें संचालन भूमिका संबंधी उपकरण की खरीद भी शामिल है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर यहां एचएएल के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट डिवीजन, कानपुर के साथ हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध से एलएएल का उत्पादन तंत्र सुदृढ़ होगा तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और सहायक उद्योगों के व्यापक नेटवर्क को समर्थन मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और रखरखाव, मरम्मत तथा ओवरहॉल तंत्र बनाने में भी मदद मिलेगी। यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है तथा भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना को भी मजबूत बनाता है।

# 'घूसखोर पंडित' के फिल्ममेकर को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## शीर्ष अदालत ने कहाः समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म घूसखोर पंडित के फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते हैं।

मनोज बाजपेई स्टारर फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के नाम पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने फिल्म 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं? यह नैतिकता और पब्लिक ऑर्डर के खिलाफ है। जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते हैं। हम आपको फिल्म रिलीज नहीं करने देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचा नहीं दिखाती है। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। 'घूसखोर पंडित' के खिलाफ दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह जाति और धर्म पर आधरित स्टीरियोटाइप को बढ़ावा देती है। सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा पैदा करती है। यह याचिका भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा द्वारा फाइल की गई। इस पीआईएल पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस याचिका में फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस फिल्म को लेकर देश के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। कई फिल्म संस्थाओं ने भी इनके नाम को लेकर आपत्ति जताई। आखिर में मेकर्स ने नाम बदलने की बात कही। फिल्म 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेई के अलावा नुसरत भरुचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेराय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार नजर आएंगे।



### पहले बदला हुआ नाम बताएं तभी फिल्म रिलीज होगी, बेंच ने 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना व प्रसारण मंत्रालय और सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया

# राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं आएगा

## निशिकांत दुबे ने राहुल की सदस्यता खत्म करने का दिया नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहाः वे गुमराह कर रहे
- संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया, चार फरवरी को लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हंगामे का जिक्र

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल गांधी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है।

मीडिया सूत्रों के मुताबिक, सरकार राहुल के खिलाफ सदन में उनकी स्पीच के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं लाएगी। इस पर प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदीजी ने छाती 56 इंच की नपवाई थी। उनके खिलाफ भी प्रस्ताव आना चाहिए। हालांकि, बीजेपी उनके (राहुल) भाषण से आपत्तिजनक हिस्से हटाने को लेकर अब भी अड़ी हुई है, क्योंकि उन्होंने अब तक अपने आरोपों को लेकर सबूत पेश नहीं किए हैं। बीजेपी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने राहुल के बजट चर्चा के दौरान कहे गए कुछ अंशों को रिकॉर्ड से हटाने का औपचारिक नोटिस दिया है।

### मजदूर-किसान की लड़ाई में मजबूती से खड़ा रहूंगा : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार की नीतियों के कारण देश के मजदूर और किसान अपने हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर हैं और वह इस संघर्ष में मजबूती से उनके साथ खड़े रहेंगे। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश का मेहनतकश वर्ग अपने साथ हो रहे अन्याय से दुखी है और यही वजह है कि आज देशभर में लाखों मजदूर और किसान अपने हक़ की आवाज़ बुलंद करने सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को डर है कि चार श्रम संहिताएं उनके अधिकारों को कमजोर कर देंगी। इसी तरह किसानों को आशंका है कि व्यापार समझौता उनकी आजीविका पर चोट करेगा। और मनरेगा को कमजोर या खत्म करने से गांवों का आखिरी सहारा भी छिन सकता है।

# यूपी पंचायत चुनाव से पहले बनेगा पिछड़ा वर्ग आयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने हाईकोर्ट में दिया हलफनामा

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच को सूचित किया है कि प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से पहले एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया जाएगा।

जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। दरअसल, हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल कर मौजूदा पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारों को चुनौती दी गई थी। सरकार ने अब स्पष्ट किया है कि इसी समर्पित आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सीटों का आरक्षण तय होगा। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों के पालन में उठाया गया है, जिनमें स्थानीय निकाय चुनावों से पहले समर्पित आयोग का होना अनिवार्य बताया गया है।

# मुजफ्फरनगरः मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- दो पुलिसकर्मी भी घायल, मारे गए बदमाश पर 40 जघन्य केस थे दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विज्ञाना रोड पर बुधवार देर रात पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अमजद को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मारे गए बदमाश पर लूट, हत्या, डकैती समेत करीब 40 जघन्य मुकदमे दर्ज थे और वह अंतरराज्यीय गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्रामीण इलाके के जंगल के समीप कुछ बदमाश हैं, जो लूट सहित कई मामलों में वांछित चल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना बुढ़ाना, थाना तितावी एवं थाना शाहपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी कर सघन चेकिंग शुरू की। इस दौरान पुलिस ने बाइक सवार संदिग्ध बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन खुद को घिरा देख, उन्होंने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षार्थ फायरिंग में बदमाशों की गोलियां एसपी देहात आदित्य बंसल की गाड़ी पर लगीं। वहीं कई गोलियां पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगीं। इस दौरान दरोगा संदीप और सिपाही अशफाक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भारतीय नौसेना ने पहली बार सीटीएफ की कमान संभाली

- सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बहुराष्ट्रीय संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के अंतर्गत बहुराष्ट्रीय संयुक्त टास्क फोर्स (सीटीएफ) 154 की कमान संभाल ली है। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि बहरीन के मनामा स्थित सीएमएफ के मुख्यालय में एक समारोह में भारतीय नौसेना ने बुधवार को टास्क फोर्स की कमान संभाली। समारोह की अध्यक्षता अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल कर्ट ए. रेनशॉ ने की।

इस अवसर पर भारतीय नौसेना के डिप्टी चीफ ऑफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल तरुण सोबती तथा अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। भारतीय नौसेना के कमोडोर मिलिंद एम. मोकाशी, शौर्य चक्र, ने इतालवी नौसेना के निवर्तमान कमांडर से सीटीएफ 154 की कमान औपचारिक रूप से संभाली। सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। यह क्षेत्र में भारत की पेशेवर विशेषज्ञता, संचालन अनुभव और 47 सदस्य देशों के बीच एक पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में उसकी भूमिका पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। सीटीएफ 154 की स्थापना मई 2023 में की गई थी और इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया और आगे के क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच मुख्य स्तंभों समुद्री क्षेत्र जागरूकता, समुद्री कानून , समुद्री अवरोधन अभियान, समुद्री बचाव और सहायता, तथा नेतृत्व विकास पर आधारित है। यह टास्क फोर्स नियमित समुद्री सुरक्षा उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम, कम्पास रोज और नॉर्दर्न/सदर्न रेडीनेस जैसे अभ्यास, तथा साझेदार देशों की परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए संपर्क कार्यक्रम आयोजित करती है, जिससे अवैध तस्करी, समुद्री डकैती और अनियमित प्रवासन जैसे साझा खतरों का मुकाबला किया जा सके। सीटीएफ 154 का संचालन सीएमएफ की अन्य टास्क फोर्स- सीटीएफ 150 (समुद्री सुरक्षा), सीटीएफ 151 (समुद्री डकैती निरोध), सीटीएफ 152 (अरब खाड़ी में समुद्री सुरक्षा) और सीटीएफ 153 (लाल सागर में समुद्री सुरक्षा)-के साथ किया जाता है।

# वंदे मातरम पर सरकार का आदेश आजादी पर हमलाः मदनी

- जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख ने कहाः ये मनमाना और एकतरफा
- वंदे मातरम के सभी छंद गाने के विरोध में संगठन
- पंजाब में भी फैसले का विरोध, दल खालसा ने सिख पहचान के खिलाफ बताया, हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास



**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वंदे मातरम के सभी छंद गाने का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि सरकार का ये आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। संगठन ने सरकार के आदेश को एकतरफा और मनमाना बताया। जमीयत के प्रेसिडेंट मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुसलमान किसी को भी वंदे मातरम गाने या बजाने से नहीं रोकते, लेकिन गाने के कुछ छंद मातृभूमि को एक देवता के रूप में दिखाते हैं।

ये हमारी मान्यताओं के खिलाफ हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। मदनी ने कहा कि एक मुसलमान सिर्फ एक अल्लाह की इबादत करता है, इसलिए उसे यह गाना गाने के लिए मजबूर करना संविधान के आर्टिकल 25 और सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का साफ उल्लंघन है। इस गाने को जरूरी बनाना और इसे नागरिकों पर थोपने की कोशिश देशभक्ति का इजहार नहीं है, बल्कि यह चुनावी राजनीति, एक सांप्रदायिक एजेंडा और बुनियादी मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश है। देश के लिए प्यार का असली पैमाना नारों में नहीं, बल्कि किरदार और कुर्बानी में है। इसकी शानदार मिसालें मुसलमानों और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के ऐतिहासिक संघर्ष में खास तौर पर देखी जा सकती हैं। ऐसे फैसले देश की शांति, एकता और डेमोक्रेटिक मूल्यों को कमजोर करते हैं और संविधान की भावना को कमजोर करते हैं। वंदे मातरम को जरूरी बनाना संविधान, धार्मिक आजादी और डेमोक्रेटिक उसूलों पर साफ हमला है। वंदे मातरम अनिवार्य -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### महिला डाक्टर से अभद्र व्यवहार पर एडिशनल प्रोफेसर निलंबित

**लखनऊ।** लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में एक बार फिर महिला रेजिडेंट डाक्टर से कथित अभद्रता का मामला सामने आया है। बाल रोग विभाग के एक एडिशनल प्रोफेसर पर जूनियर रेजिडेंट डाक्टर ने अनुचित व्यवहार और मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजने के आरोप लगाए हैं। शिकायत मिलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चिकित्सक को निलंबित कर दिया है। इस बाबत पीड़िता ने परिजनों के साथ संस्थान प्रशासन को लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद 11 फरवरी को कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद के निर्देश पर सात सदस्ईय आंतरिक शिकायत समिति (विशाखा कमेटी) का गठन किया गया। समिति ने पीड़िता और आरोपी दोनों के बयान दर्ज किए। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर आरोपी एडिशनल प्रोफेसर को निलंबित कर डीन मेडिसिन कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

### महर्षि दयानंद सरस्वती राष्ट्र-जागरण के अग्रदूत: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक चेतना के महान उद्घोषक, आध्यात्मिक चितक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि असीम ज्ञान और उच्च गुणों से संपन्न स्वामी दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन समाज-उत्थान, राष्ट्र-जागरण और मानव-कल्याण के पावन कार्यों को समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय समाज को कुरीतियों से मुक्त करने, वेदों की ओर लौटने और आत्मगौरव की भावना जगाने का आह्वान किया।

# चारु गुप्ता को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ **सम्मान के साथ एक हजार डॉलर भी मिलेंगे**

दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर चारु गुप्ता को प्रतिष्ठित 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार' (दक्षिण एशिया) से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के साथ उन्हें एक हजार डॉलर (करीब 91 हजार रुपए) भी मिलेंगे।

प्रोफेसर गुप्ता को यह पुरस्कार उनकी नई पुस्तक 'हिंदी हिदू हिस्ट्रीज: कॉस्ट, आयुर्वेद, ट्रेवल एंड कम्युनिज्म इन अर्ली ट्वेटिन्थ सेंचुरी इंडिया' के लिए 'एसोसिएशन फॉर एशियन स्टडीज (एएएस) ने दिया है। आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुरस्कार दक्षिण एशिया पर विशिष्ट और मौलिक विद्वतापूर्ण कार्यों के लिए दिया जाता है। कला इतिहासकार और सांस्कृतिक चितक आनंद के कुमारस्वामी के नाम पर स्थापित यह पुरस्कार उन पुस्तकों को दिया जाता है, जो दक्षिण एशिया के इतिहास, संस्कृति और समाज के अध्ययन में महत्वपूर्ण और स्थाई योगदान देता हैं। इसे दक्षिण एशियाई अध्ययन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित मान्यता है। यह पुस्तक 20वीं सदी की शुरुआत में उत्तर भारत की उत्तर भारत में आत्मकथाओं और 'प्रिट' संस्कृति के जरिए हिदू जीवन के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करती है। इसमें जाति, आयुर्वेद, यात्रा वृत्तांत और साम्यवाद का ऐतिहासिक विश्लेषण किया गया है। यह दिखाती है कि उस परिवर्तनकारी दौर में जाति, लिग, राष्ट्र और हिंदू पहचान को लेकर विभिन्न लोकभाषाई दृष्टियां किस तरह से उभर रही थीं। चारु की अन्य चर्चित पुस्तकों में सेक्सुअलिटी, ऑब्सिनिटी, कम्युनिटी एंड द जेंडर ऑफ कॉस्ट तथा 'जाति और लिग: दलित, सवर्ण और हिदी प्रिट संस्कृति हैं। एएएस इस वर्ष की पुरस्कार प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा करते हुए कहा कि सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई।

# विधान परिषद में गूंजा शहरों में अतिक्रमण और जाम का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए विपक्ष ने सरकार से कार्रवाई की मांग उठाई**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 110 के अंतर्गत शहरों में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए सरकार से प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

सभापति ने विषय को गंभीर मानते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देशों के साथ सरकार को भेज दिया। सदन में कहा गया कि सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में तेजी से शहरी विकास हो रहा है और स्वच्छता रैंकिग में भी कई जनपदों ने स्थान बनाया है। हालांकि बढ़ते शहरीकरण के साथ अतिक्रमण की समस्या भी विकराल होती जा रही है, जिससे शहरों में जाम की स्थिति आम हो गई है। इससे आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्य ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहरों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मॉडल वेंडिग जोन बनाने के निर्देश दिए गए हैं और कुछ स्थानों पर काम भी हुआ है, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। इसके लिए स्थानीय निकायों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया। गाजियाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, बरेली, अलीगढ़ और मेरठ सहित अधिकांश नगर निगमों के प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। राजधानी लखनऊ में भी विभूति खंड क्षेत्र को छोड़कर अन्य इलाकों में स्थिति चिंताजनक बताई गई। प्रदेश में नगर निगम अधिनियम के तहत गठित टाउन वेंडिग कमेटी (टीवीसी) की नियमित बैठकें नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए। बताया गया कि लखनऊ नगर निगम में लगभग दस महीनों से टीवीसी की बैठक नहीं हुई है, जबकि नियमों के अनुसार हर माह बैठक होना अनिवार्य है। इस समिति में पार्षदों, रेहड़ी-पटरी दुकानदारों, बड़े प्रतिष्ठानों, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, आवास विकास और डूडा के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। सदन में मांग की गई कि टाउन वेंडिग कमेटियों को सक्रिय कर नियमित बैठकें सुनिश्चित की जाएं, ताकि शहरों को अतिक्रमण से मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

## उप्र विधानसभा में अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत मुद्दा उठाया

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **सपा विधायक ने कहा-एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव**
■ **सपा सदस्य सचिन यादव ने विधानसभा में उठाया ट्रांसजेंडर समुदाय का मुद्दा, मंत्री ने दी सफाई**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। शून्य प्रहर के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत यह मुद्दा उठाया और सरकार से संज्ञान लेने की मांग की।

अतुल प्रधान ने कहा कि एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक एजेंसी के कुछ लोग उनके पास आए थे और दावा किया था कि वे उनके बिना मौजूद हुए ही उनकी आवाज और चेहरे का हूबहू इस्तेमाल कर जनता तक उनका भाषण पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनकी आवाज और चेहरा सकारात्मक संदर्भ में प्रसारित किए जा सकते हैं, तो उनका गलत इस्तेमाल भी संभव है। इस संबंध में उन्होंने अपने जिले के एसएसपी से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि एआई का प्रभाव विशेष रूप से राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों पर अधिक पड़ सकता है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया और शिकायतों पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता जताई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार ने एआई को लेकर कानून बनाया है। इस विषय पर विधि विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले प्रदेश सरकार के आईटी मंत्री सुनील शर्मा ने भी सरकार का पक्ष सदन में रखा। सदन में हुई इस चर्चा ने एआई जैसी उभरती तकनीक के दुरुपयोग और उससे जुड़े कानूनी पहलुओं पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता को रेखांकित किया। वहीं राज्य विस में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के विधायक सचिन यादव द्वारा ट्रांसजेंडर पर उठाए गए प्रश्न के जवाब में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह सदन का एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है, जब सबसे पिछड़े और हाशिए पर रहने वाले समुदाय की समस्याओं पर गंभीर चर्चा हो रही है।

### सपा विधायक रागिनी के सवालों पर सदन में गरमाया माहौल, मंत्री के जवाब पर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को उस समय माहौल गरमा गया जब समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' से निवेश और डिफेंस कॉरिडोर को लेकर तीखे सवाल पूछे। रागिनी सोनकर ने पहला सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में लाखों करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए गए, लेकिन धरातल पर सिर्फ 9 प्रतिशत ही परियोजनाएं क्यों दिख रही हैं? दूसरा सवाल डिफेंस कॉरिडोर को लेकर था। उन्होंने पूछा कि चित्रकूट, झांसी, अलीगढ़ और आगरा जैसे जिलों में अब तक प्रगति शून्य क्यों है। तीसरे सवाल में उन्होंने भाजपा के फंड को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में पार्टी के खाते में 800 करोड़ रुपए थे, जो अब 16 हजार करोड़ रुपए कैसे हो गए, जबकि अर्थव्यवस्था कमजोर बताई जा रही है। रागिनी के सवालों के जवाब में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता खड़े हुए और उनके सवालों को पढ़ने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोका। इसके बाद मंत्री विपक्ष पर निशाना साधते हुए सपा सरकार के कार्यकाल का जिक्र करने लगे।

# विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफ: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा है कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं।

खड़गे ने नए श्रम कानूनों और मनरेगा को कमजोर करने के आरोपों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना करते हुए गुरुवार को कहा कि देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं। सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा करने की मांग भी की।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


**सेंसेक्स** 83674.92 | **निफ्टी** 25807.20 | **सोना** 157550 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | **चांदी रु.** 257567 प्रति किलो

## अर्थ व्यापार



# आईटी सेक्टर में जबरदस्त गिरावट, सेंसेक्स 559 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में जारी बिकवाली के दबाव में गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई जिससे बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 558.72 अंक (0.66 प्रतिशत) टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 146.65 अंक नीचे 25,807.20 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल चारों आईटी कंपनियों टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में पांच से छह प्रतिशत के आसपास गिरावट रही। चौतरफा गिरावट के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.45 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत नीचे रहा। निफ्टी आईटी सूचकांक 5.51 प्रतिशत लुढ़क गया। तेल एवं गैस, रसायन, रियलटी, मीडिया, एफएमसीजी, बैंकिग, फार्मा और ऑटो में भी गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में तेजी रही। एनएसई में शामिल 3,256 कंपनियों के शेयरों में से 2,007 के शेयर गिरावट में रहे जबकि 1.151 में तेजी रही। अन्य 98 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर 5.99 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 5.79 प्रतिशत, टीसीएस में 5.41, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 4.84, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.23, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 2.13 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.17 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.73 फीसदी, ट्रेंट का 1.52 और बीईएल का 1.43 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट, चांदी 2000 तक टूटी, सोना 600 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली। चांदी 2040 रुपये सस्ती होकर 2.61 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं सोना 630 रुपये गिरकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बुलियन की दरों के अनुसार सोना 660 रुपये सस्ता होकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 1200 रुपये गिरकर 2.62 लाख प्रति किलो पर आ गई। एमसीएक्स पर गुरुवार को चांदी की कीमतें चार प्रतिशत की तेजी के साथ 2.62 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना की कीमतों में 1,957 रुपये का उछाल देखने को मिला। सोना 1.25 प्रतिशत चढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले दिन बुधवार को चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई और यह 4,000 रुपये उछलकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं, सोने के भाव में भी मजबूती रही और यह 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया। स्पाट गोल्ड की कीमत मामूली गिरावट के साथ 5,080 डालर प्रति औंस पर आ गई, जबकि स्पाट सिल्वर 2 प्रतिशत लुढ़ककर 82.2 डालर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी श्रम बाजार के मजबूत आंकड़ों के बाद गुरुवार को एशियाई कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं और दालों में भी गिरावट रही। चीनी के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 18 रुपये फिसलकर 2,847 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। आटा भी छह रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत 15 रुपये और मूंग दाल की दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल और मसूर दाल में टिकाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 24 रिंगिट टूटकर 4,037 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल 99 रुपये और सूरजमुखी तेल 77 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल की कीमत 60 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये घट गई। सोया तेल में 34 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 17 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। वहीं, चीनी तीन रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# रामपुर में वकील की हत्या के विरोध में साथी वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

**लखनऊ।** रामपुर में बुधवार को एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में गुरुवार को वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। देवरिया में हत्या के विरोध में दिवानी और कलेक्ट्रेट कचहरी के दर्जनों अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर परिसर में शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मिश्रा और कलेक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा बताया कि रामपुर एक अधिवक्ता फारूख अहमद खान की निर्मम हत्या के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है।

बार एसोसिएशन के दोनों अध्यक्षों ने मांग किया है कि वकील के हत्यारों तत्काल गिरफ्तार कर मामले को एफटीसी कोर्ट में लगाकर तत्काल फांसी दिया जाय। रायबरेली की विभिन्न बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता की गोली मारकर की गई हत्या का विरोध करते हुए प्रस्ताव पारित कर न्यायिक कार्यो से विरक्त रहने की घोषणा करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निदा की और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को सरकार द्वारा लागू कराने की भी मांग की। गौरतलब है कि रामपुर में बुधवार दोपहर अधिवक्ता फारूक अहमद खां (50) की एक लिपिक ने दिनदहाड़े अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वंदे मातरम...** किए जाने पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि सरकार का यह फैसला गैर कानूनी है। धार्मिक आजादी, सेक्युलर मूल्यों के खिलाफ है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मांग कि है कि सरकार इस नोटिफिकेशन को वापस ले। वापस नहीं लिया, तो पर्सनल लॉ बोर्ड इस फैसले को कोर्ट में चुनौती देगा। सिख संगठन दल खालसा ने वंदे मातरम अनिवार्य किए जाने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे सिख पहचान व धार्मिक भावनाओं के खिलाफ बताया है। दल खालसा के नेता कंवरपाल सिंह बिट्टू ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह फैसला भारतीयता के नाम पर हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास है। सिख होने के नाते हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। यह निर्णय सिख समुदाय की भावनाओं और उनकी धार्मिक पहचान के विपरीत है।

# गुरुकुल छात्रा ने 5,555 भिन्न ॐ लिखकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**वाराणसी।** धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी के तुलसीपुर महमूरगंज स्थित पाणिनि कन्या महाविद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी स्वर्णा निगम ने कला और आध्यात्मिक क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कुमारी स्वर्णा ने 5,555 अलग-अलग प्रकार के 'ॐ' (ओंकार) की विशिष्ट पेंटिंग्स बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस अद्वितीय कला-साधना को 'यूरेशिया वर्ल्ड रिकॉर्ड' में आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरी काशी और देश के लिए गौरव का विषय है। गुरुवार को पाणिनि कन्या महाविद्यालय परिसर में भव्य प्रदर्शनी एवं विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में वाराणसी संसदीय कार्यालय के समन्वयक शिव शरण पाठक, विश्व वैदिक न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह, वरिष्ठ पर्यावरणविद् अनिल कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नए श्रमिक कानून कामगार विरोधी हैं: विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ **कहा: 2020 में तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की करने के बाद श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी**

लोकसभा में गुरुवार को विपक्षी सदस्यों ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को श्रमिकों के हितों के विरुद्ध करार देते हुए कहा कि इस कानून के लागू होने से कामगारों के अधिकारों में और ह्रास होगा।

विधेयक को विचार करने तथा पारित किए जाने के लिए सदन में प्रस्तुत किए जाने के बाद इस पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के के. सुरेश ने कहा कि देश भर के श्रमिक अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जब गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं, तब यह संशोधन विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि 2020 में पारित की गई तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की गई थीं, जिनमें श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी। अब इस विधेयक के जरिए श्रमिकों के अधिकारों को और कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 300 तक श्रमिकों-कर्मचारियों वाली कंपनियां, फैक्ट्री और कारखाने सरकार की अनुमति के बगैर बंद किए जा सकेंगे।

सुरेश ने कहा कि 90 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में काम करता है, उसकी पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान कौन रखेगा। महिलाओं की भागीदारी कार्यबल में कम हो रही है। आज कारपोरेट सेक्टर को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। कारपोरेट की मांगें मान ली जाती हैं। श्रमिकों की मांगें ठुकरा दी जा रही हैं। मोदी सरकार श्रमिकों की असुरक्षा को संस्थागत रूप दे रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार श्रमिकों के हितों में काम करती थी। तत्कालीन सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) लाई थी। संप्रग सरकार सामाजिक न्याय के लिए काम करती थी। आज सार्वजनिक उपक्रम कमजोर हो रहे हैं, उनका निजीकरण किया जा रहा है।

अनुबंध पर अधिक कर्मचारी लाए जा रहे हैं। यह विधेयक रोजगार सुरक्षा को क्षति पहुंचाता है। भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि इस विधेयक में पहले के श्रमिकों के जुड़े कानूनों को समेकित करके नई श्रम संहिताएंलाई गई हैं। इस विधेयक को प्रगतिशील सुधार के रूप में जाना जाना चाहिए। सरकार की मंशा श्रमिक-मालिक के बीच तालमेल के जरिए उद्योगों में तरक्की लाना है। सरकार गैरकानूनी तालाबंदी पर रोक लगाना चाहती है। सरकार के इन कदमों से अर्थव्यवस्था में सुधार लाना है। इस सरकार की ओर से लाई गई श्रमिक संहिताएंपूरे देश में लागू होंगी। इनके लागू होने से औद्योगिक विवाद सुलझाना जयादा सरल हो जाएगा। समाजवादी पार्टी के सांसद अफजल अंसारी ने कहा कि 2020 में जब श्रम संहिताएंलागू की गई थीं, तो बड़े-बड़े दावे किए गए थे और अब उनमें संशोधन करना पड़ रहा है। सरकार जब एक मजबूत कानून नहीं बना सकती तो यह श्रमिकों के हितों की बात करेगी, ऐसा सोचना निरर्थक है। उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों की छंटनी को आसान कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सरकार के प्रति श्रमिकों में घोर निराशा है। उद्योगों को ढील दी जा रही है। तीन सौ कर्मचारियों वाली कंपनियों- कारखानों में जब चाहे तब कामगारों को नौकरी से निकाला जा सकता है। सरकार को मजदूरों के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

# एएसपी, जेएसडी व पीजेपी का गठबंधन

## दिल्ली में सांसद चंद्रशेखर सहित सभी राष्ट्रीय अध्यक्षों ने लाइव आकर की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** देश की राजनीति में सामंतवादी विचारधारा के लोगों को बड़ा झटका लगाते हुए आजाद समाज पार्टी, जन सेवा दल एवं पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने 2027 के विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ने का फैसला लिया है। तीनों पार्टियों ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर यह घोषणा कर राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है।

लंबी चर्चा के बाद तीनों दलों ने निर्णय लिया कि जब तक दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक एक प्लेटफार्म पर आकर नहीं खड़ा होगा तब तक बहुजन आंदोलन सफल नहीं हो पाएगा। बता दें कि जन सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर पिछले कई दिनों से इस मुहीम में लगे थे कि आजादी के बाद से आज तक सत्ता सरकार से वंचित रही जातियों को हर हाल में बराबर की हिस्सेदारी दिलाना उनका मकसद है जो एक प्लेटफार्म पर आए बिना संभव नहीं था। इसीलिए उन्होंने बहुजन आंदोलन पर कार्य कर रहे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद एवं पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के साथ बहुजन समाज सहित वंचित अति पिछड़ों को बराबर की हिस्सेदारी दिलाने के लिए एक प्लेटफार्म पर आने का फैसला किया है।



नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी चीफ नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लाइव आकर कहा बहुजन आंदोलन को सफल बनाने के लिए अति पिछड़ी जातियों को साथ लेकर चलना जरूरी है। इसलिए जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के संस्थापक पूर्व आईपीएस डॉ बी पी अशोक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्धार्थ वाल्मीकि के साथ लंबी चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अब जो भी कार्यक्रम आयोजित होंगे उसमें तीनों दलों की सहभागिता रहेगी। उन्होंने कहां की हम जब तक एक प्लेटफार्म पर आकर एकत्रित नहीं होंगे तब तक बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं कांशीराम साहब के सपनों को साकार नहीं किया जा सकता। जन सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर ने कहा कि उनका विजन व पावर प्रोजेक्ट आजादी के बाद से सत्ता से वंचित रही तमाम अति पिछड़ी जातियों को उनके अधिकार दिलाना है इसीलिए उन्होंने आगे के सभी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने का निर्णय लिया है जिसमें मुख्यमंत्री का चेहरा सांसद भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद होंगे।

पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के संस्थापक पूर्व आईपीएस डॉ बीपी अशोक ने कहां की बहुजन आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा हम सभी लोग मिलकर आजाद समाज पार्टी के बैनर तले सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में इस आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए 2027 में सत्ता परिवर्तन कर सामाजिक परिवर्तन करने में कामयाब होंगे। पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्धार्थ वाल्मीकि ने कहा कि बहुजनों एवं अति पिछड़ों की आवाज उठाने वाला चंद्रशेखर आजाद के अलावा दूसरा कोई नेता नहीं है। वह कई सालों से इस आंदोलन को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं जबकि बाकी सभी नेताओं ने सरेंडर कर दिया है। इसीलिए पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी ने निर्णय लिया है कि आगामी सभी कार्यक्रम आजाद समाज पार्टी के साथ मिलकर आयोजित किए जाएंगे साथ ही हमारी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव आजाद समाज पार्टी से गठबंधन के साथ लड़ते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद को उत्तर प्रदेश की बागडोर सौंपने का कार्य करेगी। इस दौरान आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी सुनील चित्तौड़ ने कहा कि तीनों पार्टियों का एक साथ आकर एक प्लेटफार्म पर खड़ा होना स्वागत योग्य निर्णय है। उन्होंने कहा कि जन सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के संस्थापक डॉ बी पी अशोक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्धार्थ जी के एक साथ आने से दलित पिछड़ी जातियों के वोटो का बंटवारा तो रुकेगा ही बहुजन आंदोलन को गति भी मिलेगी।

इस दौरान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विरेंद्र श्रीश, डॉ किशन कुमार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की तारीफ



**नजीबाबाद।** प्रसिद्ध हस्ती शादाब जकाती (10 वाला बिस्कुट कितने का है जी) ने कहा कि हमें चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम से सीखना चाहिए। आज नजीबाबाद के सम्राट दूल्हा कलेक्शन पर शादाब जकाती पहुंचे, जहां चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम को भी खास तौर पर आमंत्रित किया गया था। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम को देखते ही शादाब ने उन्हें पहचान लिया और कहा, 'हमें चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम से सीखना चाहिए कि शहर का काम और विकास कैसे किया जाता है। वे सभी धर्मों के लोगों को एक साथ कैसे ले जाते हैं। यह उनकी सबसे बड़ी ताकत है। नजीबाबाद को ऐसे समर्पित चेयरमैन मिलना गर्व की बात है। शादाब जकाती बोले क्या पर्सनल्टी है चेयरमैन साहब की लोगों से मालूम चला जानता से मालिक चला कितना अच्छा काम कर रहे है। अपने शहर और कस्बे के लोगों के लिए और हर इंसान को इनसे सबक सीखना चाहिए इस तरह से ही एक वर्ग को लेकर चल रहे है। हिंदू हो मुस्लिम हो किसी भी जाति का हो सबका हाथ पकड़ कर चल रहे है। यह बहुत अला दर्जे की बात है।

### विद्यालय में आशीर्वाद समारोह का आयोजन



**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग में कक्षा द्वादश के भैया- बहिनों हेतु आशीर्वाद समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन् एवं वंदना स्तुति के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह, डॉ दुष्यंत जैन (मुख्य अतिथि), प्रो. जितेंद्र सिंह (दिशा कॉलेज), प्रदीप गर्ग (अध्यक्ष), डॉ. संदीप शर्मा (प्रबंधक), डॉ. बालेश विश्नोई (कोषाध्यक्ष), डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी (पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना), अनिल बंधु (संरक्षक), डॉ. भूपेश चौहान, मोहित गोयल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ संदीप शर्मा ने भैया बहिनों को बोर्ड परीक्षा हेतु समय प्रबंधन के महत्व को बताया। डॉ. दुष्यंत जैन ने भैया बहिनों को परीक्षा काल में सकारात्मक एवं एकाग्रचित्त मन से परीक्षा देने के सुझाव दिये। प्रो. जितेंद्र सिंह ने भैया बहिनों को परीक्षा काल में तनाव मुक्त रहने का सुझाव दिया। अनिल कुमार गुप्ता (बंधु जी) ने अपनी प्रेरक कविताओं के माध्यम से भैया बहिनों को परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के माननीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार गर्ग ने सभी भैया बहिनों को आत्म विश्वास के साथ प्रश्न पत्र हल करने की सलाह दी और विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने भैया बहिनों को बताया कि परीक्षा के बाद प्रश्न पत्र की समीक्षा करने की बजाय सम्पूर्ण परीक्षा पूर्ण होने के बाद ही सभी प्रश्न पत्रों की समीक्षा करने की सलाह दी। कक्षा द्वादश के कक्षाचार्य ब्रह्म पाल सिंह एवं आचार्य अंकुर ने बोर्ड परीक्षा संबंधी दिशानिर्देश एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### पुराली जलाकर विरोध प्रदर्शन



**राजा का ताजपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल सिंह के नेतृत्व क्षेत्र के गांव नाहर सिंह में भारत-अमेरिका के मध्य हुए कृषि व्यापार समझौते को लेकर संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर आज अपने खेत पर 'हमारा खेत-हमारा अधिकार' कार्यक्रम के तहत अपने खेत पर पर्चो पर लिखकर अपने खेत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौता लिखा हुआ है। उसके विरोध में पुराली जलाकर को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों नारें लगाए 'हमारा खेत हमारा अधिकार'। कार्यक्रम में अशोक धनकड़, दिग्विजय धनकड़, मास्टर देवेंद्र सिंह, मोनू चौधरी, रामपाल सैनी, महेश सैनी, सन्नी धनकड़, ध्यान सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सैफुल उस्मानी का इंतकाल



**अफजलगढ़।** अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सीरबासुचंद में उस वक्त शोक की लहर दौड़ गई, जब ग्रामीणों को गांव के ही एक होनहार युवक सैफुल उस्मानी (22 वर्ष) के असामयिक निधन की सूचना मिली। सैफुल पिछले दो वर्षों से गुर्दे (किडनी) की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। लगातार वह बीमारी के साथ संघर्ष कर रहे थे। डॉक्टरों की कोशिश भी नाकाम होती जा रही थी। परिजनों के अनुसार सैफुल का इलाज मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। पिता बाबू उस्मानी ने अपने पुत्र की जान बचाने के लिए इलाज में जमापूंजी खर्च कर डाली। डॉक्टरों की लंबी मशक्कत और अथक प्रयासों के बावजूद सैफुल की हालत में सुधार नहीं हुआ और आखिरकार उसने गुरुवार को अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। सैफुल की मौत की खबर जैसे ही गांव में पहुंची परिजनों में कोहराम मच गया तथा पूरे क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया। जवान बेटे को खोने के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सैफुल एक मिलनसार युवक था, उसके निधन से गांव ने एक होनहार युवा खो दिया है।

### सामूहिक विवाह संस्कार का भव्य आयोजन



**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार के कुशल नेतृत्व में रायपुर रोड स्थित आशिक बैंकट हॉल में 311 जोड़ों का विवाह संस्कार संपन्न कराया गया जिसमें 25 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। मुख्यमंत्री नि:शुल्क सामूहिक विवाह कार्यक्रममें हिंदू जोड़ों का विवाह संस्कार वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। इस पुनीत आयोजन में विनोद चौहान, एच. पी. गुप्ता, पुष्पा शर्मा, कामेश शर्मा एवं रेखा चौहान सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. दीपक कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गृहस्थ आश्रम सबसे बड़ा आश्रम है। यही वह तपोवन है, जहाँ संयम, सेवा और सहिष्णुता का नियमित अभ्यास करना पड़ता है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को दांपत्य जीवन की जिम्मेदारियों और पारिवारिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया। वैदिक परंपराओं के अनुसार गौरी-गणेश पूजन, कन्यादान, गोदान, हस्तपीत करण, सप्तपदी एवं पाणिग्रहण संस्कार विधिवत संपन्न कराए गए। पूरे परिसर में मंत्रोच्चार और वैदिक वातावरण से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भूपेंद्र चौहान भाजपा जिला अध्यक्ष, पूर्व सांसद मंत्री राजा भारतेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, बी.डी.ओ. दीपक तेवतिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी और नवदंपतियों को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। यह सामूहिक विवाह संस्कार न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा बना, बल्कि समाज में सद्भाव, सहयोग और संस्कारों की भावना को भी मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।

### अधिवक्ता की हत्या से बार एसोसिएशन में उबाल



**धामपुर।** रामपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता फारूक अहमद खान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना को लेकर क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर में भारी आक्रोश देखने को मिला। बुधवार को क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष आर.के. आर्य एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसील धामपुर के माध्यम से सौंपकर दोषियों को फांसी की सजा देने तथा अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। अध्यक्ष आर.के. आर्य एडवोकेट ने कहा कि किसी भी अधिवक्ता पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि लंबे समय से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार धामपुर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष आर.के. आर्य एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा एडवोकेट, उपाध्यक्ष विवेक राज सोनी एडवोकेट, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शाहबाज एडवोकेट, कुणाल गांधी, संकेत अग्रवाल, तालिब, कृष्ण गोपाल, मोहम्मद कैफ, आमिर अंसारी, सरफराज हुसैन, इमरान, आमिर, पुलकित जैन, शाहरुख मलिक, लक्की, अनस सईद, सादान, काजिम सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## हिंदू राष्ट्र की मनोकामना से लाए गंगाजल



**नजीबाबाद।** हिंदू राष्ट्र की मनोकामना लेकर एक पैर से दिव्यांग युवक हरिद्वार से गंगाजल लेकर मुरादाबाद जाने के लिए नजीबाबाद पहुंचा। जहां एक और स्वस्थ आदमी भी लंबी यात्रा करने के लिए घोड़े खच्चर आदि का सहारा लेता है, वहीं अगर मन में श्रद्धा और भक्त हो तो कमजोर व्यक्ति भी यात्रा अपनी इच्छा शक्ति से सफल बना सकता है ऐसा ही एक मामला नजीबाबाद कावड़ यात्रा में देखने को मिला। दरसअल पूरा मामला यह है कि हिंदू राष्ट्र की मनोकामना लेकर एक पैर से दिव्यांग युवक हरिद्वार से गंगाजल लेकर मुरादाबाद जाने के लिए नजीबाबाद पहुंचा तो युवक ने बताया कि वह मुरादाबाद के गांव उदावाला शिव मंदिर थाना भगतपुर का रहने वाला है हिंदू राष्ट्र की मनोकामना के उद्देश्य से वह यह कावड़ यात्रा कर रहा है। इस वर्ष उसकी दूसरी यात्रा है। अगर मोदी योगी का सहयोग रहा तो जल्द ही हिंदू राष्ट्र बन जाएगा। युवक का नाम अमित चौधरी है उसने बताया कि यह हिंदू राष्ट्र के लिए दूसरी कावड़ यात्रा किए जा रही है।

## राशिद हुसैन के एक बार फिर जिलाध्यक्ष बनने की संभावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुराने व संघर्षशील नेता राशिद हुसैन के एक बार फिर सपा जिलाध्यक्ष बनने की संभावना बढ़ती नजर आ रही है। हालांकि पार्टी के लगभग दो दर्जन नेता जिलाध्यक्ष बनने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बार-बार अपना चेहरा दिखा रहे है। कोई मौलानाओं का इस्तेमाल कर रहा है, तो कोई प्रतिनिधिमण्डल लेकर जा रहा है।



प्राप्त समाचार के अनुसार जब से सपा की जिला कमेटी को बर्खास्त किया गया है, तभी से पार्टी के ऐसे नेता व कार्यकर्ता कुछ ज्यादा सक्रिय हो गए है, जो हर हाल में जिलाध्यक्ष बनना चाहते है। दो दर्जन से ज्यादा ऐसे नेता व कार्यकर्ता अपनी हैसियत के मुताबिक लखनऊ और दिल्ली तक भागदौड़ कर रहे है। कोई मौलानाओं को दावतें खिला कर अपने साथ लखनऊ व दिल्ली लेकर जा रहा है, तो कोई ठलवे नेताओं का प्रतिनिधिमंडल ले कर जा रहा है। कई ऐसे दावेदार भी है, जो खामोशी के साथ पार्टी अध्यक्ष से मिल कर अपनी बात रख रहे है।

**जनपद मुख्यालय का तजुर्बेकार जिलाध्यक्ष बनने से फायदा**

सूत्र बताते है कि जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नसरीन सैफी के पति रफी सैफी, झालू नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन व पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, वरिष्ठ नेता जावेद अख्तर (नींदड़ू), समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष हनी फैसल, डॉ. शहबाज (उमरी), हाजी फैसल (नजीबाबाद), साइम राजा, फुरकान अहमद एड., अय्यूब अंसारी आदि शामिल है। कई ऐसे दावेदार भी है, जो अपना नाम जाहिर नहीं होने देना चाहते है। कई ऐसे नेता भी है, जो दावेदारी नहीं कर रहे है, मगर उनका नाम चर्चाओं में है। सूत्र बताते है कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव सभी दावेदारों, उनके समर्थकों एवं मौलानाओं की बातों को ध्यान से सुन रहे है। लेकिन वह न तो अपने पत्ते खोल रहे है और न ही किसी को कोई आश्वासन ही दे रहे है। वह देख रहे है कि किस में कितना दम है। सूत्र बताते है कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नया जिलाध्यक्ष बनाया जाएगा। जो पूरी ईमानदारी के साथ सभी को साथ लेकर चल सके और गुटबाजी पैदा न करें। जिसको जिलाध्यक्ष बनाने से किसी भी समाज में गलत संदेश न जाए। साथ ही अन्य दलों से गठबंधन होने की स्थिति में बेहतर तालमेल बन सकें। साथ ही पूरी तरह से गंभीर हो और जनपद मुख्यालय पर होने वाले आंदोलन का कुशल नेतृत्व कर सकें। सूत्र यह भी बताते है कि पार्टी अध्यक्ष सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जनपद मुख्यालय का ही जिलाध्यक्ष बनाना चाहते है।

दूसरी तरफ पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा है कि पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन को एक बार फिर मौका मिल सकता है। वह लम्बे समय तक पार्टी में जिलाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर रह चुके है। उन्हें संगठन चलाने का तजुर्बा है और उनके नेतृत्व में जनपद में पार्टी ने कई चुनावों में बेहतर प्रदर्शन किया है। सूत्र बताते है कि नेताओं के तो अपने व्यक्तिगत स्वार्थ होते है, मगर आम कार्यकर्ता चाहता है कि राशिद हुसैन को ही जिलाध्यक्ष बनाया जाए।

इधर नए जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा होने में देरी से दावेदार परेशान है। दावेदारों को दावतों और भागदौड़ में मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है। एक मौलाना व समर्थक को दिल्ली व लखनऊ में से किसी एक जगह ले जाने पर एक बार में पांच हजार रुपए के करीब खर्च करने पड़ रहे है। जितने दिन लखनऊ व दिल्ली में रूकना पड़ता है, उतना खर्चा ज्यादा बढ़ जाता है। कई दावेदारों की तो हिम्मत व जेब भी जवाब दे रही है। वह भी चाह रहे है कि जल्दी से जल्दी जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया जाए। वैसे भी एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जिला कमेटी के न होने का पार्टी को नुकसान उठाना पड़ रहा है। पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में न तो जोश दिखाई दे रहा है और न ही वह पूर्व जैसे काम कर पा रहे है। साथ ही दावेदारों ने पार्टी में अलग-अलग गुट भी बना लिए है। पार्टी के पुराने व वफादार कार्यकर्ता और पार्टी से जुड़े आम मतदाता भी इससे निराश है।

## किशोर कांवरती को कुत्तों ने किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ।** हरिद्वार से कांवड़ लेकर गणतव्य की ओर लौट रहे भोले के छोटे भक्त को कुत्तों के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

**प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी**



प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुवार की शाम हरिद्वार से अपने पिता के साथ कांवड़ लेकर लौट रहे जनपद मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा के गांव पिलखपुर गुमानी निवासी लवकुश कुमार 13 वर्ष पुत्र विनीत कुमार जब भूतपुरी स्थित रामगंगा पुल के समीप शिव मंदिर पहुंचे, तो पिता की मौजूदगी में कुत्तों के झुंड ने उसपर हमला कर दिया। पिता विनीत कुमार के शोर मचाने पर अन्य कांवरियों ने लवकुश को कुत्तों के झुन्ड से बचाया। गंभीर रूप से घायल किशोर कांवड़िया को ड्यूटी पर तैनात पुलिस ने तत्काल सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती जहां प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर खालिद अख्तर ने घायल किशोर कांवरियां को रेबीज वैक्सीन इंजेक्शन देकर प्राथमिक उपचार के छुट्टी दे दी।

गौरतलब है कि ब्लॉक अफजलगढ़ क्षेत्र तीन गंभीर समस्याएं हैं। आवारा कुत्तों के हमले, गुलदार के हमले, और बंदरों के हमले जो जनहा. नि के लिए खतरा बनी हुई है। इन तीनों समस्याओं पर जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों ने मौन धारण कर रखा है।

## नगीना का फर्जी समाजसेवी सबसे बड़ा गरीब साबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना का फर्जी समाजसेवी अपनी हरकतों को लेकर आजकल चर्चाओं में है। वह मदद लेने के लिए आने वाले गरीबों व मजलूमों के सामने इस तरह से अपना दुखड़ा सुनाता है कि शायद दुनिया में उससे बड़ा कोई दूसरा गरीब नहीं है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना में एक ऐसा सफेदपोश है, जो चाहता है कि उसे सबसे बड़ा समाजसेवी कहा जाएं। खुद को बड़े समाजसेवी के तौर पर प्रचारित कराने के लिए उसने पांच-पांच सौ रुपए के मेहनताना पर गुर्गे पाल रखे है। यह गुर्गे पूरी तरह से नमक हलाली कर रहे हैं। यह किसी भी मौके पर उसे सब से बड़ा समाजसेवी साबित करने से बाज नहीं आते है। सफेदपोश को भीड़ में सामने देख कर उसके गुर्गे इतनी जोर से लंबा सलाम करते है कि मजबूरन सभी की नजरें उस तरफ हो जाती है। फिर कोई उसके लिए कुर्सी छोड़ता है और कोई रास्ता। सफेदपोश उस वक्त तो महफिल लूट लेता है। मगर गंभीर बात यह है कि जो भी सफेदपोश की हकीकत जानता है, वो उसकी तरफ देखना भी पसंद नहीं करता है। ज्यादातर लोगों को उसकी हकीकत पता है। मदद मांगने के लिए चौखट पर आने वाले गरीबों व पीड़ितों को वह बैरंग लौटा देता है। उनके सामने वह अपनी मजबूरी इस तरह से रख देता है कि उससे बड़ा गरीब कोई दूसरा नहीं है। वह कहता है कि इस सरकार में उसका कारोबार नहीं चल रहा है और रोटी भी बामुश्किल मिल रही है। जब वह यह बात कहते हुए गरीबों को बैरंग लौटाता है, तो कई बार यह जवाब उसे सुनने को मिल जाता है कि रोटी हमसे ले लो।

**पीड़ितों को सुना रहा अपना दर्द**

## ट्रेन से टकराकर युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पीपलसाना रेलवे फाटक के पास बुधवार देर रात एक युवक की ट्रेन से टकराकर दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा रात करीब 11:30 बजे का बताया जा रहा है। हबीबवाला रेलवे स्टेशन मास्टर ने रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना थाना धामपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची।

**परिजनों में मचा कोहराम**

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा कि युवक का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था, शरीर पर कई जगह गंभीर चोटों के निशान थे और कपड़े फटे हुए थे। बायां हाथ भी रक्तरंजित अवस्था में मिला। घटनास्थल का दृश्य बेहद भयावह था। आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने घटना पर दुख जताया।

पुलिस ने शव की तलाशी ली तो जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ, जिसके आधार पर मृतक की पहचान दीपक पुत्र अनिल, निवासी ग्राम बसेड़ा खेमचंद, थाना धामपुर, जनपद बिजनौर के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां शव को देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने परिजनों को सांत्वना देने का प्रयास किया।

पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की कार्यवाही की गई और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई प्रतीत हो रही है। यह आत्महत्या है या दुर्घटना, इस पहलू की भी जांच की जा रही है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ड्यूटी के दौरान बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में इलाज के दौरान होमगार्ड जवान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** होमगार्ड की ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह रात चौकी गोरा बादल पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान उन्हें अचानक चक्कर आने लगे और सीने में दर्द की शिकायत हुई। अस्पताल भर्ती कराया गया। मगर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

होमगार्ड गजराम सिंह (50 वर्ष) पुत्र होरी सिंह निवासी सरकथल साहनी की ड्यूटी गोरा बादल चौकी पर थी। प्रात: उनकी तबीयत खराब होने पर साथी होमगार्ड जवानों और पुलिस कर्मियों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए आयुष्मान हॉस्पिटल में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार शुरू किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ती चली गई और अंतत: उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिवारजनों को पहले ही दे दी गई थी और वे अस्पताल में मौजूद रहे। जवान की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। होमगार्ड विभाग में जवान की मौत से शोक की लहर दौड़ गई है। सहकर्मियों ने बताया कि गजराम सिंह एक अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ जवान थे। विभागीय अधिकारियों ने शोक व्यक्त करते हुए परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सड़क हादसे में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी सवार की दर्दनाक मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार को हुए सड़क हादसे में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारत सिंह (50) पुत्र शिवचरण निवासी शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद नगीना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे गुरुवार को वह इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से अपने घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान ठाकुरद्वारा मार्ग पर एक बैंक्वेट हॉल के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े घटना के बाद आसपास मौजूद राहग.ीरों ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रोते-बिलखते परिजन अस्पताल

## परिजनों में मचा कोहराम

पहुंच गए बताया जा रहा है कि ठाकुरद्वारा मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हादसे होते रहते हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो जाते हैं जिससे पीड़ितों को समय पर न्याय नहीं मिल पाता क्षेत्रवासियों ने सड़क पर नियमित गश्त स्पीड कंट्रोल और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने की मांग की है थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है वहीं ट्रैफिक पुलिस से भी इस मार्ग पर विशेष अभियान चलाकर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठ रही है।

# कब्रिस्तान की जमीन पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## डीएम के सख्त तेवर से मचा हड़कंप, 1919 से दर्ज भूमि पर बुलडोजर कार्रवाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** कस्बा झालू में ईसाई समाज के कब्रिस्तान की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी और निर्णायक कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलवा दिया। जिलाधिकारी को दी गई शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर सीमांकन कराया तथा अवैध निर्माण को जमींदोज कर भूमि को कब्जामुक्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में अफरा-तफरी और भारी भीड़ देखी गई।

बताया जाता है कि संबंधित भूमि वर्ष 1919 से राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। आरोप था कि कुछ लोगों ने इस भूमि पर अवैध रूप से दुकान खड़ी कर वेल्डिंग का काम शुरू कर रखा था। ईसाई समाज के लोगों ने इसे धार्मिक आस्था से जुड़ा मामला बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। राजस्व रिकॉर्ड की जांच कराई गई, जिसमें भूमि कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की श्रेणी में दर्ज पाई गई। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने संयुक्त टीम गठित कर तत्काल मौके पर कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशानुसार तहसील लेखपाल, चकबंदी लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व एसीओ चकबंदी सहित राजस्व अमला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। विधिवत सीमांकन के बाद बुलडोजर मंगवाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर शांति व्यवस्था बनाए रखी। पूछताछ के दौरान कब्जाधारियों ने भूमि को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताया, लेकिन अधिकारी रिकॉर्ड के आधार पर डटे रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राजस्व अभिलेखों में भूमि कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है और पूर्व में नोटिस जारी किए जा चुके थे। तय समय में कब्जा न हटाने पर नियमानुसार धारा 52 के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद ईसाई समाज के लोगों में संतोष का माहौल देखा गया। लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस भूमि पर अवैध कब्जा था, लेकिन अब प्रशासन की सख्ती से न्याय मिला है। प्रशासन ने दो टूक चेतावनी दी है कि सरकारी, ग्राम समाज और धार्मिक स्थलों की भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# एक नजर

## राधा इंटर कॉलेज में फेयरवेल पार्टी आयोजित



**धामपुर।** राधा इंटर कॉलेज अल्हैपुर में कक्षा 12वीं (बॉयज) के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वरिष्ठ विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में छात्रों की प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक श्री रवि कुमार एवं श्रीमती अनु राजपूत द्वारा मां सरस्वती के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद छात्रों द्वारा गीत-संगीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरा सभागार उत्साह और उमंग से भर उठा। फेयरवेल समारोह में दीक्षित कुमार को 'मिस्टर फेयरवेल' चुना गया। उन्हें विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने दीक्षित कुमार को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेश कुमार ने 18 फरवरी से प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों को परीक्षा की तैयारी पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ करने के लिए प्रेरित किया तथा अनुशासन और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर शिवम, वंश, आरुष, नवाजिश, अमान, आरिफ खान, नैतिक, लक्कश पाल, लवकुमार सहित कई छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं एनसीसी कैडेट्स का सहयोग सराहनीय रहा।

## महर्षि देव दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव मनाया



**धामपुर।** वैदिक प्रचार समिति द्वारा महर्षि देव दयानंद सरस्वती जी का 203 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। टीचर कॉलोनी स्थित सत्य धाम धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रातः हवन यज्ञ कर जनकल्याणाथ आहुतियां दी गई। यज्ञ के मुख्य यजमान नरेंद्र गुप्ता एवं माधुरी श्री गुप्ता, डॉक्टर हरीराज सिंह एवं अनीता रानी, संजय रस्तोगी एवं सुमन रस्तोगी, सत्येंद्र शर्मा, आलोक आर्य एवं मीनू आर्य रहे। आचार्य मोहित शास्त्री द्वारा हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाई गई। इस अवसर पर आचार्य मोहित शास्त्री ने बताया कि देव दयानंद का जन्म फागुन मास की कृष्ण पक्ष दशमी तिथि को हुआ था। कार्यक्रम में सत्येंद्र शर्मा सुशील कुमार अखिलेश आर्य प्रमोद आहूजा मास्टर शिव कुमार सुशील रस्तोगी लव गोयल बालक राम आर्य आलोक आर्य हरि ओम अग्रवाल नरेश वर्मा उमा वर्मा मीनू आर्य सुनीता नंदा जितेंद्र पाल सिंह गहलोत राजपुरी आर्य भोपाल सिंह प्रधान रेखा रानी अशोक गोयल अंजलि का लक्ष्मी अग्रवाल माहाश घासीराम आदि शामिल रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित




**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा की उपस्थिति में ग्राम नौरंगाबाद के पंचायत घर में उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम कौशल विकास हेतु युवा के अंतर्गत तृतीय एक दिवसीय शिविर लगाया गया। योग शिक्षिका ज्योति एवं डॉ रेनू सिंह उपस्थित रहीं। शिविर में कार्यक्रम का शुभारंभ अंकुश कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी नौरंगाबाद द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के उपरांत परिणाम घोषित किए गए तथा विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ एवं प्रोत्साहन दिया गया। अनुष्का, मरियम, सायना, सेजल, इफ्फत, अंजलि आदि स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के सफल संचालन में श्री मनोज एवं श्री मती संतोष का सराहनीय सहयोग रहा।

# नीलगायों के आतंक से किसान बेहाल

## रबी की फसलों को भारी नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** फरवरी माह में जब रबी की फसलें पकने के कगार पर होती हैं, उस समय नीलगायों का आतंक किसानों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है।

ग्राम भिक्कावाला, जामुनवाला, मीरापुर, बनियावाला फतेहपुर धारा, कल्लूवाला, मलोनी ग्राम में नीलगायों के झुंड खेतों में घुसकर गेहूं, सरसों, चना व मटर जैसी रबी की फसलों को चौपट कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि कई किसानों की महीनों की मेहनत कुछ ही घंटों में बर्बाद हो जा रही है। स्थानीय किसानों का कहना है कि रात के समय नीलगायों के झुंड खेतों में घुस आते हैं और पूरी फसल को चर कर नष्ट कर जाते हैं। खेतों की बनी मेड़ें तोड़ दी जा रही हैं, जिससे सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। मजबूरी में किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली कर रहे हैं, फिर भी फसलों को बचा पाना मुश्किल हो गया है। किसानों के अनुसार यह समस्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है, लेकिन अब तक न तो वन विभाग और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है।

कई किसानों ने बताया कि फसल नष्ट होने से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कर्ज चुकाना भी कठिन हो गया है। वन्यजीवों व नीलगायों से फसलों की सुरक्षा के लिए प्रशासन तत्काल प्रभावी कदम उठाए। खेतों के आसपास सोलर फेंसिंग लगाई गई, जो नाकाफी साबित हो रही है। जबकि वन विभाग को सिचाई विभाग की कॉलोनी जंगल के किनारे सामूहिक तारबंदी सोलर फेंसिंग की जानी चाहिए। जिससे खेतों की फसलों के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा हो सके। लेकिन वन विभाग ने इसका उल्टा ही किया है। वन विभाग ने कुछ हिस्से पर सोलर फेंसिंग लगाकर वन्य जीवों को रोकने की कोशिश की है, जो ढाक के तीन पत्ते साबित हो रहे है। समय-समय पर बजट को ठिकाने लगाने के लिए काम चलाऊ कार्य कर प्रशंसा बटोरने में लगे रहते है।

जिन किसानों की फसले नष्ट होती हैं, उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ। तो आने वाले दिनों में किसानों का नुकसान और बढ़ सकता है। वन्यजीवों एवं नीलगायों का यह बढ़ता आतंक न केवल खेती बल्कि ग्रामीणों की जानमाल के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है।

# एक नजर

## शिवभक्तों का उमड़ा जनसैलाब



**हल्दौर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गांव पैजनियां चौराहे पर शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों के बम-बम भोले के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु अनुशासन और उत्साह के साथ अपने-अपने गंतव्य की ओर अग्रसर होते दिखाई दिए। कई शिवभक्त कंधों पर भगवान शिव की आकर्षक मूर्तियां सजाकर चल रहे थे, जबकि रंग-बिरंगी और कलात्मक कांवड़ लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। चौराहे पर श्रद्धालुओं की निरंतर आवाजाही से मेले जैसा दृश्य उपस्थित हो गया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी सक्रिय नजर आया। गुरुवार को थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार, पैजनियां चौकी प्रभारी दरोगा कमलेश सिंह यादव, शेर सिंह, सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल शक्ति सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने कांवड़ियों को फल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। महाशिवरात्रि के अवसर पर उमड़ी आस्था और उत्साह ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया, जिससे गांव पैजनियां चौराहा श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बना रहा।

## कांवरती सेवा शिविर आयोजित

**नहटौर।** दक्ष हॉस्पिटल के एमडी डा. एके दक्ष उनकी धर्मपत्नी डा. मनीषा दक्ष, माता फूलवती देवी एवं पुत्री गोल्डिका दक्ष हर वर्ष दक्ष हॉस्पिटल के सामने कांवरती सेवा शिविर आयोजित करते हैं। दक्ष दम्पति द्वारा आयोजित शिविर में भोलो के ठहरने की व्यवस्था के साथ उनकी मनोयोग से सेवा कर धर्म लाभ कमाते हैं। इस वर्ष भी दक्ष दम्पति ने हॉस्पिटल के सामने कांवरती सेवा शिविर का आयोजन किया है। जिसमें वह कांवरियों को फल, चाय आदि भेंट करने के साथ उनका उपचार व दवाइयां आदि वित.रित करते हुए चिकित्सा सेवा भी कर रहे हैं भोले के भक्त उनकी सेवा से प्रसन्न होकर उन्हें अपना आशीर्वाद दे रहे हैं।शिविर में प्रशांत कुमार, पंकज प्रजापति, पवन सैनी मयंक सैनी, इशांत सैनी, राहुल सैनी, विकुल, राजीव कुमार,अलका, आदि दम्पति के साथ भोले की सेवा में जुटे हुए हैं।

## हादसे में कार सवार घायल

**नहटौर।** नहटौर-हल्दौर मार्ग पर वन विभाग की नर्सरी के सामने कार और स्कूटी की भिड़ंत के बाद अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार दो महिलाएं, एक बच्ची और एक पुरुष घायल हो गए हैं। कार सवार कासमपुर लेखराज में गौना करने जा रहे थे। हल्दौर के मौहल्ला खेड़ा के कार सवार परिवार सहित नहटौर क्षेत्र के गांव कासमपुर लेखराज में गौना (वधू आगमन की रस्म) करने के लिए जा रहा था। खुशियों के माहौल में जा रहे इस परिवार की कार गुरुवार की सांय करीब पांच बजे जैसे ही नहटौर-हल्दौर मार्ग पर वन विभाग की नर्सरी के पास पहुँची, तभी सामने से आ रही एक स्कूटी से उसकी टक्कर हो गई। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। जिसमें खेड़ा के शिवम पुत्र महेन्द्र, आंचल पत्नी पिंटू, स्योहारा के बसंतगढ़ की गीता पत्नी विनित, नित्या पुत्री विनित 7 वर्ष घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत कार से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू कराया।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा, इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली धामपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मोहल्ला मुन्नी देवी कॉलोनी, स्योहारा रोड निवासी महेंद्र सिंह (पुत्र बुद्ध सिंह) को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा 11 फरवरी 2026 को शाम करीब 9 बजे उस समय हुआ, जब महेंद्र सिंह अपने घर के बाहर टहल रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्योहारा की ओर से आ रहा अज्ञात वाहन तेज गति और लापरवाही से चलाया जा रहा था। वाहन चालक ने महेंद्र सिंह को जोरदार टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि महेंद्र सिंह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और आसपास के लोग उन्हें तत्काल उपचार के लिए धामपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने जांच के लिए उप निरीक्षक प्रदीप कुमार को नामित किया है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि फरार वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी वाहन चालक की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की जाए। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने पर सख्ती की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हाद.सों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर (बिजनौर)

पत्रांक: 1027/न.पा.परि.चांदपुर/नि.सू./ 2026 दिनांक:- 12 फरवरी, 2026

### निविदा सूचना (द्वारा ई-टेण्डर)

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चांदपुर द्वारा राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से 04 कार्यों को कराने हेतु दिनांक 13.02.2026 से समय प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 27.02.2026 समय 06:00 बजे सायं तक www.etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 13.02.2026 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 27.02.2026 तक सायं 06:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 27.02.2026 को सायं 06.00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। निविदाओं को दिनांक 28.02.2026 को समय 11:00 बजे दिन को खोला जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Reference Number | |
| Publish Date and time for RFP | 13-02-2026 को प्रात: 10:00 बजे |
| Last date and time for Submission of E-Tender | 27-02-2026 को सायं 06:00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 28-02-2026 को प्रात: 11 बजे से |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Palika Parishad Chandpur (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Document Processing | As per Tender List |

नोट:- (1) निविदाकर्ता को निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सापेक्ष पृथक-पृथक 10 प्रतिशत धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी./ डाकघर की बचत पासबुक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चांदपुर के नाम बंधक कराकर निविदा के साथ मूल प्रति से स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है अथवा नगर पालिका परिषद, चांदपुर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा चांदपुर में खाता संख्या 38989775664 (IFSC Code SBIN0001599) में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भी जमा कर सकते है।

**(कु. सलमा नूर हमीदी)** लेखाकार, अके. **(अजय कुमार)** अवर अभियन्ता (सिविल) **(कुनाल रस्तौगी (I.A.S.))** अधिशासी अधिकारी/ ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट **(जीनत परवीन)** अध्यक्ष


# धामपुर शुगर मिल गेट पर इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों का आकस्मिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में बुधवार को धामपुर शुगर मिल गेट पर स्थापित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों (तौलनपटों) का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण 11 फरवरी 2026 को पूर्वाह्न करीब 11 बजे विधिक माप विज्ञान विभाग की मोबाइल वेब्रिज टेस्टिंग वैन के माध्यम से संपन्न हुआ।

निरीक्षण के दौरान विधिक माप विज्ञान अधिकारी प्रशांत त्रिपाठी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित पाण्डेय तथा सचिव गन्ना समिति धामपुर विनोद कुमार सिंह संयुक्त रूप से मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा मिल गेट पर स्थापित सभी इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों की जांच विधिक माप विज्ञान अधिनियम एवं नियमावली के तहत निर्धारित मानक बाटों के माध्यम से की गई। जांच में सभी तौल कांटे निर्धारित मानकों के अनुरूप सही वजन प्रदर्शित करते पाए गए। अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित किसानों को आश्वस्त किया कि गन्ना तौल में किसी भी प्रकार की

## तौल प्रक्रिया पाई गई मानकों के अनुरूप

अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों के हितों की सुरक्षा विभाग की प्राथमिकता है। इस दौरान किसानों ने भी जांच प्रक्रिया को देखकर संतोष जताया। विधिक माप विज्ञान अधिकारी प्रशांत त्रिपाठी ने बताया कि गन्ना किसानों को उनके उत्पाद का पूरा और सही मूल्य दिलाने के उद्देश्य से इस प्रकार की आकस्मिक जांच और क्रॉस वेरिफिकेशन आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना विभाग का दायित्व है और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान धामपुर शुगर मिल के महाप्रबंधक गन्ना ओमवीर, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज कुमार सिंह सहित मिल प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान भी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में हुई इस जांच से किसानों में भरोसा बढ़ा है और तौल व्यवस्था को लेकर व्याप्त आशंकाओं पर विराम लगा है।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र फरजान व उसकी पत्नी सबा उर्फ रूबी एवं दूसरा पुत्र रिजवान व उसकी पत्नी निशाद परवीन निवासी मौहल्ला नौधना, कस्बा व थाना शेरकोट मेरे व मेरी पत्नी फातिमा के साथ बदतमीजी व बदअखलाकी के साथ पेश आ रहे है। इनके द्वारा गाली-गलौच, मारपीट व कलेह की जाती है, जिसकी वजह से मैं व मेरी पत्नी बेहद परेशान है। मैंने व मेरी पत्नी ने अपने दोनों पुत्रों फरजान व रिजवान एवं उनकी पत्नियों से स्थायी रूप से संबंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कार्य व लेनदेन का मैं व मेरी पत्नी जिम्मेदारी नहीं होगी। **शमीम अहमद पुत्र मौहम्मद शफी निवासी मौहल्ला नौंधना, कस्बा व थाना शेरकोट, जिला बिजनौर, उ.प्र. मो. नम्बर** 9758868483

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मयंक महेश्वरी गलत संगत आचरण में पड़ गया है। वह मेरा कहां सुना भी नहीं मानता है। जिससे परेशान होकर मैंने मयंक से अपने समस्त रिश्ते समाप्त करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा तथा मेरे परिवार का मयंक से कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। यदि कोई उससे संबंध रखता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **बबीता पत्नी दिनेश कुमार निवासी मौहल्ला साहूवान, धामपुर, जिला-बिजनौर**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम समित्रा देवी से बदलकर सुमित्रा देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **सुमित्रा देवी पत्नी रामकिशन ग्राम मिट्ठोपुर, बढ़ापुर, जनपद-बिजनौर**

# मौ. शेखान में अल्वी समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा ने शिक्षा व सामाजिक सुधार पर दिया जोर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला शेखान में अल्वी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा को गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में समाज की बेहतरी शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और संगठन को मजबूत बनाने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा ने कहा कि किसी भी समाज की असली ताकत उसकी शिक्षा अनुशासन और एकता में होती है। हमें अपने बच्चों खासकर बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। जब तक हमारा युवा वर्ग शिक्षित और जागरूक नहीं होगा। तब तक समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने समाज से आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आने और सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान किया।

मौहम्मद अकरम अल्वी ने अपने वक्तव्य में कहा कि अल्वी समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें केवल बैठकों तक सीमित नहीं रहना है। बल्कि जमीनी स्तर पर काम करना होगा। शिक्षा रोजगार सामाजिक सहयोग और जरूरतमंदों की मदद हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हम सभी मिलकर एक संगठित और मजबूत समाज का निर्माण करेंगे। बैठक में शादियों में बारात के देर से पहुंचने, फिजूलखर्ची और दिखावे जैसी सामाजिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई। सर्वसम्मति से समय की पाबंदी सादगीपूर्ण विवाह और सामाजिक अनुशासन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया। साथ ही मेधावी छात्रों को सम्मानित करने नशामुक्ति अभियान चलाने तथा जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने का भी प्रस्ताव रखा गया।

इस अवसर पर संरक्षक मलिक अख्तर अल्वी अध्यक्ष राशिद अली अल्वी, उपाध्यक्ष अनीश अल्वी, कुर्बान अल्वी, नजाकत हुसैन अल्वी, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती नीलोफर, मंत्री अथर अल्वी, मौहम्मद जमशेद अल्वी, अमीर उमर अल्वी, महिला मंत्री श्रीमती निषाद कोषाध्यक्ष एड. कमरुज्जमा, मीडिया प्रभारी जुबैर हसन, अर्शी, सदस्य अशरफ अल्वी, शकील अहमद, नफीस अहमद अल्वी, सलीम अल्वी, इशरत अल्वी सहित मौहम्मद यामीन, मौहम्मद राशिद, नसरुद्दीन, विरासत हुसैन, मौहम्मद आरिफ, मौहम्मद इकबाल, मौहम्मद शान खिलाफत, आसिफ अख्तर अल्वी, महमूद अल्वी, मौहम्मद वसीम, इकबाल, अरशद असलम, दिलशाद, नजाकत, हनीफ मौहम्मद शरीफ, सरताज इफ्तेखार, करीब अल्वी, इकरार अल्वी, नफीस अल्वी, फहीम सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में समाज को संगठित, शिक्षित और जागरूक बनाने का संकल्प लेते हुए बैठक का समापन किया गया। उपस्थित लोगों ने विश्वास जताया कि पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा के मार्गदर्शन और मौहम्मद अकरम अल्वी के सक्रिय नेतृत्व में अल्वी समाज नई दिशा और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा।

# कांवड़ती महिला को बंदर ने काटा

**बिजनौर।** मंगलवार को हरिद्वार के मनसा मंदिर में एक महिला कांवड़ती सरिता (25 वर्ष) पुत्री प्रकाश ग्राम रतुपुरा सरकड़ा, पोस्ट रतनपुर, थाना ठाकुरद्वारा की बाजू में बंदर ने काट लिया था। महिला का हरिद्वार के सरकारी अस्पताल में उपचार कराया गया। जहां उसे टिटनेस और एंटी रेबीज वैक्सीन का पहला टीका लगाया गया। बृहस्पतिवार को महिला ने नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के कोर्स के तहत वैक्सीन की दूसरी डोज ली। महिला से बात करने पर उसने समाचार प्रकाशित न करने का आग्रह किया है।

# पुलिस की सख्ती के बाद भी गंगा खादर मार्ग से गुजरे कांवरती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** वैसे तो पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देकर गंगा खादर कांवड़ मार्ग को बंद करा दिया था, फिर भी कांवड़ियों के कई जत्थे इस मार्ग से गुजरते देखे गए।

हरिद्वार से गंगाजल लेकर बड़ी संख्या में कांवड़िए जगजीतपुर, भोगपुर, भीक्कमपुर आदि उत्तराखंड के ग्राम से होते हुए नांगल गंगा घाट पर नाव से गंगा पार कर अपने गंतव्य को जाते हैं, जिससे कांवड़ियों के मार्ग की दूरी 15 किमी तक कम हो जाती है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में कांवड़िये खादर क्षेत्र से गुजर रहे थे। गुलदार प्रभावित क्षेत्र होने के बाद भी वन विभाग का कोई कर्मचारी खादर क्षेत्र में तैनात नहीं है। बुधवार को हरिद्वार प्रशासन से वार्ता कर पुलिस ने शिव भक्तों का आवागमन बंद करा दिया था, इसके बावजूद भी बृहस्पतिवार को कांवड़ियों के कई जत्थे खादर क्षेत्र से होकर गुजरे।

हरिद्वार से गंगा जल लेकर प्रतिदिन सैकड़ों कांवड़िए नांगल और उत्तराखंड के रंजीतपुर के सामने गंगा नदी को नाव के सहारे पार कर अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। बिजनौर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का हवाला देकर उत्तराखंड पुलिस से वार्ता करके इस मार्ग पर कांवड़ यात्रा को बंद करा दिया था, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने गंगा नदी पर चल रही नाव का आवागमन बंद करा दिया है।

सूत्रों के अनुसार गुरुवार को हरिद्वार से जल लेकर सैकड़ों कांवड़ उत्तराखंड के रंजीपुर ग्राम के सामने पहुंचे, लेकिन प्रशासन द्वारा गंगा नदी पर नाव का आवागमन बंद होने के चलते यह कांवड़िए गंगा की धार पार नहीं कर सके।

जिस कारण कांवड़िए उत्तराखंड की सीमा पर भटकते रहे। प्रशासन ने कांवड़ियों का गंगा खादर क्षेत्र आवागमन बंद कराने के लिए गंगा घाट पर पुलिस की तैनाती कर दी है, जिस कारण कोई भी व्यक्ति गंगा पर नाव नहीं चला सका।

# ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक जारी

**कुत्तों ने दर्जनों लोगों को किया घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के आतंक से कोहराम मचा हुआ है। दो दिनों में दर्जनों लोगों को काटकर घायल कर दिया है। जिन्हें सीएचसी अफजलगढ़ व पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा एंटीरेबिज इंजेक्शन लगाकर उपचार किया।

मंगलवार व बुधवार को मात्र दो दिनों में लगभग डेढ़ दर्जन बच्चों, बूढ़ों व जवानों को आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बना लिया। जिनमें गुड्डी (45 वर्ष) सीरियावाली चक, लवी कुमार (छह वर्ष) नारायनवाला, शाकिर (50 वर्ष) कासमपुर गढ़ी, कपिल (30 वर्ष) तिरलोकपुर, राजेंद्र (46 वर्ष) रायपुर, पुष्पा देवी (35 वर्ष) शाहपुर जमाल, मनीष व महेश (30 वर्ष) जोगीपुरा, अमृत (दो वर्ष) सलावत नगर, प्रेम शीला (30 वर्ष) अफजलगढ़, सुखविंदर (21 वर्ष) कादराबाद, आवारा कुत्तों ने राधिका तुरतपुर, पवन कुमार भिक्कावाला, लक्की अलियारपुर, किशन नेगी कादराबाद, अकिंत सिंह कल्लूवाला, सौरभ कल्लूवाला, अहान हिदायतपुर टांडा, रियान मानियावाला को काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों का चिकित्सक ने सीएचसी पीएचसी पर एंटीरेबिज इंजेक्शन लगाकर उपचार किया।

गौरतलब है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते लगातार आवारा कुत्तों के झुंड नगर व ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों, बूढ़ो, नौजवानों को अपना शिकार बना रहे हैं। अभिभावक अपने छोटे बच्चों को अपनी कड़ी सुरक्षा के दरमियां स्कूल वाहनों तक छोड़कर आ रहे हैं। जिसको लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। खण्ड विकास अधिकारी मनवीर सिंह लगातार कुत्तों को पकड़वाने की बात तो करते हैं, परंतु अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाए हैं। जिसको लेकर क्षेत्र की जनता में आक्रोश है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होने की है आवश्यकता: चंद्रहास

## पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता के लिए विद्यालयों एवं कार्यालयों में संपर्क



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर आज जनपद के विद्यालयों एवं कार्यालयों में बैठक शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष राजेश रवि एवं विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लौकेन्द्र चौधरी सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव के नेतृत्व में संपर्क किया।

इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता के लिए सहयोग एवं समर्थन व अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर दोनों बजट से शिक्षकों एवं कर्मचारियों के निराशा हाथ आई हैं संगठित होकर संघर्ष करेंगे तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। आदि से किया गया। 15 फरवरी को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर इंदिरा बाल भवन पहुंच कर पुरानी पेंशन बहाली की मजबूत हुंकार भरे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर ईमानदारी से संघर्षरत है। 15 फरवरी को हमें इंदिरा बाल भवन पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के मनोबल को मजबूत करने का कार्य करना है।

# डिवाइडर से टकराई कार, चार युवक बाल-बाल बचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना चौराहे से आगे कोऑपरेटिव बैंक के पास बुधवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। काशीपुर से रेलवे स्टेशन धामपुर की ओर आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गई और पास लगे बिजली के पोल से जा टकराई।

हादसा इतना तेज था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में चार युवक सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि कार में सवार सभी युवक सुरक्षित रहे और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर थाना धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया गया, जिससे यातायात सुचारु हो सका। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार या चालक का नियंत्रण खो देना प्रतीत हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर रात के समय तेज गति से वाहन चलाए जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से इस स्थान पर स्पीड ब्रेकर या संकेतक लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा सीसीटीवी निगरानी में शुरू

## दो पालियों में हो रही परीक्षा, सेक्टर व स्टैंडिंग मजिस्ट्रेट कर रहे मॉनिटरिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नजीबाबाद स्थित हिमालयन पब्लिक इंटर कॉलेज में मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं कड़ी निगरानी के बीच आयोजित की जा रही हैं। नकल विहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। परीक्षाएं नौ फरवरी से 14 फरवरी तक दो पालियों में संचालित हो रही हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षा प्रतिदिन सुबह आठ बजे से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है, जबकि सीनियर सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक संपन्न कराई जा रही है। बुधवार 12 फरवरी को आयोजित परीक्षा में कुल 272 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र प्रशासन ने बताया कि शेष विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान केंद्र पर सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की विशेष निगरानी रखी जा रही है।

परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट दीपक तेवतिया खंड विकास अधिकारी, नजीबाबाद और स्टैंडिंग मजिस्ट्रेट जयप्रकाश (एडीओ पंचायत) लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। दोनों अधिकारी समय-समय पर कक्षों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।

केंद्र व्यवस्थापक दुष्यंत सिंह, जो हिमालयन पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हैं, परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उनके साथ सहायक केंद्र व्यवस्थापक मौलाना सलीम अहमद, मौहम्मद शाहनवाज, मौहम्मद दिलशाद, गोविंद सिंह और मौहम्मद सादिक भी व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं। केंद्र प्रशासन के अनुसार परीक्षा कक्षों में पर्याप्त दूरी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षित वितरण व्यवस्था और परीक्षार्थियों की सघन जांच सुनिश्चित की जा रही है।

इस परीक्षा केंद्र पर कुल 11 मदरसों के छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। इनमें साहनपुर भागूवाला, जोगीरम्पुरी, समीपुर, नजीबाबाद, करमसखेड़ी, हुसैनपुर और नवादा सहित आसपास के क्षेत्रों के मदरसे शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जा रही है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए प्रत्येक कक्ष की निगरानी की जा रही है, जिससे नकल की किसी भी संभावना को समाप्त किया जा सके। मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग और प्रशासनिक अधिकारी लगातार सक्रिय बने हुए हैं।

# चार सगे भाइयों के खिलाफ दी तहरीर

**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव पीपला जागीर निवासी लियाकत ने अपने चार सगे भाइयों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर देकर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।इस दौरान उसके सगे भाई नसीम अहमद रईस अहमद राशीद और फहीम पुत्रगण इदरिस घर में घुस आए और उस पर हमला कर दिया उन्होंने लाठी डंडों से हमला कर जान से मारने की नियत से लियाकत की पिटाई कर दी हमलवारों ने घर के बाहर खड़ी लियाकत हुसैन की भाभी के साथ गाली-गलौच भी की और उसके वालिद वालिदा को गंदी गंदी अपमानित किया। उन्होंने घर के बाहर बाहर खड़ी मोटर साइकिल भी तोड़ दी दबंगों ने मारपीट और तोड़फोड़ के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए पुलिस ने लियाकत की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है थाना प्रभारी विकास कुमार तेवितिया ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ग्राम प्रधान व पंचायत सचिवों की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने पर मंथन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकासखंड अल्हेपुर में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिवों के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी एम.एल. त्रिवेदी द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि नीरज प्रताप सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीओ पंचायत अनिल कुमार एवं ग्राम प्रधान संघ की अध्यक्ष संध्या सिंह ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यशाला के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों को पंचायत स्तर पर शिक्षा, स्वच्छता, बाल शिक्षा, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं, मिड-डे मील, ऑपरेशन कायाकल्प, डीबीटी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला में बताया गया कि गांवों के समग्र विकास के लिए ग्राम प्रधानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पंचायतों के माध्यम से स्कूलों को बेहतर बनाने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन और शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष संध्या सिंह सहित अन्य अतिथियों ने पंचायत स्तर पर शिक्षा और विकास कार्यों में समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रधानों, पंचायत सचिवों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने कार्यशाला को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे पंचायतों को विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन में मार्गदर्शन मिलेगा।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। आयोजन के सफल संचालन में कार्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# गंगाजल लेकर स्वयंभू मोटा महादेव पहुंच रहे हजारों कांवरती

**महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ वातावरण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** फाल्गुन माह की महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ जारी है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे हजारों शिवभक्त स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के गगनभेदी जयकारों से पूरा इलाका गुंजायमान है। भगवा वस्त्र धारण किए कांवड़िए कंधों पर कांवड़ लेकर आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। कांवड़ की घंटियों की मधुर ध्वनि और शिवभक्तों के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। पूरा मार्ग शिवमय दिखाई दे रहा है। यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंडावली पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार स्वयं यात्रा की निगरानी में जुटे हैं और लगातार पुलिस बल के साथ व्यवस्था संभाल रहे हैं। क्षेत्राधिकारी (सीओ) नितेश कुमार ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यात्रा मार्ग और मंदिर परिसर की 24 घंटे निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कांवड़ यात्रा मार्ग पर डायवर्जन लागू किया गया है। भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है और वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। स्वयंभू मोटा महादेव सिद्धपीठ सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है। प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लगातार व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहा है। इस वर्ष यात्रा में युवाओं के साथ-साथ महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मंगलवार को नजीबाबाद और चांदपुर से भी कांवड़ियों की टोलियां गुजरती देखी गईं। रास्ते भर स्थानीय लोग पुष्पवर्षा और स्वागत कर शिवभक्तों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। हरिद्वार से गंगा. जल लेकर लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए हर वर्ष की तरह इस बार भी भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है। बुलंदशहर के जहांगीराबाद निवासी श्रद्धालु सियाराम सिंह, सतपाल वालियान, दयानन्द लोधी, कलवा, जगन्न सिंह, रूपचंद, अजय, डॉ. सतीश, ओमपाल और पूरन पिछले 27 वर्षों से सेवा भाव से भंडारा आयोजित कर रहे हैं। इस वर्ष भी आठ फरवरी से भंडारा निरंतर चल रहा है। जहां श्रद्धालुओं को भोजन और विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। महा. शिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र पूरी तरह आस्था, उत्साह और भक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

## एक नजर

### इलेक्ट्रॉनिक तौलनपटों का आकस्मिक निरीक्षण



**अफजलगढ़।** नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में कल दोपहर द्वारिकेश शुगर मिल बहादरपुर के मिल गेट पर स्थापित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक तौलनपटों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण विधिक माप विज्ञान विभाग की मोबाइल वेब्रिज टेस्टिंग वैन के माध्यम से संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान विधिक माप विज्ञान अधिकारी प्रशांत त्रिपाठी, सचिव गन्ना समिति साहब सिंह सत्यार्थी उपस्थित रहे। जांच के अंतर्गत तौलनपटों का परीक्षण विधिक माप विज्ञान अधिनियम एवं नियमों के तहत निर्धारित मानक बाटों द्वारा किया गया, जिसमें तौलनपट निर्धारित मानक सीमाओं के अनुरूप शुद्ध वजन प्रदर्शित करते पाए गए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि गन्ना किसानों के हितों के दृष्टिगत एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार की संयुक्त एवं क्रॉस जांच निरंतर समय-समय पर की जाती रहेगी। निरीक्षण के दौरान मिल गेट पर अनेक कृषक बंधु, मुख्य महाप्रबंधक गन्ना उमेश कुमार सिंह, लवकुश सिंह, अनिल कुमार सिंह, कुंदन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मिस फेयरवेल इशिका व मिस्टर फेयरवेल देव रहे



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजीबाबाद रोड कोतवाली देहात में फेयरवेल पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन हुआ। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये। इसके बाद रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर, हरियाणवी डांस, बॉयज मैशअप शक्तिमान स्टाइल डांस किया। मिस फेयरवेल ईशिका गंगवाल और मिस्टर फेयरवेल देव कुमार रहे। मिस्टर पर्सनालिटी अलतामश मिस पर्सनालिटी पावनी रहे। मिस्टर हैंडसम मोहम्मद हादी मिस ब्यूटीफुल वंशिका कुमारी रही। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह ने सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद व स्नेह दिया। छात्र अदीब शमशी ने अपने गीत से सभी को भावुक कर लिया। कार्यक्रम का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया। अंत में सभी विजेता छात्र एवं छात्रों को क्राउन व सैशे से पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रितु, नौशाद, बालेश कुमार, कृष कुमार, मंतोष कुमार का विशेष योगदान रहा। अंत में प्रधानाचार्य ने बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और कार्य का समापन हुआ।

### अवैध मिट्टी खनन की ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी




**हल्दौर।** कूकड़ा चुंगी के समीप कुछ लोगों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने की सूचना राजस्व विभाग को मिली थी। सूचना मिलते ही लेखपाल चंद्रप्रकाश पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम को देखकर ट्रैक्टर चालक मौके से भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर तीनों वाहनों को पकड़ लिया। जांच के दौरान ट्रैक्टर चालकों से मिट्टी खनन एवं परिवहन से संबंधित वैध प्रपत्र और अनुमति पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वे कोई भी अधिकृत दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसके बाद पुलिस ने एक नाबा. लिग किशोर सहित संबंधित लोगों को हिरासत में ले लिया। लेखपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी

# सीओ डॉ. अंजनी चतुर्वेदी ने कांवड़ियों की सुरक्षा को बताया पुलिस की प्राथमिकता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। कांवड़ मार्गों पर लगातार पुलिस अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

नगर के विभिन्न मार्गों से कांवड़िए गुजर रहे हैं। जिसको लेकर पुलिस तैनात है। साथ ही सड़कों से अतिक्रमण के रुप में खड़े होने वाले ठेलों को भी हटवा दिया गया है। इसके अलावा मंदिर व अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास भी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

फाल्गुन कांवड़ यात्रा के चलते बुधवार को सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों ने सड़क पर डेरा डाल दिया है। नगर व देहात क्षेत्रों की सड़कों पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करते हुए खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि कांवड़ मार्गों पर कोई खामी नहीं मिली है। कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से गड्ढे भर दिए गए हैं। इसके अलावा सड़क किनारे खुली हुई मांस की दुकानों को भी बंद करवा दिया गया है। वहीं बुधवार को उन्होंने कोतवाली प्रभारी और संबंधित चौकी इंचार्जों के साथ सड़कों पर सुरक्षा की जांच पड़ताल की। उन्होंने नगर के बढ़ापुर रोड, बुंदकी रोड, विश्नोई सराय, रामलीला मार्ग, मेन बाजार, जामा मस्जिद मार्केट, पहाड़ी दरवाजा, सर्राफा बाजार आदि स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। साथ ही नगर के विभिन्न मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष निगाह रखी जा रही है। इन स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सादी वर्दी में भी पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं सेंट मैरी तिराहे पर कांवड़ियों के सैलाब को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। इसके अलावा खुफिया विभाग की टीमें भी बाजार व भीड़भाड़ वाले स्थानों की जांच पड़ताल कर रही हैं।

सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि कांवड़ की सुरक्षा को पुलिस एक चुनौती मान रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दी गई है। वहीं लोगों से भी अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

# लोकसेवक को छवि धूमिल करने का नहीं अधिकार: उठवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उपजिलाधिकारी द्वारा कार्यालय ज्ञापन जारी कर अधिवक्ताओं पर फाईलों की फोटो खींचकर उसे एडिट कर आदेशों में तारीख बदलने का आरोप तूल पकड़ने लगा है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने इसे अधिवक्ता समाज का अपमान और छवि धूमिल करने का आरोप लगाकर अवमानना नोटिसा दिया है।

## अधिवक्ता ने उपजिलाधिकारी को दिया कानूनी नोटिस

वरिष्ठ अधिवक्ता डा. अमित कुमार उठवाल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कहा कि किसी भी लोकसेवक को अधिकार है कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचरियों एवं न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों को निर्देश जारी कर कह सकते हैं कि किसी भी फाइल या अन्य दस्तावेज का किसी भी अधिवक्ता या आमजन को मोबाइल से फोटो नही करायेगा, ना छाया प्रति करायेगा और कच्ची पेंसिल से ही मुआयना करायेगा लेकिन कार्यालय ज्ञापन जारी करके सम्पूर्ण अधिवक्ता समाज पर निराधार रूप से गंभीर एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने का अधिकार किसी भी लोकसेवक को नहीं है। उन्होने कहा कि उपजिलाधिकारी रामानुज जी ने एक कार्यालय ज्ञाप जारी कर कहा की अधिवक्ता फाइलों का फोटो खींच कर उसे एडिट करके अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्लैक मेल करते हैं। साथ ही फाइलों, आदेशों मैं डेट बदलने का प्रयास भी करते हैं उपजिलाधिकारी का यह वक्तव्य दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से सम्पूर्ण अधिवक्ता समाज की छवि को धूमिल करने का प्रयास करते हुए अधिवद्रा समाज की. मानहानि की है उसके लिए उपजिलाधिकारी सम्भल रामानुज जी को कानूनी नोटिस प्रेषित किया गया है। अधिवक्ता समाज की छवि को धूमिल करने का प्रयास करते हुए मानहानि करने के लिए लिखित मै खेद व्यक्त कर भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना करने का आश्वासन नहीं देने पर मानहानि. का आपराधिक एवाद दायर करने की चेतावनी दी है।





सम्भल। रामपुर में अधिवक्ता फारूख अहमद खां की गोली मारकर हत्या के विरोध में सम्भल में प्रदर्शन करते वकील गुन्नौर में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर हत्यारे पर एनएसए लगाने की मांग करते।

# महिषवंशीय पशु चोरी में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पशु चोरी के आरोप में दो के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। जबकि पशु चोरी से गांव में भय का माहौल है। थाना धनारी क्षेत्र ग्राम बालू पटटी में पशु चोरों ने एक किसान के घेर से दो भैंस खोल लीं और फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। पशु स्वामी सत्यपाल पुत्र ऐदल सिंह ने बताया कि 10 फरवरी की रात अज्ञात चोर उसके घेर में घुसे और दोनों भैंस चोरी कर ले गए। पीड़ित ने ग्राम सौधन निवासी नासिर और बमनपुरी निवासी राजेश सहित कुछ अन्य लोगों पर पशु चोरी करने का शक किया है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ती पशु चोरी की घटनाओं से किसान परेशान हैं। वहीं पीड़ित ने थाना धनारी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रामपुर में अधिवक्ता की हत्या पर वकीलों में उबाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/बबराला।** रामपुर में अधिवक्ती की गोली मारकर हत्या से प्रदेश भर के साथ जिले के वकीलों में भी उबाल है। हत्या के विरोध में जिले भर के वकील सड़क पर आ गए। अधिवक्ताओं ने प्रर्दशन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर हत्या की निष्पक्ष जांच और कार्यवाही के साथ अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करने की मांग की।

जिले भर की तहसीलों और अदालतों में काम कर रहे अधिवक्ता रामपुर में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सड़क पर उतर आए। अधिवक्ताओं ने ज़ोरदार प्रर्दशन करते हुए हत्सा पर गहरा रोष प्रकट किया। जिला सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने रामपुर बार एसोसिएशन के सदस्य फारूक अहमद एड; की गोली मारकर नृशंस हत्या पर गहरा रोष प्रकट किया। जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने दिवंगत आतमा की शांति को दो मिनट का मौन रखा। जबकि हत्या के विरोध में अदालतों में कार्य नहीं किया। इसके साथ अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर अधिवक्ता फारूक अहमद के हत्यारे पर एन एस ए की कार्रवाई करने और फारूख अहमद के परिवार को एक करोड़ रूपये की सहायता सरकार से देने की मांग की। साथ अधिवक्ताओं की सुरक्षा को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाज़ी भी की। बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार गुन्नौर को दिया। ज्ञापन में जनपद रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद खान की नृशंस हत्या एवं पडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के संबंध में मांग की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि जनपद रामपुर में साथी अधिवक्ता फारूक अहमद खान की 11 फरवरी को गोली मारकर की गई हत्या की निष्पक्ष जांच हो एवं दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर मांग करती है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं के साथ हो रही घटनाओं की घोर भर्त्सना की गयी। बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव व महासचिव सुरेश यादव ने मुख्यमंत्री से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल प्रभाव से उत्तर प्रदेश में लागू किये जाने की मांग की। जिससे अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान विजय यादव, होशियार सिंह, अमित शर्मा, मन्नू सिंह, यादवेंद्र सिंह, सुनील कुमार आदि रहे।

## प्रदर्शन कर सीएम के नाम सौंपे ज्ञापन

# हर संकट में व्यापारी वर्ग देशहित को देता है प्राथमिकता

## अ.भा.उ. व्यापार मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्पूर्ण बैठक का आयोजन कर नए सदस्यों को जोड़ने और व्यापारियों के हितों की रक्षा करने व भावी योजनाओं को धार देने पर ज़ोर दिया।

सूरज प्लाजा के निकट अध्यक्ष हर्षित शर्मा 'हनी' के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने तथा नए सदस्यों को जोड़ने, व्यापारियों के हितों की रक्षा करने और भावी योजनाओं को धार देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में व्यापारियों के साथ हो रहे उत्पीड़न के मामलों को खुलकर उठाया और इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। प्रदेश संगठन मंत्री गौरी शंकर चौधरी ने कहा कि व्यापारी समाज देश की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज वह मजबूत कड़ी है जो सरकार और समाज के बीच सेतु का काम करती है। यह वर्ग राजस्व वृद्धि के माध्यम से देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने व्यापारियों की देशभक्ति और त्याग की भावना को याद करते हुए कहा कि हर संकट की घड़ी में व्यापारी वर्ग ने अपने हितों से ऊपर उठकर देशहित को प्राथमिकता दी है। उन्होंने संगठन के माध्यम से व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करने का आहवान किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हर्षित शर्मा 'हनी' ने व्यापारियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, व्यापारी देश के लिए धन, रोजगार और प्रगति के सशक्त माध्यम हैं। वे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि देश को वैश्विक मंच पर भी जोड़ते हैं। बैठक में कहा गया कि संगठन अब नए सदस्यता अभियान और व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ ठोस कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सम्भल इकाई व्यापारियों के हितों की रक्षा और देश की आर्थिक प्रगति में योगदान देने के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर प्रतीक गुप्ता, गौरव अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, रजत रेवड़ी, अंकित गुप्ता,अक्षय गुप्ता, आकाश अग्रवाल, वैभव छाबड़ा, दीपक गुप्ता,पुष्कल गुप्ता, अर्चित गुप्ता, गुरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



सम्भल-अखिल भारतीय व्यापार मंडल की बैठक में बोलते व्यापारी।

# रोडवेज बस चालक ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पत्नी से विवाद में पति आहत हो गया। रोडवेज बस चालक कमरे में जाकर फांसी के फंदे पर झूल गया। उसकी मौत हो गयी। थाना राय रायसत्ती क्षेत्र के मोहल्ला डूंगर सराय निवासी मुरसलीन उर्फ छोटा उर्फ सलमान पुत्र दुलारा रोडवेज में बस चालक के पद पर तैनात था। परिजनों के अनुसार बुधवार की रात मुर्सलीन अपने कमरे में गया था। देर तक बाहर न आने पर परिजनों को शक हुआ। जब कमरे का दरवाजा खोला गया तो उसका शव पंखे से दुपटटे के सहारे फंदे पर लटका मिला। यह दृश्य देख घर में कोहराम मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर थाना राय रायसत्ती पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और परिजनों व मोहल्ले के लोगों से पूछताछ की। मोहल्ले वासियों का कहना है कि मृतक का अपनी पत्नी से अक्सर घरेलू विवाद होता रहता था। चर्चा है कि पति-पत्नी के बीच चल रहे तनाव और आपसी झगड़ों के कारण मुसर्लीन ने यह कदम उठाया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। घटना से मोहल्ले में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कृषि क्षेत्र संकट में डाल रही सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के गुन्नौर विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि सबसे दुखद बात यह है कि सरकार प्रदेश की सबसे बड़ी आबादी को रोजगार देने वाले व कृषि क्षेत्र के लिए संकट पैदा कर रही है।यह बजट जनहित से दूर है।किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ठोस प्रावधानों की आवश्यकता है। युवाओं को नोकरी नहीं दी जा रही है। महंगाई रोकने के कोई उपाय नहीं किये जा रहे हैं।

# 1842 मोतियाबिंद के रोगियों की सर्जरी से जीवन में आई नई रोशनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रोजेक्ट नेत्र वसंत के अंतर्गत अंधात्वकारी मोतियाबिंद मुद्र ग्रामों का अभिनंदन तथा ग्राम प्रधानों एवं प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित प्रोजेक्ट नेत्र बसंत जनपद सम्भल जुनावाई ब्लॉक में शुरू किया गया था। ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य परियोजना जिसे चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के सहयोग एवं साइट सेवर्स इंडिया के द्वारा शुरू किया गया और सी एल गुप्ता नेत्र संस्थान मुरादाबाद के द्वारा सफलतापूर्वक लागू किया गया। परियोजना की शुरुआत जून 2025 में की गई, जिसका लक्ष्य था घर-घर जाकर प्राथमिक नेत्र जांच के माध्यम से आंखों की जांच करना एवं नेत्र जांच शिविरों का आयोजन कराना शिविरों के माध्यम से जिन लोगों में मोतियाबिंद की पहचान हुई उन्हें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराकर उनकी सफल सर्जरी की गई।उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत ऐसे लोगों तक पहुंच बनाई गई, जिनकी दोनों आंखों में मोतियाबिंद के कारण अंधत्व बढ़ रहा था। ऐसे बीएलबीसी रोगियों को संभव उपचार देकर उन्हें अंधत्व से छुटकारा दिलाया गया साथ ही उन गांवों को जहां बीएलबीसी की श्रेणी में अब कोई मरीज नहीं आता बीएलबीसी फ्री घोषित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा की इस संपूर्ण परियोजना में ग्राम प्रधानों का विशेष योगदान रहा इसी के अंतर्गत 94 आशा कार्यकर्ताओं को इस प्रोजेक्ट की ट्रेनिंग देकर उन्हें इस प्रोजेक्ट में सहभागी बनाया गया सी एल गुप्ता नेत्र संस्थान की आउट रिच टीम एवं आशा बहनों ने मिलकर 21037 से भी ज्यादा लोगों की निशुल्क नेत्र जांच की एवं पाए गए 1842 मोतियाबिंद के मरीजों की सर्जरी करवाने में सफलता हासिल की। जिलाधिकारी ने कहा कि 5 वर्ष का यह प्रोजेक्ट आगामी समय में जनपद को मोतियाबिंद मुक्त करने में सक्षम होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि नेत्र परीक्षण कराने हेतु लोगों को निचले स्तर पर अधिक से अधिक जागरूक किया जाए जिससे उनका सही उपचार किया जा सके। संस्थान की ट्रस्टी शिखा गुप्ता ने बताया कि हमारे प्रस्तावित आंकड़ों से या निर्धारित किए गए लक्ष्य से कहीं ज्यादा स्क्रीनिंग एवं सर्जरी हमारी टीम के द्वारा करवाई गई जो कि काबिले तारीफ है संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डा. आशी खुराना ने बताया कि बढ़ता अंधापन समाज एवं समुदायों के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती भी है और एक बोझ भी है। साथ ही राष्ट्र की उन्नति के लिए यह जरूरी है कि सही उपचार सही समय पर ग्रामीण अंचल तक पहुंच सके इसी उद्देश्य से हमारा नेत्र बसंत प्रोजेक्ट सूनी आंखों में रोशनी लाने का काम कर रहा है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी निर्देशों के क्रम में 35 गांव के प्रधानों को सम्मान पत्र देकर उनके गांव को बीएलबीसी फ्री घोषित किया गया तथा 94 आशा बहनों को ट्रेनिंग प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। साथ ही यह भी घोषणा की गई के प्रथम चरण में जुनावई ब्लॉक के गांव पर कार्य किया गया एवं अगले माह से गुन्नौर ब्लॉक में नेत्र बसंत प्रोजेक्ट की सेवाएं लागू की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोजेक्ट हेड लोकेश चौहान, आउट रीच मैनेजर सत्य प्रकाश शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर सौरभ राज सिंह, सीनियर कोआर्डिनेटर रवि श्रीवास्तव, आयुष भटनागर, शान ए आलम का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर सीएमओ डा. तरुण पाठक, एसीएमओ डा. पंकज विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# ग्लास के विवाद में मासूम पर फावड़े से हमला, लहूलुहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ग्लास मांगने को हुई कहासुनी खूनी हो गयी। आमने-सामने आए दोनों पक्षों में एक पक्ष ने पांच वर्षीय मासूम पर फावड़े से प्रहार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

थाना हयातनगर क्षेत्र के ग्राम दातावली निवासी गुलजारी और अंकित साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान अंकित ने गुलजारी के परिवार से एक गिलास मांगा। आरोप है कि गुलजारी की पत्नी लज्जावती और बेटी शीतल ने गिलास देने से मना कर दिया, जिस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। हालांकि उस समय मामला शांत हो गया। लेकिन गुरुवार को यह विवाद फिर सामने आ गया। आरोप है कि गुलजारी के पुत्र ने बदले की नीयत से अंकित के पांच वर्षीय पुत्र अनीश पर फावड़े से हमला कर दिया। फावड़े का वार सीधे अनीश के सिर पर लगा, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों ने आनन-फानन में बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। अंकित की पत्नी रेखा अपने घायल बेटे अनीश को लेकर जिला अस्पताल पहुंचीं, जहां डाक्टरों ने उसका मेडिकल परीक्षण किया। रेखा ने थाना हयातनगर में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हवन में आहूति देकर मनाई चौ. अजीत सिंह की जयंती

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय लोकदल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती पर हवन पूजन कर नमन किया और उनके आर्दशों पर चलने का संकल्प लिया।

बहजोई रोड स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क पर हवन पूजन कर पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ. अजीत सिंह को नमन किया। जबकि कार्यकर्ताओं नें उनके आदर्शों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर किसान हित, युवाओं के रोजगार, सामाजिक न्याय एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प दोहराया गया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी अजित सिंह का जीवन सादगी, सिद्धांत और संघर्ष की मिसाल है, जिस पर चलना ही सच्ची श्रृद्धांजलि है। जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास ने कहा कि चौधरी अजित सिंह ने किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग के हितों को सर्वोपरि रखा। उन्होंने नीतिगत निर्णयों में जमीन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी। स्पष्ट सोच, ईमानदार नेतृत्व और संवाद आधारित राजनीति उनकी कार्यप्रणाली की पहचान रही। युवा क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज चौधरी एडवोकेट कहा कि चौधरी अजित सिंह का पूरा जीवन संघर्ष, ईमानदारी और जनसेवा की प्रेरणा है। राष्ट्रीय लोकदल उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए किसान, मजदूर और वंचित वर्ग की आवाज को पूरी ताकत से उठाता रहेगा। इस अवसर पर किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रही हैं। युवा जिला अध्यक्ष विमल चौधरी रोहिलखंड क्षेत्रीय महासचिव आरेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह समीर अली फहीम खान खलील अहमद आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- चौ. चरण सिंह पार्क में चौ. अजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते।

## यूपी में इलैक्ट्रॉनिक वाहनों को मिला बढ़ावा: प्रजापति

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने विधानसभा में वर्ष का बजट पेश करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया है। इसी क्रम में राज्य के बस स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग सुविधाा विकसित करने के लिए 50 करोड़ रुपये का अलग से प्रावधान किया गया है। भाजपा नेता धर्मेन्द्र प्रजापति ने कहा कि सरकार का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, प्रदूषण कम करना और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाना है। चार्जिंग स्टेशन की सुविधा उपलब्ध होने से ई-बसों और निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को गति मिलेगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ यात्रियों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। बजट में हरित परिवहन ढांचे को मजबूत करने की दिशा में उठाए गए इस कदम को राज्य में सतत विकास।




बबराला-हिंदू सम्मेलन को सम्बोधित करते स्वामी यशवीर।

# आपसी फूट समाप्त कर अपनी संख्या बढ़ाए हिंदू समाज: यशवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर में हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हिंदू समाज अपना भेदभाव भुलाकर एक होने और आपसी फूट समाप्त कर अपने समाज की संख्या बढ़ाने में योगदान देने पर ज़ोर दिया।

नगर गुन्नौर में अस्पताल के सामने, रविवार बाजार मैदान गुन्नौर पर हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अनिल मुख्य वक्ता ने कहा कि हिंदू समाज अपना भेदभाव भुलाकर एक हों। हिंदू समाज जब एकजुट होगा तभी वह तीव्र विकास की ओर अग्रसर होगा, नहीं तो सभी इसका लाभ उठाते रहेंगे। मुख्य अतिथि पीठाधीश्वर योग आश्रम बघरा, मुजफ्फरनगर स्वामी यशवीर ने कहा कि हिंदू समाज अपनी जनसंख्या बढ़ाने को बच्चों की संख्या बढ़ाए। हिंदू समाज अपनी आपसी फूट को समाप्त कर अपने समाज की संख्या बढ़ाने में योगदान दे। जब आपकी संख्या अधिक होगी तब आपकी आवाज मजबूती से उठेगी। समाज की संख्या कम न हो, बढ़ती ही जाए। विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता डा. प्रतिभा सारस्वत ने कहा कि हिंदू सम्मेलन में आए हुए सभी लोग यह प्रण करें कि हिंदू समाज के लिए वह अपना तन मन धान से योगदान देंगे। जिससे समाज विकसित विकसित रूप लेता जाए। सभी आपसी समस्याओं का समाधान आपस में कर निपटा दें। समाज की समस्याओं का समाधान करें। हिन्दू सम्मेलन का आयोजन समिति न्याय पंचायत रसूलपुर (गुन्नौर)द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुवनेश कुमार ने की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गुन्नौर पति धर्मेंद्र प्रजापति,कुमोद वार्ष्णेय, जूलियस सीजर, प्रदीप कुमार उर्फ टीटू, इंदीवर सिंह, महीपाल सिंह, हरेश बाबू शर्मा, विद्याराम पाल आदि रहे।

## महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी।परिजन 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए।जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। महिला की हालत से परिजन परेशान थे।ऐसा करने का कारण परिजनों ने नहीं बताया।

# उपभोक्ता परेशान, बिजली विभाग का किया जाएगा इलाज

## भाकियू के युवा प्रदेशाध्यक्ष ने दी चेतावनी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह कानपुर से लौटते बबराला पहुंचे, बबराला पहुंचते ही जनपद सम्भल के जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव और युवा मंडल अध्यक्ष वीरेश यादव की अगुवाई में सैंकड़ों कायकर्ताओं ने उनका स्वागत सत्कार किया और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने कहा कि पिछले कुछ समय से लगातार क्षेत्र में स्थित कम्पनी द्वारा केमिकल युक्त पानी जमीन में छोड़ा जा रहा हैं। जिससे क्षेत्रीय लोगों में गंभीर बीमारियां पनप रही हैं। पर्यावरण को लगातार दूषित करने का काम कंपनी कर रही है। क्षेत्रीय जनमानस में उक्त कंपनी के विरुद्व जनाक्रोश पनप रहा है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक लगातार दूषित पर्यावरण को शुद्व करने के लिए मुहिम चलाए हुए है। उन्होने सम्भल जिला प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जनपद में पर्यावर्णीय नियमों संवेदनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि जनपद सम्भल का प्रशासन पर्यावरणीय मुद्दे पर आंखे मूंदे बैठा रहा तो यहां भी मुजफरनगर की तर्ज पर संगठन पीछे नहीं हटेगा स्थानीय पदाधिकारियों ने युवा प्रदेश अध्यक्ष के सामने विद्युत विभाग की हठधर्मिता का मुद्दा उठाया इस पर उन्होंने बिजली विभाग को चेताया कि विभाग उपभोक्ता को परेशान करना बंद कर दे अन्यथा इलाज कर दिया जाएगा। युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव से संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की और गंतव्य को रवाना हो गए इस दौरान जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव, युवा मंडल अध्यक्ष वीरेश यादव, नवनीत गाँधी, शिशुपाल सिंह, जिला सत्यवीर सिंह, भूरे सिंह, वीरपाल सिंह, अनुज वाष्णेय, चरन सिंह, पप्पू सिंह, इंद्रपाल सिंह आदि रहे।



बबराला- भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# स्वयंसेवक सेविकाओं ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एमजीएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई युवा कौशल विकास के तृतीय एक दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डा. नेमपाल सिंह के दिशा निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयं सेवक सेविकाओं ने पार्क परिसर में (श्रमदान) झाड़ू लगाकर सफाई जागरूकता संदेश दिया। जिसमें मोहम्मद अमान यश कुमार भारती आकांक्षा सिंह विशाखा सिंह वजीहा मुस्कान शाजिया सना सोनम इल्मापरवीन धर्मेंद्र इरशाद मोहम्मद शोएब मोहम्मद आतिफ ने मुख्य भूमिका निभाई कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वच्छ भारत मिशन पर एक परिचर्चा मे महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर योगेंद्र सिंह ने बताया कि हमें अपने देश को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी भागीदारी निभाते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाह करना चाहिए। हमें अपने मन शरीर और आत्मा को स्वच्छ रखकर गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपनों को साकार करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डा. अनुभा गुप्ता सौरभ कुमार और समस्त स्वयं सेवक सेविका उपस्थित रहे।

# एंबुलेंस से टकराकर बाइक सवार घायल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कंबोडिया होटल के सामने एंबुलेंस से टकराकर दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सरकारी अस्पताल से मुरादाबाद के लिए रेफर किया गया है।

नगर के मोहल्ला पृथ्वी गंज निवासी आरिफ पुत्र इब्राहिम एवं सहसपुर के मोहल्ला अफगानान निवासी जियाउद्दीन पुत्र शमसुद्दीन कांठ की ओर से तहसील की तरफ जा रहे थे जैसे ही वह कंबोडिया होटल के सामने पहुंचे उन्होंने अचानक बाइक पैट्रोल पंप की तरफ मोड़ दी जिससे पीछे से आ रही एंबुलेंस बाइक से टकरा गई और ब्रेक लगाने के बाद भी एंबुलेंस बाइक को करीब 20 मी धकेलती हुई आगे ले गई। इस टक्कर में दोनों बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गए और एंबुलेंस में भी काफी नुकसान हुआ। घटना को देख रहे हैं एक राहबीर युवक ने घायल को अस्पताल पहुंचाया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और उन्होंने दूसरे घायल को अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।



एंबुलेंस चालक का कहना था कि वह भी सहसपुर की तरफ से आ रहा था लेकिन बाइक सबारों ने बिना कोई सिग्नल दिए अचानक बाइक मोड दी जिससे गाड़ी को कंट्रोल करते-करते भी यह हादसा हो गया। एंबुलेंस में मरीज को ले जाने के लिए फिर दूसरी गाड़ी बुलाई गई और उसे अस्पताल भिजवाया।

लेकिन बाइक सवार घायलों को भी सरकारी अस्पताल से मुरादाबाद के लिए रेफर किया गया है घायल बाइक सबारों में एक की हालत खराब बताई जा रही है।

## शिव भंडारा सेवा समिति ने पूजा-अर्चना के उपरांत किया शिविर का शुभारंभ, भोजन के साथ भोलो को मिल रही चिकित्सा सुविधा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में हर साल की तरह इस बार भी कॉबड़ियों के लिए शिव भंडारा सेवा समिति की ओर से शिविर का आयोजन कर दिया गया शिविर का शुभारंभ पूजा अर्चना के उपरांत किया गया और कॉबड़ियों को भोजन आराम और चिकित्सा सुविधा भी वहां पर उपलब्ध कराई गई। आज काफी संख्या में कावड़िए वहां विश्राम करते दिखाई दिए और भोजन उपरांत अपने गंतव्य को रवाना हुए। काफी कॉबड़ियों ने रात्रि को विश्राम किया और आरती उपरांत प्रसाद ग्रहण कर विश्राम किया। बतादे की शिव भंडारा सेवा समिति काफी सालों से हर वर्ष कांवड़ियों की सेवा के लिए भंडारा शिविर का आयोजन करती चली आ रही है जिसका अनुसरण इस बार भी किया गया सेवा में सुबोध चौधरी आलोक वर्मा मोहित माहेश्वरी सहित काफी लोग सेवा करते दिखाई दिए।



## एक नजर

### कूड़े के ढेर दिखा रहे सफाई व्यवस्था को आईना जिम्मेदार है खामोश



**कांठ( शाह टाइम्स )।** मुख्तियारपुर नवादा के मुख्य मार्ग पर दोनों और पड़े कूड़े के ढेर गांव की सफाई व्यवस्था को आइना दिखा रहे हैं और जिम्मेदार खामोश है बतादे की स्वास्थ्य विभाग ने बरसात के दिनों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अलग-अलग गांव में कई जगह कार्यक्रम आयोजित करें लेकिन इस गांव की सफाई व्यवस्था पर कोई फर्क नहीं पड़ा बात चाहे कचरे से फैलने वाली बीमारी की हो या किसी और की यह कूड़े के ढेर लगातार यही सड़क के किनारे लगे रहते हैं। हालांकि ग्राम प्रधान ने कई बार इन्हें हटवाया भी है मगर उसके चंद दिन बाद ही यह कूड़े के देर फिर अपनी जगह पर आ जाते हैं लेकिन थोड़े अंतराल से इस जगह की सफाई न होने के कारण यह ढेर आधी सड़क तक फैल जाते हैं और इससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका तो निरंतर बनी रहती है। गांव के मुख्य मार्ग से गुजरना भी लोगों को मुश्किल होता है इन ढेरो में पॉलिथीन की भारी मात्रा साफ देखी जा सकती है आने जाने वाले बीड़ी पीकर इन पर फेंक देते हैं तो फिर कई दिनों तक यह पॉलिथीन युक्त धुंआ आसपास फैलता रहता है जिम्मेदारों से लोग कई बार इस मार्ग की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग कर चुके हैं। लेकिन वह पूरी तरह से खामोश है तीन दिन बाद महाशिवरात्रि पर्व पर कावड़िए इसी मार्ग से होकर शिव मंदिरों में भगवान शिव का जिला अभिषेक करने वाले हैं। मगर जिम्मेदार लोगों की आंखें अभी तक नहीं खुली है ग्रामीणों ने इस मार्ग की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाने की मांग उठाई हैं।

### मदरसा नासिर उलूम में हज यात्रियों को लगाए गए टीके



**कांठ ( शाह टाइम्स )** प्रदेश हज कमेटी के निर्देश पर आज कांठ के मदरसा नासिर उलूम में तहसील क्षेत्र से हज के लिए जाने वाले आजमीनो को टीका लगाने के लिए कैंप का आयोजन हुआ। कैंप प्रातः 10:00 बजे से शुरू होकर 5:00 तक चला इस दौरान लगभग 86 पुरुष और महिला हज यात्रियों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीके लगाए गए। शिविर के दौरान मौलाना मोहम्मद यामीन ने आने वालों को मुबारकबाद से नवाजा और जरूरी नसीहत भी दी। मुख्य रूप से ट्रेनर रहे इशरत अली डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी सुजाअत करीम अंसारी डॉक्टर असलम हाजी मोहम्मद यूनुस तिवारी फसाहत करीम अंसारी डॉक्टर मोहम्मद आसिम हाजी रिजवान शकील हाजी शकील अहमद मौलाना सिराजुद्दीन मुफ्ती मोहम्मद जावेद आदि ने अहम जानकारी दी। चिकित्सकों की टीम में डॉक्टर जुल्फिकार अहमद मोहम्मद सलमान किरण रुपा सुनीता ऋषभ सक्सेना आदि शामिल रहे। मीडिया प्रभारी हाफिज मोहम्मद साबिर ने पत्रकारों को विज्ञप्ति जारी की हैं।

### गांधी स्मारक महाविद्यालय के रासेयो शिविर में मतदाताओं को किया जागरूक




**सुरजननगर।** गाँधी स्मारक डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित एक विशेष शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। शिविर का सफल संचालन कुलदीप व्यास और एस.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।घ्इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने हाथों में स्लोगन लिखी पट्टियाँ और बैनर लेकर गाँव का भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर एक वोट कीमती है। कार्यक्रम में अंकित, अमन, हिमांशु, रोहित, विपिन, सौरभ, अनस और मोनिस सहित कई छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर के अंत में सभी ने शत-प्रतिशत मतदान करने और दूसरों को प्रेरित करने की शपथ ली।

### शिवरात्रि पर बिलारी तहसील में लगाए चार मजिस्ट्रेट

**बिलारी।** पंद्रह फरवरी को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व पर शांति व्यवस्था के मददेनजर पुलिस और प्रशासन सक्रिय है। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने संपूर्ण बिलारी तहसील क्षेत्र में चार मजिस्ट्रेटरों की नियुक्ति की है जिनमें तहसीलदार अंकित गिरी को बिलारी थाना क्षेत्र, नायब तहसीलदार अभिनय सिंह को मैनाठेर, कुंदरकी थाना क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी कुंद. रकी को थाना कुंदरकी क्षेत्र, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव को थाना सोनकपुर क्षेत्र का मजिस्ट्रेट बनाया गया है। एसडीएम ने इन चारों को निर्देशित किया है कि वे बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे और अपने क्षेत्र में भ्रमणशी रहकर समस्याओं का निदान करेंगे। तहसीलदार से कहा है कि वह सभी राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों को लिखित तौर पर निर्देशित कर दें कि बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे और अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। बताते चलें कि बिलारी थाना क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज के निकट श्री मोहनानंद सेवा आश्रम स्थित शिव मंदिर और हॉल्ट वाले कुआं खेड़ा के शिव मंदिर पर तेरस के मेले लगते हैं। रुस्तम नगर सहसपुर में शिव बारात निकाली जाती है इसके अलावा अधिकतर मंदिरों पर जलाभिषेक करने को भीड़ लगी रहती है। शिव भक्त भी शिवरात्रि की तैयारी में लगे हैं। बेर फल, चौलाई के लड्डू बाजार में उपलब्ध हैं।

# औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक ज्ञान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा बी.कॉम द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए सूरजकुंड मेला, फरीदाबाद (हरियाणा) का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण 12 फरवरी, 2026 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाए गए सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक व्यावसायिक एवं औद्योगिक परिवेश से जोड़ना था। सूरजकुंड मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प, लघु उद्योगों, स्टार्टअप्स, विपणन रणनीतियों, मूल्य निर्धारण, ग्राहक व्यवहार एवं उद्यमिता के व्यावहारिक पहलुओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक समृद्ध एवं अनुभवात्मक अवसर सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने औद्योगिक भ्रमण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें नवाचार, उद्यमिता एवं व्यावहारिक सोच को विकसित करते हैं। उन्होंने आयोजन टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों के निरंतर आयोजन पर बल दिया। विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक यात्रा को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए विश्वविद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रेलवे लाइन पर पुल मंजूर होने की खुशी में किया मिठाई का वितरण



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं नागरिकों ने आज कांठ- मुरादाबाद मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे क्रॉसिंग 432 बी पर ओवर ब्रिज पास हो जाने की खुशी में मुकेश माहेश्वरी जी के क्रेशर प्रांगण में मिष्ठान वितरण कर निवर्तमान विधायक चौधरी राजेश कुमार चुन्नू का अभिनंदन कर हर्ष व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष अंकुश कुमार चौहान ने कहा कि यह पुल कांठ क्षेत्र की सार्वभौमिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।सभी नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने राजेश कुमार चुन्नू के दीर्घकालिक प्रयास की सफलता से प्रसन्न होकर उन्हें फूल माला पहनकर उनका अभिनंदन किया एवं मिष्ठान वितरण कर अपार चिरानंद व्यक्त किया। राजेश कुमार चुन्नू ने कहा कि कांठ क्षेत्र के उत्थानात्मक विकास के लिए मैं कृत संकल्पित हूं ।सन 2017 से मैं प्रयासरत रहा ।रेलवे लाइन पर ट्रेनों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। मगर पुल बनने से जाम की स्थिति से अब छुटकारा मिलेगा। जाम से छुटकारा पाने के लिए मेरा अगला प्रयास कांठ का बाईपास बनवाने का रहेगा।

इस अवसर पर चौधरी हुकम सिंह ,मुकेश महेश्वरी, देवराज सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी,देवेंद्र सिंह, चंचल पाल, प्रमोद कुमार, सत्यवान सिंह राजपूत ,निरुपम बिश्नोई, अंबरीश शर्मा, दीपक चौहान ,राजपाल प्रजापति, नेपाल सिंह, राज. कुमार सिंह, गौरव बिश्नोई, अभय बिश्नोई, सचिन कुमार बंटी ,महेश गुप्ता, ओंकार सिंह, रिजवान अल्वी, साजिद इदरीसी, बलवंत सिंह, जयवंत जाटव एवं निवेश कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भाजपा कार्यालय कांठ में गोष्ठी का आयोजन, बजट को बताया जनमानस के लिए लाभकारी

**कांठ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में केंद्रीय बजट 2026 पर विधानसभा स्तरीय एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निवर्तमान विधायक चौधरी राजेश कुमार चुन्नू रहे। कांठ के व्यापारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश कुमार चुन्नू ने बताया कि केंद्रीय बजट बहुआयामी, सर्वस्पर्शी एवं जन कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि यह नागरिकों के रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता, परिवारों की क्रशक्ति, और सार्वभौमिक सेवाओं से ओतप्रोत विकसित भारत युवा शक्ति प्रेरित बजट है। जो भारत की समृद्धि यात्रा में सशक्त सहभागी बनेगा। जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित उन्नत प्रौद्योगिकी का विकास और उपयोग कर सुशासन को अधिक प्रभावी बनाएगा ।जो प्रत्येक परिवार, समुदाय, व विविध क्षेत्रों के संसाधन, सुविधा, अपराध मुक्तिकरण और चतुर्मुखी प्रगति के विश्वस्तरीय अवसर सुलभ कराएगा। बजट में जन महत्वआकांक्षा के प्रकटीकरण के मुख्य बिंदु जिसमें विकसित भारत 2047 का रोड मैप, निरंतर आर्थिक वृद्धि एवं राजकोषीय समेकन, मध्यमवर्ग को सशक्त बनाना ,भारत की वृद्धि हेतु कुशल मानवबल का निर्माण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, युवा शक्ति का सशक्तिकरण, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योगों की क्षमता का पूर्ण उपयोग, बृहद एवं तीव्र गति से विनिर्माण विस्तार, आधारभूत संरचना आधारित दीर्घकालिक वृद्धि, निर्यात को सतत गति देकर वैश्विक नेतृत्व की ओर, पूर्वोदय के माध्यम से पूर्वी भारत का सशक्तिकरण, ग्रामीण भारत की जीवन रेखाओं का पुनर्जीवन, भारतीय नगर वृद्धि -संयोजक, भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का सुदृढ़ीकरण, अन्नदाताओं का समग्र कल्याण, भारत की विकास- यात्रा में नारी का नेतृत्व, अमृतकाल का साकार रूप, धरोहर पर्यटन एवं वन्य जीव संरक्षण एवं जलवायु अनुकूल एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, देवराज सिंह जाटव, मुकेश महेश्वरी ,महेश गुप्ता ,संजीव गुप्ता, राजपाल सिंह प्रजापति ,प्रमोद कुमार, नेपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, राजकुमार सिंह, जयपाल सैनी, पुष्पेंद्र चौधरी ,सचिन कुमार, निमेष कश्यप, अभय बिश्नोई, गौरव, रिजवान अल्वी, जयवंत सिंह, दीपक चौहान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी हुकम सिंह ने एवं संचालन सत्यवान सिंह राजपूत ने कियां




# किसान संगठन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, एमएसपी गारंटी कानून सहित कई मांगें उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** किसानों के एक संगठन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को तहसील पहुंचकर तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों, मजदूरों और आम जनता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का समाधान कराने की मांग की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप फसलों का ब2+50 प्रतिशत लाभ के आधार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके साथ ही किसानों और मजदूरों के सभी कर्ज माफ करने, शहीद किसानों के परि. जनों को मुआवजा देने तथा बिजली बिल 2020 को वापस लेने की भी मांग की गई। ज्ञापन में घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने, स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया रोकने और नए बीज विधेयक को वापस लेने की मांग भी शामिल रही। संगठन ने रोजगार के मुद्दे पर मनरेगा की तर्ज पर वर्ष में 200 दिन काम और न्यूनतम 600 रुपये प्रतिदिन मजदूरी की गारंटी देने की बात कही। इसके अलावा महंगाई पर नियंत्रण के लिए आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स नीति में बदलाव, नए चार श्रम कोड समाप्त कर पुराने श्रम कानून बहाल करने तथा कृषि उत्पादों के आयात से जुड़े अंतरराष्ट्रीय समझौतों की समीक्षा की मांग भी ज्ञापन में उठाई गई। खालिद, अब्बास, आमिर प्रधान, धर्म सिंह, लईक अहमद, इत्यादि किसान मौजूद रहे।

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू० डि० ), मुरादाबाद।**
**सिविल वाद सं० :** 362/2025
**तारीख पेशी:** 12.03.2026
**श्रीमती फूलवती बनाम रामगोपाल आदि।**
**बनाम**
1. रामगोपाल पुत्र रामस्वरूप, 2. श्रीमती नन्दरानी पत्नी शिशु पाल सिंह, 3. श्रीमती राजरानी पत्नी सोमपाल सिंह, 4. श्रीमती सरला देवी पत्नी सुशील कुमार मूल निवासीगण ग्राम उदरनपुर चक उर्फ वीरमपुर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद हाल निवासीगण मौहल्ला सम्राट अशोक गेट काशीराम नगर ई-ब्लाक स्कूल के पास जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।** चूंकि उपर्रिनामांकित **वादनी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **निषेधाज्ञा** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 03 के दिवस 12 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 02 के दिवस 12 को निकाली गयी है।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत सरकार के निर्देश के क्रम में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत चलाए जारहे स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम एवं कुष्ठ पखवाड़े के क्रम मेंआज दिनांक 12- 2- 2026 हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज कटघर मुरादाबाद में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नोमान जलील ने कहा कुष्ठ रोग की जानकारी ही इसके बचाव के लिए बहुत आवश्यक है। भारत को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए छात्रा अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कुष्ठ रोग के संबंध में जानकारी देते हुए जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ0 भास्कर अग्रवाल ने बताया रोग से प्रभावित व्यक्ति को ठंडे और गर्म का एहसास नहीं हो पता है। कई बार उसकी आंख की पलक भी बंद नहीं हो पाती हैं। कुष्ठ रोग के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा त्वचा पर लाल दाग होना , जिसमें संवेदना ना होना ,खुजली ना होना बाल का गिर जाना , पसीना ना आना आदि पांच महत्वपूर्ण लक्षण है जो कुष्ठ रोग की ओर इशारा करते हैं।



जागरूकता अभियान संबंधी जानकारी को छात्रो ने बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना। छात्रों ने अपने आसपास होने वाले रोगी को बताने के लिए सहमति दी द्य कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री सैयद अफजल अली साहब ने कहा कि इस गतिविधि द्वारा पता चलता है कि कोई भी बीमारी अब ला इलाज नहीं है। सरकार द्वारा बहुत कदम उठाए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत कुष्ठ रोग के लिए मुफ्त इलाज ,मुफ्त आपरेशन व विकलांग पेंशन सुविधा भी उपलब्ध है द्य कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के अध्यापक आफताब आलम एवं मुशाहिद हुसैन जी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त छात्रों एवं समस्त टीचिंग स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भागीदारी रही।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र जावेद अली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में जावेद अली के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व की वास्ता नहीं होगा। **शाकिर हुसैन पुत्र अब्दुल मजीद व श्रीमती शहनाज पत्नी शाकिर हुसैन निवासीगण अहलादपुर थाना मैनाठेर तह. बिलारी जिला मुरादाबाद।**

**Lost and Found Notice**

My two-piece land, one of which is Book No. 1, Volume S-5898, pages 63 to 78, serial number 3290, dated 04-03-2013, and the other is Book No. 1, Volume No. 7774, pages 37 to 66, serial number 16150, dated 09-09-2015, was actually lost on 28-01-2026. Its use would be illegal. Advocate Kulbhushan Saxena, B-10, Court Moradabad, Mobile No. 9897374176, Mohammad Usman, son of Mohammad Yakub, Mohammad Nal, New Basti, Amroha, **Mobile No. 9520990014**

## युवती को लेकर दूसरे समाज का युवक फरार, युवती के परिजनों ने पुलिस से लगाई बरामदगी गुहार

**ठाकुरद्वारा।** प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती को दूसरे समाज का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती के परिजनों ने कोतवाली का घेराव करते हुए युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए युवती की बरामदगी गुहार लगाई।

कोतवाली क्षेत्र की रानीनांगल चौकी क्षेत्र के एक गांव की युवती का निकट के ही गांव के दूसरे समाज के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के प्रेम कहानी को पता परिजनों को चला तो उन्हें घर से बाहर जाने पर पाबंदी लगा दी। इसके बाद दोनों का प्यार धीरे धीरे परमान चढ़ता रहा। एक दिन पूर्व युवक युवती को लेकर फरार हो गया। युवती के परिजनों ने पहले काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद युवती के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घेराव करते हुए युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए युवती की बरामदगी गुहार लगाई। मामला दो समुदाय का होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति है।

## शराब पीकर हंगामा, दो युवकों पर मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव मनकुआ मकसूदपुर निवासी विशेष पुत्र हुकुम सिंह की तहरीर पर शराब पीकर हंगामा करने एवं विरोध करने पर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में ग्रामीण ने बताया है कि गांव के चोराहे पर कैंटीन करता है।

बुधवार को दीपू पुत्र नरेश व संजू पुत्र राजेन्द्र निवासी मनकुआ मकसूदपुर शराब के नशे में कैंटीन पर आये और हंगामा करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इस दौरान दीपू गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती पर वैदिक विचारों का हुआ स्मरण

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान समाज सुधारक एवं आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता कवि माधव मिश्र ने स्वामी दयानंद को उन्नीसवीं शताब्दी का महान समाज सुधारक बताते हुए कहा कि उन्होंने अंधविश्वास, पाखंड, जाति प्रथा, बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई तथा 'वेदों की ओर लौटो' का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 1875 को मुंबई में आर्य समाज की स्थापना कर स्वामी जी ने समाज को सुधारवादी और प्रगतिशील दिशा दी। कार्यक्रम में डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, पं. सुरेश चंद्र शर्मा सहित अनेक वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। अंत में उपस्थित जनों ने महर्षि दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दहेज हत्या प्रकरण में दो दोषी करार, आज सजा का होगा ऐलान

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल में महिला अपराधों के मामलों में त्वरित न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया है। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को थाना कोतवाली संभल के मु0अ0सं0 253/2020 से संबंधित दहेज हत्या प्रकरण में सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्तगण फिरदौस व फरमान को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोनों को धारा 498ए व 304बी भादवि सहपठित धारा 34 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत दोष सिद्ध माना, जबकि धारा 302 सहपठित धारा 34 भादवि एवं धारा-3 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। मामले में फिरदौस पत्नी मेंहदी हसन निवासी मोहल्ला देहली दरवाजा, कोतवाली संभल तथा फरमान पुत्र फुरकान निवासी मोहल्ला कायस्थान, कस्बा व थाना हसनपुर, जिला अमरोहा नामजद हैं। बता दें कि 14 जून 2020 को महिला द्वारा तहरीर देकर बताया कि फरमान पुत्र फुरकान की शादी उसकी जेठ की लड़की से एक वर्ष पूर्व लव मैरिज हुई थी जिसके कारण युवती के पिता व भाई नाराज थे। महिला ने बताया कि उसके पति चलते हैं। घर पर वह और विवाहिता थी और रात्रि करीब 02 बजे वह बाथरूम गयी तो विवाहिता मृत हालत में पड़ी थी। उठाकर देखा तो गले पर चोट के निशान थे। महिला द्वारा विवाहिता के भाई एवं पिता पर उसकी हत्या करने के आरोप लगाये गये। वहीं इस मामले में उसी दिन दूसरी तहरीर विवाहिता की माता द्वारा कोतवाली संभल में दी गई जिसमें कहा गया कि उसकी पुत्री को उसकी देवरानी ने बहला-फुसलाकर अपनी भतीजे फरमान पुत्र फुरकान के साथ लव मैरिज कराई थी। लगभग तीन माह पूर्व उसकी पुत्री के पति फरमान ने उससे दो लाख रुपये की मांग करते हुए घर से निकाल दिया था, तभी से उसकी पुत्री देवरानी के घर रह रही थी। मां ने बताया कि दहेज को लेकर बेटी का पति व जिसके घर में बेटी रह रही थी, उसे परेशान करता रहता था। मां ने आरोप लगाया कि बेटी की उसके पति फरमान व देवरानी ने मिलकर हत्या की है। दोनों अभियुक्त पूर्व में जमानत पर थे। गुरुवार को अभियुक्ता फिरदौस न्यायालय में उपस्थित रही, जबकि फरमान अनुपस्थित रहा। दोष सिद्ध होने के उपरांत न्यायालय ने फिरदौस को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जिला कारागार भेज दिया। फरमान के न्यायालय में उपस्थित न होने पर उसके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। न्यायालय द्वारा आज शुक्रवार को दोनों दोषियों को सजा पर अंतिम निर्णय सुनाया जाएगा। मामले की पैरवी एडीजीसी हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी द्वारा की गई।

## एफआर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी गई भव्य एवं भावभीनी विदाई

**चन्दौसी।** गुरुवार को एफ.आर. इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को समारोहपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 के छात्र अरहान मलिक, छात्रा राबिया तथा अध्यापक एजाज अहमद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संबोधन से हुई, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि छात्र जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, जिसमें सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने के अनेक अवसर मिलते हैं। उन्होंने कक्षा 12 के परीक्षार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में आत्मविश्वास और मेहनत के साथ सम्मिलित होने की प्रेरणा दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यमंत्री गुलाबदेवी के प्रतिनिधि रामपाल ने विद्यार्थियों को विद्यालय और नगर का नाम रोशन करने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि एस.एम. कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एस.के. अग्रवाल ने समय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनुशासन और परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अशफाक भारती एडवोकेट ने की। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष मतीनउद्दीन एडवोकेट सहित अनेक गणमान्य लोग, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन कक्षा 12 के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया।

## एनएसएस शिविर में मतदाता जागरूकता रैली, युवाओं को दिया मतदान का संदेश

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चन्दौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा चार एकदिवसीय चरणों की श्रृंखला के अंतर्गत तीसरा सामान्य शिविर ग्राम देवरखेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के नेतृत्व में आयोजित शिविर की शुरुआत स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान से की। इसके बाद मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत, निर्भीक एवं निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली में 'लोकतंत्र का दाता है, जो सच्चा मतदाता है' जैसे नारों के माध्यम से मतदान के महत्व पर जोर दिया गया। बौद्धिक सत्र में डॉ. पांडेय ने प्रारूप-6 व 8 की जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने स्वामी दयानंद सरस्वती के योगदान को भी स्मरण किया। अंत में ध्येय गीत व 'हम होंगे कामयाब' के गायन तथा वंदे मातरम् के साथ शिविर का समापन हुआ।

## एनकेबीएमजी कॉलेज का एनएसएस शिविर करेला गांव में संपन्न

**चन्दौसी।** एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा निकटवर्ती करेला गांव के प्राथमिक विद्यालय में तृतीय एकदिवसीय शिविर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत, डॉ. प्रियंका तथा प्रधानाध्यापिका शारदा के सहयोग से हुआ।



प्रारंभिक सत्र में स्वयंसेविकाओं को एनएसएस के उद्देश्यों, गतिविधियों और सेवाभाव के महत्व की जानकारी दी गई। इसके बाद छात्राओं को शारीरिक व्यायाम और योगासन कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस बैज निर्माण में भाग लिया तथा विद्यालय के आसपास सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया। दूसरे सत्र में बाल विवाह, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिविर में क्विज प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। व्यवस्थापन में सीता और मुकेश का विशेष सहयोग रहा। शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवा, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना रहा।

# दीवान शुगर मिल में मजदूर की मौत की खबर निकली अफवाह, लापता मजदूर लौटा घर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस क्षेत्र के अगवानपुर स्थित दीवान शुगर मिल में चलती चेन में गिरकर मजदूर की मौत की आशंका का मामला गुरुवार को उस समय पलट गया, जब कथित रूप से मृत बताया गया मजदूर सकुशल अपने घर लौट आया।



सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे थाने बुलाकर पूछताछ शुरू कर दी है।मझोला थाना क्षेत्र के गांव उत्तमपुर बहलोलपुर निवासी अरविंद कुमार मिल में कार्यरत है। मंगलवार रात ड्यूटी के दौरान वह अचानक लापता हो गया था। उसके भाई जितेंद्र ने दावा किया था कि अरविंद चलती चेन में गिर गया और कटकर उसकी मौत हो गई। इस सूचना पर बुधवार को परिजन और ग्रामीण मिल परिसर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने धरना देकर मिल संचालन करीब नौ घंटे तक ठप करा दिया।स्थिति को संभालने के लिए एडीएम सिटी ज्योति सिंह और एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह मौके पर पहुंचे और समझाकर मामला शांत कराया। दोनों पक्षों में समझौता भी हो गया था।इसी बीच गुरुवार तड़के अरविंद के घर लौटने से पूरे घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया।परिजनों की सूचना पर उसे सिविल लाइंस थाने लाया गया। प्रारंभिक बयान में अरविंद ने बताया कि वह मिल परिसर में गिरा था, फिर किसी तरह बाहर निकलकर पास के बाग में चला गया और होश आने पर घर पहुंचा। एसएचओ मनीष सक्सेना ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## देहरी गांव में दोनों पक्षों ने किया समझौता, पुलिस को सौंपा प्रार्थना पत्र

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना कटघर क्षेत्र के देहरी गांव में मंदिर से जुड़े विवाद के मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों ने थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर आपसी सहमति की जानकारी दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शेखर पुत्र किशन स्वरूप निवासी कटघर के खिलाफ पूर्व में क्षेत्र वासियों के द्वारा दुकान खाली कराने और मंदिर स्थल से संबंधित शिकायत दी गई थी। आरोप था कि मंदिर परिसर में मूर्ति स्थापना और अन्य गतिविधियों को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था, जिससे देहरी गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी।मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराई गई, जिसके बाद आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने का निर्णय लिया गया। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि 9 फरवरी से 10 फरवरी के बीच उत्पन्न विवाद को सुलझा लिया गया है और अब दोनों पक्ष भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर में पूर्व की भांति पूजा-अर्चना जारी रहेगी और आपसी सौहार्द बनाए रखा जाएगा।थाना पुलिस ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर लिया है।

# बहुत पहले से ही मुरादाबाद में झोजा जाति को लेकर रहा है विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**मुरादाबाद।** झोजा जाति के प्रमाण पत्रों को लेकर जिले में बहुत पहले से ही विवाद रहा है मगर सभी मामलों में न्यायालय ने प्रमाण पत्र धारकों के पक्ष में ही फैसला किया है। मौजूदा विवाद जिसमें बिलारी विधायक का परिवार घिरा है यह विवाद भी नया नहीं है बल्कि 1995 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी हुआ था जब उस समय निर्विरोध प्रधान बनी उनकी चाची के विरुद्ध न केवल हाईकोर्ट इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ पीठ में दायर याचिका खारिज हुई थी बल्कि 1999 में उनकी चाची के विरुद्ध जाति प्रमाण पत्र को लेकर धारा 156(3) सीआरपीसी की कार्रवाई पुलिस की आख्या एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर निरस्त की थी। यहां पर यह तथ्य भी जानना जरूरी है कि विधायक बिलारी के विरुद्ध शिकायत करने वाला इन्हीं के गांव का एक व्यक्ति अपनी पत्नी के पैरोकार की हैसियत से उनकी एक चाची के खिलाफ वर्ष 1995 में न सिर्फ स्वयं को पिछड़ी जाति से बताते हुए शपथ पत्र के साथ हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ और दूसरी चाची के विरुद्ध 1999 में एसीजेएम-5 मुरादाबाद के समक्ष गवाह की हैसियत से पेश हुआ था।झोजा जाति से जुड़ा मुरादाबाद जिले का एक मशहूर विवाद कुंदरकी ब्लॉक प्रमुख पद का भी वर्ष 2001 में पैदा हुआ था जिसमें गय्यूर फातिमा का नामांकन झोजा जाति का प्रमाण पत्र गलत बताकर निरस्त कराकर लल्लू सिंह प्रमुख बने जिनका चुनाव गय्यूर फातिमा ने चुनाव याचिका दाखिल कर एडीजे मुरादाबाद से दिनांक 21-10-2002 को रद्द कराया जिस निर्णय को हाईकोर्ट इलाहाबाद ने रिट संख्या 801 में दिनांक 16-05-2003 तथा उच्चतम न्यायालय ने 03-07-2003 के आदेश से सही सिद्ध किया। झोजा जाति के प्रमाण पत्र से गय्यूर फातिमा प्रमुख बनने के अलावा जिला पंचायत मुरादाबाद की सदस्य भी रहीं और पूर्व मंत्री हाजी अकबर की बेटी गुलनाज अकबर झोजा जाति के प्रमाण पत्र से ही 2010 में जिला पंचायत मुरादाबाद की सदस्य और अध्यक्ष चुनी गई थीं। इसके अलावा झोजा जाति प्रमाण पत्र से ग्राम प्रधान बनने के अखंड जनपद मुरादाबाद में अनेक मामले कोर्ट तक पहुंच कर प्रमाण पत्र धारकों के पक्ष में तय हुए हैं मगर उनमें मुहम्मद उस्मान के पिता की ओर से फूफीजाद बहन शमीम जहां निवासी ग्राम टेहरी खघ्वाजा जिला रामपुर के मामले में राज्य स्क्रूटनी कमेटी लखनऊ का आदेश दिनांक 24-05-2024 और दादी की ओर से मामाजाद भानजे जावेद अखघ्तर निवासी मंसूरपुर माफी जिला संभल के मामले राज्य स्क्रुटनी कमिटी लखनऊ का आदेश दिनांक 24-01- 2024 अंतिम तौर पर उनके पक्ष में तय होने प्रमुख हैं। प्रथम दृष्टया जांच में पता चला कि अखंड मुरादाबाद जिले में रहने वाली झोजा जाति जो यहां पर तुर्क नाम से ज्यादा मशहूर है उससे जुड़े समस्त प्रमाण पत्र धारकों में विधायक बिलारी के परि. जनों एवं रिश्तेदारों के पास ही सबसे पुराने और सबसे ज्यादा प्रमाण पत्र हैं। विधायक परिवार से जुड़े वर्तमान विवाद की शुरुआत उनकी चचेरी बहन फरहीन जहां के पुराने जाति प्रमाण पत्र को नवीन क्रीमी लेयर के अनुसार बनवाने हेतु दिनांक 26-08-2017 को दिया आवेदन तहसीलदार बिलारी द्वारा दिनांक 29-08-2017 को निरस्त करने से हुई।जिसके विरुद्ध फरहीन जहां ने दिनांक 04- 09- 2017 को जनपद स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति जिला मुरादाबाद के समक्ष आवेदन दिया। इस बीच फरहीन जहां की बहन समरीन जहां के नाम पैट्रोल पंप का आवंटन निरस्त कराने के उद्देश्य से जाति प्रमाण पत्र निरस्त कराने पहुंच गया। समिति ने पैतृक दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर समरीन जहां एवं फरहीन जहां के पक्ष में दिनांक 02-06-2018 को आदेश पारित कर तहसीलदार बिलारी से प्रमाण पत्र जारी करा दिए। एक शिकायत कर्ता ने हाई कोर्ट में रिट दायर की जिसे हाईकोर्ट ने दिनांक 19-06-2018 को निरस्त किया तब उसने मंडलीय अपीलीय फोरम मुरादाबाद में अपील दायर कर दी।

इन दोनों तथ्यों को छुपाकर शिकायतकर्ता ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष दिनांक 18-07-2018 को मुहम्मद उस्मान के विरुद्ध प्रार्थना पत्र पेश कर निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण उत्तर प्रदेश से शासनादेश के अनुसार सत्यापन के आदेश करा लिए। उक्त शिकायत पर हो रही कार्रवाई को मुहम्मद उस्मान द्वारा विधिक आधार पर उल्लंघन बताने के प्रार्थना पत्र को राजनीतिक दबाव में दरकिनार कर समिति ने दिनांक 02-09-2020 को मुहम्मद उस्मान का जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने आदेश दिया। अपने विरुद्ध पारित उक्त आदेश को मुहम्मद उस्मान ने विधिक आधार पर दिनांक 22-09-2020 को मंडलीय अपीलीय फोरम मुरादाबाद के समक्ष चेलैंज किया जहां मंडलीय फोरम ने दिनांक 16-10-2021 को उपरोक्त आदेश में कतिपय बिंदुओं का सम्यक् परिसीलान नहीं करना बताते हुए न केवल मेरा प्रकरण पुनः समयबद्ध निस्तारण हेतु जनपद स्तरीय समिति को भेजा बल्कि मेरी बेटी के पक्ष में हुए वर्ष 2018 के आदेश पर नियमविरुद्ध तरीके से दो वर्ष से अधिक पैंडिंग रखी। शिकायतकर्ता की अपील पर भी यही विरोधाभासी आदेश दिया।

इस बार जिला समिति ने मामले को लगभग पांच लंबित रखने के उपरांत विधायक बिलारी के परिजनों द्वारा पेश किए गए 1911 से लेकर 2024 तक के समस्त दस्तावेजी साक्ष्यों एवं लिखित व मौखिक तर्कों को बिना किसी ऐसे साक्ष्य के जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की धारा 62 व 69 यथा संशोधित भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 की धारा 59 की कसौटी पर खरा हो पूर्व की भांति मुहम्मद उस्मान के माता-पिता दिनांक 01-06-1950 के निकाहनामे में दर्ज झोजा जाति और पिता मुहम्मद इस्लाम को जिलाधिकारी मुरादाबाद द्वारा दिनांक 16-02-1960 को जारी जाति प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत के पुराने रजिस्टर में अंकित जाति की प्रविष्टि जैसे साक्ष्य अन्याय पूर्ण तरीके से अस्वीकार कर दिनांक 07-02-2026 को उन्हें झोजा जाति का लाभ देना उचित नहीं है जैसा अजीब आदेश दिया है। अखंड मुरादाबाद जिले से जुड़े जितने लोगों के पास झोजा जाति के प्रमाण पत्र हैं उन सभी के पूर्वजों की जाति 1359 फसली खसरे में तुर्क लिखी है मगर 1911 का रामपुर स्टेट और 1949 का रामपुर जिले का सरकारी गजट तुर्क और झोजा को एक बताता है। इसके अलावा न केवल सरकार के कई शासनादेश बल्कि उच्चतम न्यायालय भी अपने निर्णयों में अकेले 1359 फसली खघ्सरे की प्रविष्टि को जाति का प्रमाण पत्र मानने से इनकार किया गया है। इसलिए झोजा जाति से जुड़ा जो भी मामला न्यायालय में पहुंचा है उसमें प्रमाण पत्र धारक के पक्ष में ही फैसला हुआ है। इस मामले की जांच में यह तथ्य भी पता चला कि प्रमुख सचिव द्वारा जारी शासनादेश संख्या- 100/ 2020/ 1741/ 26-3-2020 समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ, दिनांक 30 जुलाई 2020 के अनुसार जाति प्रमाण पत्र के मामले में किसी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई राज्य स्क्रूटनी कमेटी के आदेश से ही हो सकती है।

# माहे रमजान में जन्नत के दरवाजे खुल जाते है और जहन्नुम की आग ठंडी हो जाती है: मौलाना काजी सैयद अस्करी

**कुंदरकी।** दिल्ली से तशरीफ लाए जामिया अहलेबैत के प्रघांनाचार्य मौलाना काजी सय्यद अस्करी ने कहा कि माहे रमजान में जन्नत के दरवाजे खुल जाते है और जहन्नुम की आग ठंडी हो जाती है। नगर स्थित इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब में मशहूर नोहेखवान रईस अब्बास रिजवी की माँ के चाली. सवे की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सय्यद काजी अस्करी ने कहा कि रसूल ए करीम और अहले बैत की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल है उनके बताए रास्ते पर चल कर और इल्म हासिल करके जिंदगी को कामयाब बनाया जा सकता है । उन्होंने कहा कि रमजान अल्लाह का खास महीना है उसमे खुदा की रहमत और नहमत की बारिश होती है । रमजान में जहन्नत के दरवाजे खूल जाते है और



जहन्नुम की आग ठंडी हो जाती है ।रमजान में रोजे रखने से शरीर में बीमा. रियां कम होती है और रूहानी ताकत पैदा होती है जिससे ईमान मजबूत होता है । रोजा रखने से भूख और प्यास महसूस होती है जो कि गरीब और असहाय लोगो की मदद करने का जज्बा कायम करता है रोजा रखने से इंसानियत का पैगाम मिलता है इससे पूर्व बुकनाला सादात से आए नईम हैदर ने मरसिया पढ़कर हजरत इमाम हुसैन की जिंदगी व उनकी शहादत पर रौशनी डाली तथा नजर हुसैन,रईस अब्बास ,नय्यर रिजवी,मौलाना नकी रिजवी ने कलाम पेश किए तथा मजलिस मे बड़ी सख्या मे शिया समुदाए के लोग शामिल रहे तथा अली अख्तर रिजवी ने आभार व्यक्त किया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**चन्दौसी।** बहजोई-चन्दौसी रोड स्थित गैस गोदाम के निकट बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भूरा पुत्र राजाराम निवासी नरौली, जनपद संभल, लेंटर का लेवल पाइप नापने के लिए बाइक से चन्दौसी आ रहा था। जैसे ही वह गैस गोदाम के पास पहुंचा, सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में भूरा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके सिर में काफी चोट आई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा उसे संयुक्त चिकित्सालय लाया गया।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2011 अनुक्रमांक 0438424 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
**कु. सर्वेश कुमारी पुत्री भजन सिंह नि. ग्राम मंडैया ख्वाजपुर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए कार्यशाला आयोजित

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए ''प्रोफेशनल एथिक्स और वर्कप्लेस पॉलिसीज'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने नॉन-टीचिंग स्टाफ को यूनिवर्सिटी के एडमिनिस्ट्रेशन की रीढ़ बताते हुए उनको अपनी रोजाना की जिम्मेदारियों के निर्वहन में ईमानदारी और समर्पण के महत्व पर जोर दिया।

## दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने दुष्कर्म, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 11 फरवरी को थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र की एक महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन्स में मुकदमा दर्ज किया गया। गरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजीव कुमार एवं कांस्टेबल दीपक कुमार शामिल रहे।

## केंद्रीय श्रम संगठनों की समन्वय समिति ने जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** केंद्रीय श्रम संगठनों की समन्वय समिति, जिला मुरादाबाद के बैनर तले गुरुवार को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में मजदूर संगठनों ने प्रदर्शन कर भारत सरकार की नीतियों के विरोध में ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने सार्वजनिक उपक्रमों, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण पर रोक लगाने की भी मांग की। सीटू, एटक, एक्टू, एआईयूटीयूसी, उत्तर प्रदेश किसान सभा और खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0627123 एवं इण्टर मीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225479032 का प्रमाण- सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए है। **रजना पुत्री बृजपाल सिंह निवासी- ग्राम -बालापुर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपनी पत्नी राजवाला व चारों पुत्रियो तनीषा, निक्की, तन्सु, मानवी एवं दोनों पुत्र निशांत एवं प्रशांत को गलत आचरण व गलत संगत के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर समस्त संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त सभी के कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह सभी स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रामबाबू पुत्र रज्जन निवासी मोहल्ला कोरियान, बाल्मीकि बस्ती, कस्बा बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर

### मानक के विपरीत काम कर रहे दो प्राइवेट अस्पतालों को डिप्टी सीएमओ ने किया सील कहा अन्य पर भी होगी कार्रवाई



**कांठ ( शाह टाइम्स )** मानक के विपरीत काम कर रहे दो अस्पतालों को आज दोपहर बाद डिप्टी सीएमओ प्रवीण श्रीवास्तव ने सील कर दिया बताया गया कि नगर के रिजा रानी और अमृत अस्पताल के पास ओटी चलाने का पंजीकरण तो था लेकिन ऑपरेशन करने वाले रजिस्टर्ड चिकित्सक वहां पर मौजूद नहीं थे। इसकी इसकी शिकायत मिली तो डिप्टी सीएमओ प्रवीण श्रीवास्तव के नेतृत्व में बनी टीम ने आज दोपहर बाद काठ आकर रिजा रानी अस्पताल में छापा मार दिया जहां पर उन्हें एक मरीज भर्ती मिला जिसे सरकारी अस्पताल भिजवाया गया उसके बाद टीम अमृत अस्पताल पहुंची वहां भी कोई पंजीकृत चिकित्सक न मिलने पर अस्पताल को सील करना पड़ा बताया गया कि वहां मिले दो मरीजों को भी एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल भिजवाया गया है। पत्रकारों के सवाल के जवाब में डिप्टी सीएमओ श्रीवास्तव कहना था कि बिना पंजीकरण एवं मानक के विप. रीत चल रहे अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और बिना पंजीकृत झोलाछाप चिकित्सको के यहां भी छापा मारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोपहर बाद अचानक हुई छापेमारी से अवैध चिकित्सा व्यवसाय करने वालों में हड़कंप मच गया मानक के विपरीत काम करने वाले अपने अस्पतालों में ताला मार कर गायब हो गए। इस मौके पर पुलिस भी साथ रही।

### नागरिक सुरक्षा के वार्डन/ स्वयं सेवकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का चतुर्थ/अंतिम सत्र संपन्न, 360 वार्डन हुए प्रशिक्षित



**मुरादाबाद।** एम आई टी इंस्टिट्यूट रामगंगा विहार में नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निर्देश के क्रम में दिनांक 06/02/2026 से आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे सत्र का समापन संपन्न हुआ उक्त सत्र में सिविल डिफेंस के कुल 90 वार्डनो द्वारा प्रतिभाग किया गया स समापन श्री पंकज सक्सेना डिप्टी चीफ वार्डन की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ। श्री नीरज चक उपनियंत्रक एवं अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेंनिंग माड्यूल बैग,कैप, ग्रुप फोटोग्राफ देकर उत्साहवर्धन किया गया । समापन दिवस पर भी प्रतिदिन की भांति इतनी शक्ति हमें देना दाता गीत द्वारा शुभारंभ किया गया स अतिथियों द्वारा वार्डनो के कार्यों की सराहना की गई एवं उनके द्वारा प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि आप सभी लोगों के जीवन में एवं नागरिक सुरक्षा के कार्यों में भी प्रशिक्षण का बहुत महत्व है। अंतिम दिन में सहायक उपनियंत्रक श्री सतीश कुमार द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा एवं प्रशिक्षण का फीडबैक लिया गया। उपनियंत्रक श्री नीरज चक द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के क्रिया कलापो एवं अतिथि वक्ताओं द्वारा दिए गए प्रशिक्षण के बारे में अतिथियों को अवगत कराया गया द्य इसके उपरांत पंकज सक्सेना डिप्टी चीफ वार्डन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। उप नियंत्रक द्वारा सहायक उप नियंत्रक एवं समस्त स्टाफ को प्रशिक्षण के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा तुषार अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर अखिल अग्रवाल विवेक यादव डिविजन वार्डन सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, अशोक कुमार गुप्ता, शरीफ अहमद, डॉ शफीक, वसीम अंसारी, वसीम अख्तर, सुभाष जैन, डॉ पूनम बंसल, नीतू सक्सेना आदि ने निरंतर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन तुषार अग्रवाल द्वारा किया गया।

### महाशिवरात्रि पर्व व कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर, रुट डायवर्जन लागू

**मुरादाबाद।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व और कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शहर में रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है। प्रमुख मार्गों पर यातायात पुलिस बल की तैनाती की गई है और नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है।एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि से पूर्व ही विस्तृत ट्रैफिक प्लान तैयार कर लागू कर दिया गया है। कांवड़ पथ पर विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं, ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा, निगरानी और यातायात नियंत्रण के विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराना विभाग की प्राथमिकता है। आमजन से भी अपील की गई है कि निर्धारित रूट डायवर्जन का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 303-DRM-MB-25-26 dt. 11.02.2026 |
| Name of work | Construction of crew and train manager lobby and Loco office at MB station |
| Tender Closing Date Time | 13.03.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 1,80,68,669.42/- |
| Earnest Money (Rs.) | 2,40,400.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 |
| Bidding Start Date | 27.02.2026 |
| Period of Completion | 06 Month |

पत्रांक-75-W/2/3/WA/Publication दिनांक-11.02.2026 472/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय ग्राम पंचायत खबड़िया घाट**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांकः मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांकः 12.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत खबड़िया घाट विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांकः 26.02.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 26.02. 2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फूल सिंह के घर से राम सिंह के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 37.5 मी. | 165943/- | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तेः**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत खबड़िया घाट**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# जिम्बाब्वे की नजरें उलटफेर करने पर

● जिम्बाब्वे का मुकाबला टूर्नामेंट की फेवरेट टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा, ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत की जबरदस्त संभावना व दुनिया भर में दबदबे के साथ उतरेंगा

**कोलंबो, वार्ता।** ग्रुप बी में सबकी नजरें अब क्लासिक डेविड बनाम गोलियथ मुकाबले पर टिकी हैं, जब शुक्रवार को यहां आर- प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे का मुकाबला टूर्नामेंट की फेवरेट टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा।

ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत की जबरदस्त संभावना और दुनिया भर में दबदबे के साथ उतर रहा है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्बाब्वे इस एडिशन का पहला बड़ा उलटफेर कर सकता है? सिकंदर रजा की टीम ने चुपचाप मोमेंटम बना लिया है। ओमान पर उनकी आठ विकेट की बड़ी जीत ने गेंद से डिसिप्लिन और बल्ले से धैर्य दिखाया। लेकिन शुक्रवार का मुकाबला एक बिल्कुल अलग चुनौती पेश करता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करना जिसमें पावर-हिटर्स, अच्छे ऑलराउंडर्स और कोलंबो के हालात के हिसाब से एक मजबूत स्पिन अटैक है।



जिम्बाब्वे की उम्मीदें निडर रवैए पर टिकी होंगी। ब्रायन बेनेट, जिन्होंने पिछले गेम में 48 रन बनाए, पिछले साल उनके सबसे लगातार परफॉर्मर रहे हैं और ऑप पर अहम होंगे। अगर बेनेट और तदीवानाशे मारुमानी नई गेंद को संभालकर एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार कर पाते हैं, तो ब्रेंडन टेलर, रजा और रयान बर्ल की अनुभवी तिकड़ी बीच के ओवरों में स्कोरिंग को आगे बढ़ा सकती है। असली मौका गेंद के साथ हो सकता है। ब्लेसिंग मुजराबानी और रिचर्ड नगारवा ने अपने पिछले मैच में छह विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। एक ऐसी सतह पर जिससे शुरू में स्विंग और बाद में टर्न मिलने की उम्मीद है, जिम्बाब्वे का पेस-स्पिन कॉम्बिनेशन ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक ऑप ऑर्डर की परीक्षा ले सकता है। आयरलैंड के खिलाफ थोड़ी कमजोरी दिखाने वाले मिडिल ऑर्डर को बेनकाब करने के लिए शुरुआती ब्रेकथ्रू जरूरी होंगे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया अभी भी मजबूत है। कप्तान ट्रैविस हेड लीडर के तौर पर पहली जीत हासिल करने के बाद आगे से लीड करने के लिए बेताब होंगे। जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और कैमरन ग्रीन की मौजूदगी पूर्व चैंपियन को ऐसी गहराई देती है जिसका मुकाबला कुछ ही टीमें कर सकती हैं। एडम जम्पा और मैथ्यू कुहनेमन की उनकी स्पिन जोड़ी भी कोलंबो की धीमी होती पिच का फायदा उठा सकती है। प्रेमदासा की पिच ने हमेशा लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को फायदा पहुंचाया है, पिछले दस में से आठ मैच बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। मैच के दिन बादल छाए रहने का अनुमान है, जिससे गेंदबाजों को शुरुआत में और मदद मिल सकती है, जिससे मुकाबले में एक और अप्रत्याशित बात जुड़ जाएगी। जिम्बाब्वे के लिए, यह सिर्फ ग्रुप-स्टेज का मैच नहीं है। यह सोच को बदलने और खुद को सिर्फ हिस्सा लेने वाले के बजाय असली दावेदार के तौर पर पेश करने का मौका है। उलटफेर टी-20 वर्ल्ड कप की धड़कन रहे हैं, और सबसे छोटे फॉर्मेट में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं होती। कागज पर ऑस्ट्रेलिया शायद बहुत ज्यादा पसंदीदा हो, लेकिन अगर जिम्बाब्वे खास मौकों का फायदा उठाता है।

# आचार संहिता तोड़ने पर अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी पर जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी पर टी-20 विश्व कप 2026 ग्रुप डी के मैच में दक्षिण अफीका के खिलाफ आईसीसी अचार संहिता के लेवल 1 को तोड़ने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, नबी को कोड के आर्टिकल 2-4 को तोड़ने का दोषी पाया गया, जो इंटरनेशनल मैच के दौरान अंपायर के निर्देश को न मानने से जुड़ा है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर की शुरुआत में हुई, जब नबी दक्षिण अफीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के रिस्टबैंड को लेकर मैदानी अंपायरों से बात कर रहे थे। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम



ऑफिशियल फटकार और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 परसेंट जुर्माना हो सकता है। मैच का अंत बहुत ही नाटकीय तरीके से हुआ, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने दो सुपर ओवर के बाद रोमांचक जीत हासिल की। खास बात यह है कि मोहम्मद नबी ने 150 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, और इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों के एलीट ग्रुप में शामिल हो गए हैं।

# स्टर्लिंग के स्कैन की रिपोर्टों का इंतजार



● आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के दौरान घुटने में लगी थी चोट

**कोलंबो, वार्ता।** आयरलैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप मैच के दौरान कैप्टन पॉल स्टर्लिंग के घुटने में लगी चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन के नतीजों का इंतजार है। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आयरलैंड की 67 रन की हार के दौरान एक कैच पूरा करते समय स्टर्लिंग के दाहिने घुटने में चोट लग गई थी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, ओपनर ने आयरलैंड के लक्ष्य का पीछा करते हुए बैटिंग करने के लिए आने पर समस्या और बढ़ा दी और आखिरकार उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। बैटिंग कोच गैरी विल्सन ने मैच के बाद कन्फर्म किया कि स्टर्लिंग को स्कैन के लिए भेजा गया था। विल्सन ने कहा कि यह बहुत अच्छा नहीं लग रहा है। वह आज शाम स्कैन के लिए गए थे, इसलिए हमें कन्फर्मेशन का इंतजार करना होगा। लेकिन मैं कहूंगा कि यह आइडियल नहीं लग रहा है। विल्सन ने बताया कि स्टर्लिंग ने टीम के लिए योगदान देने की कोशिश में तकलीफ के बावजूद बैटिंग करने का फैसला किया। विल्सन ने कहा कि इसका क्रेडिट उसे जाता है। उसे पता था कि वह शायद ठीक नहीं है, और फिर भी उसने टीम के लिए काम पूरा करने की कोशिश की। बदकिस्मती से, आज रात ऐसा नहीं हो सका। यह टूर्नामेंट में आयरलैंड की दूसरी हार थी, जिससे उन्हें सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जदिा रखने के लिए ओमान और जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने बाकी ग्रुप मैचों में जीत की जरूरत थी। हालांकि, विल्सन आशावादी बने रहे, उन्होंने कहा कि आयरलैंड ने अपने शुरुआती मैचों में अच्छे संकेत दिखाए थे। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ 65.70 प्रतिशत गेम के लिए, मुझे लगा कि हम बेहतर टीम थे। बस उनकी और हमारी पारी के आखिरी पांच ओवर ऐसे थे जहां हम ठीक से तालमेल नहीं बिठा पाए। उस ड्रेसिग रूम में बहुत टैलेंट है और बहुत ज्यादा विश्वास है।

# डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट में खेलेंगे वैभव



● मुंबई में हर साल होने वाले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेती हैं

**मुंबई, वार्ता।** टीनएज सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी के मुंबई में डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट में खेलने की संभावना है। नवी मुंबई में होने वाले इस सालाना कॉम्पिटिशन में हर साल 16 टीमें हिस्सा लेती हैं, और इस सीजन में भारत का अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाला यह स्टार डीवाई पाटिल की किसी एक टीम को रिप्रेजेंट करने के लिए तैयार है। ऑर्गनाइजर आमतौर पर कॉम्पिटिशन में दो टीमें उतारते हैं। सूर्यवंशी और टूर्नामेंट ऑर्गनाइजर के करीबी सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि प्लेयर की टीम से बातचीत चल रही है और इस युवा खिलाड़ी के टूर्नामेंट में खेलने की संभावना बहुत ज्यादा है। यह आईपीएल सीजन से पहले हो रहा है, और इस साल 23 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में आमतौर पर कई इंटरनेशनल प्लेयर हिस्सा लेते हैं। सूर्यवंशी, जिन्होंने हाल ही में हरारे में इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ 175 रन बनाए थे, अभी नागपुर के पास तालेगांव में हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स की एक फैसिलिटी है। हरारे से आने के बाद, 14 साल का यह खिलाड़ी घर नहीं गया और इसके बजाय आईपीएल सीजन की तैयारी करने लगा। उनके एक करीबी सूत्र ने बताया कि वह अभी तालेगांव में प्रैक्टिस कर रहे हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स का कैंप चल रहा है। कैंप 21 फरवरी तक चलेगा, जिसके बाद सूर्यवंशी पटना और फिर अपने होमटाउन जाएंगे। उनके शहर में एक प्रमोशनल इवेंट है। जहां उन्हें एक गाड़ी गि" ट किए जाने की उम्मीद है। लगता है यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था और उसके बाद, वह डीवाई पाटिल टूर्नामेंट के लिए मुंबई आ सकते हैं। डीवाई पाटिल स्टेडियम में हर साल होने वाला डीवाई पाटिल टूर्नामेंट, देश के सबसे पुराने टी-20 कॉम्पिटिशन में से एक है, जो 2003 में शुरू हुआ था। यह जगह हाल ही में इंडियन और ग्लोबल क्रिकेट के हॉटस्पॉट में से एक रही है।

# पीएसएल के पहले ऑक्शन में नसीम, फहीम को मिली रिकॉर्ड फीस

## ऑक्शन में नसीम शाह व फहीम अशरफ बड़े विनर रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा कीमत मिली

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पीएसएल के पहले ऑक्शन में नसीम शाह और फहीम अशरफ बड़े विनर रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा कीमत मिली। 86.5 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में, नसीम शहर के उस पार इस्लामाबाद यूनाइटेड से इस्लामाबाद के ट्विन सिटी, रावलपिडी में बनी नई टीम में चले गए, जबकि फहीम 85 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में इस्लामाबाद यूनाइटेड लौट आए। हर टीम को रिटेंशन की संख्या आठ से घटाकर चार कर दी गई थी, इसलिए यह साफ था कि खिलाड़ियों को उनकी पुरानी टीमों ने ले लिया क्योंकि फेंचाइजी अपनी टीमों को मजबूत करना चाहती थीं। 2025 में कराची किंग्स के कप्तान, डेविड वार्नर, 79 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में फ्रेंचाइजी में लौट आए, जबकि लाहौर कलंदर्स हारिस रऊफ की सर्विस फिर से लेना चाहते थे, और उन्हें 76 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में ले लिया। उन्होंने फखर जमान को रिटेन करने के लिए और भी ज्यादा पैसे दिए, जिसके लिए उन्हें 79.5 मिलियन पाकिस्तानी रुपए देने पड़े। राइली रोसौ एक और खिलाड़ी थे जो उस टीम में वापस जा रहे थे जहां उन्होंने पहली बार पीएसएल में अपना नाम बनाया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स, जिन्हें उन्होंने 2022 में अपना एकमात्र टाइटल जीतने में मदद की थी, ने साउथ अफीकन खिलाड़ी को 55 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में खरीदा, जबकि हसन अली 47.6 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में कराची लौटे। न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को नीलामी में ऊंची कीमतें मिलीं। डेरिल मिशेल ने एक जबरदस्त बोली लगाई, जिसका अंत रावलपिडी द्वारा 80.5 मिलियन पाक रुपए में उनके लिए किए जाने के साथ हुआ, जबकि इस्लामाबाद यूनाइटेड ने इसी तरह की दिलचस्पी को रोकते हुए मार्क चैपमैन को 70 मिलियन पाक रुपए में साइन किया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में, एडम जम्पा को कराची ने 45 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में साइन किया, जबकि 41 साल के पीटर सिडल को उनके हालिया बीबीएल फॉर्म के लिए 25 मिलियन पाक रुपए की डील मिली। हैदराबाद ह्यूस्टन किंग्समेन ने मार्नस लाबुशेन को डायरेक्ट साइन किया था और सैम अयूब को रिटेन किया था। वे ऑक्शन में ज्यादा कंट्रोल में थे, लेकिनपाक -अमेरिकन फ्रेंचाइजी के तौर पर अपनी ब्रांड इमेज को मजबूत करने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने हम्माद आजम और शायन जहांगीर को लिया, जो पाक में जन्मे दो खिलाड़ी हैं और अब अमेरिका को रिप्रेजेंट करते हैं।

# ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक

● ऐश्वर्य प्रताप ने निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में 20 मी. राइफल थ्री पोजिशन में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता पदक




**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां डॉ. कर्णी सिह शूटिग रेंज में मुकाबला करते हुए, 25 साल के भारतीय निशानेबाज ने फाइनल में नीलिग, प्रोन और स्टैंडिंग राउंड के बाद कुल 362-0 के साथ अपने खिताब का बचाव किया। कुल मिलाकर, यह एशियन चैंपियनशिप में ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर का पांचवां व्यक्तिगत निशानेबाजी पदक है। इससे पहले उन्होंने दोहा 2019 में कांस्य, चांगवोन 2023 में स्वर्ण, जकार्ता 2024 में रजत और शिमकेंट 2025 में स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में भी क्लीन स्वीप किया, जिसमें नीरज कुमार ने 361-8 के साथ रजत और अखिल श्योरण ने 343.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले, नीरज, ऐश्वर्य और अखिल की तिकड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1769.106 स्कोर करके भारत को टीम स्वर्ण दिलाया। जापान 1754.86 के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि कजाकिस्तान ने 1748.87 के साथ कांस्य पदक जीता। नीरज 593.34 के साथ क्वालिफाइंग में शीर्ष पर रहे, उनके बाद रुद्रांक्ष पाटिल (591.33) रहे, जिन्होंने रैंकिग पॉइंट्स ओनली (आरपीओ) के लिए मुकाबला किया। ऐश्वर्य (588.40) क्वालिफिकेशन में तीसरे और अखिल (588.32) चौथे स्थान पर रहे। आरपीओ के लिए निशानेबाजी कर रहे निखिल तंवर ने 587.29 के साथ छठा स्थान हासिल किया। आज मिले पदकों के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की कुल संख्या 26 हो गई है। भारत ने 10 स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य पदक जीते है।

# अमेरिका को टूर्नामेंट में रहना है, तो जीतना होगा मैच




● संयुक्त राज्य अमेरिका को आज नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार उन्हें सुपर-8 की दावेदारी से बाहर कर सकती है

**चेन्नई, वार्ता।** मुंबई में खेले अपने पहले ग्रुप मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत के सामने चुनौती पेश की लेकिन कोलंबो में पाकिस्तान की टीम उनके ऊपर हावी रही। शुक्रवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार उन्हें सुपर-8 की दावेदारी से बाहर कर सकती है। इतिहास भी अमेरिका के पक्ष में नहीं हैं, पुरुष टी-20 में नीदरलैंड्स के खिलाफ तीनों मुकाबले में उन्हें हार मिली है। अभ्यास मैच में अमेरिका ने न्यूजीलैंड को परेशानी में डाला था लेकिन इसके बाद चोटों ने उनकी टीम को कमजोर किया है। तेज गेंदबाज अली खान ग्रोइन इंजरी से उबर रहे हैं जबकि जसदीप सिह कंधे की चोट के चलते टी-20 विश्व कप 2026 से बाहर हो चुके हैं, उनकी जगह पर पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज एहसना आदिल को दल में शामिल किया गया है। आदिल को दूसरे मुकाबले में सीधे एकादश में जगह मिली थी लेकिन तीन ओवरों में उन्होंने 39 रन खर्च किए थे। यह देखना होगा कि अपना घुटना चोटिल कर बैठे शुभम रांजने इस मुकाबले के लिए पूरी तरह फटि हो पाते हैं या नहीं। अमेरिका अभी तक अपनी सलामी जोड़ी तय नहीं कर पाया है। साईतेजा मुक्कामल्ला को भारत के खिलाफ एक असफल पारी खेलने के बाद अगले मुकाबले से बाहर कर दिया गया। जबकि विश्व कप से पहले वह अमेरिका के सबसे सफल बल्लेबाज थे और उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 31 गेंदों पर 50 रन भी बनाए थे। नीदरलैंड्स नामीबिया के खिलाफ बास डी लीडे के ऑलराउंड प्रदर्शन से जीत के बाद आत्मविश्वास से भरा होगा।

## श्रीलंका ने ओमान को 105 रनों से रौंदा

**पल्लेकेले, वार्ता।** कुसल मेंडिस (61), पवन रत्नायके (60) और कप्तान दासुन शनाका (50) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 16वें मुकाबले में ओमान को 105 रनों से करारी शिकस्त दी। 226 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सके और लगातार विकेट गंवाते रहे। ओमान की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 120 रन ही बना सकी और 105 रनों से मुकाबला हार गई। वसीम अली ने 20 गेंदों में तीन छक्के उड़ाते हुए 27 रन बनाए। वहीं मोहम्मद नदीम आखिर तक टिके रहे और उन्होंने 56 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए दुष्मंत चमीरा और महीश तीक्षणा ने दो-दो विकेट लिए। दुनित वेल्लालगे, दुशान हेमंता और कामिडु मेंडिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ऑमी पॉल ने आखिरी सेट का टाई-ब्रेक जीता, फ्रिट्ज की आसान जीत

● पांचवें सीड पॉल ने अपने फोरहैंड से 18 विनर मारे और हमवतन ब्रूक्सवी को हराया

**डलास, वार्ता।** पूर्व नेक्सो डलास ओपन चैंपियन ऑमी पॉल बुधवार को अपने ओपनर में बहुत मुश्किल में थे, लेकिन उन्होंने 2022 के फाइनलिस्ट जेनसन ब्रूक्सबी को हराकर एटीपी 500 के दूसरे राउंड में जगह बना ली।

दो घंटे, 25 मिनट के मुकाबले में, पॉल ने अपने अमेरिकी हमवतन ब्रूक्सबी को 4-6, 6-4, 7-6(4) से हराया। पांचवें सीड पॉल ने अपने फोरहैंड से 18 विनर मारे और तीसरे सेट में अपनी पहली सर्व के पीछे शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 में से 21 पॉइंट जीते। पॉल, जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन में चौथे राउंड में पहुंचे थे, ने 2024 में टूर्नामेंट में ट्रॉफी उठाई थी, जब यह अभी भी एटीपी 250 था, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 28 साल के पॉल अपनी हेड2हेड सीरीज में ब्रूक्सबी से 3-1 से आगे हैं और अगले मैच में मिओमिर केकमानोविच से भिड़ेंगे। ऑप सीड टेलर फ्रिट्ज ने एक घंटे और नौ मिनट के बाद कैलिफोर्निया के अपने साथी ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-3, 6-4 से हराया। एटीपी रैंकिंग में दुनिया के 7वें नंबर के खिलाड़ी ने अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 83 प्रतिशत जीते और अपने सामने आए सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। फ्रिट्ज, जिन्हें मार्कोस गिरोन के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच के शुरुआती स्टेज में दाहिने घुटने में दिक्कत हुई थी, ने नाकाशिमा के खिलाफ मूवमेंट में कोई रुकावट नहीं दिखाई।

क्वार्टर फाइनल में, 28 साल के इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला एक और अमेरिकी, सेबेस्टियन कोर्डा से होगा, जिन्होंने आठवीं सीड फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-1 से हराया। 25 साल के कोर्डा ने अपनी पहली सर्व के बाद सिर्फ चार पॉइंट गंवाए और 68 मिनट के बाद आत्मविश्वास से अपना बैकहैंड लगाया और आगे बढ़ गए। अमेरिकी इथन क्विन ने वाइल्ड कार्ड ट्रेवर स्वेज्डा को 7-6(3), 7-5 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए, रैंकिग में नंबर 74 खिलाड़ी ने पहले सेट में ब्रेक डाउन से उबरते हुए, स्वेज्डा के खिलाफ अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 87 प्रतिशत (41/47) जीता, और एक घंटे 47 मिनट के बाद जीत हासिल की। क्विन दूसरे राउंड में मारिन सिलिच से खेलेंगे।

# सेरुंडोलो अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लोकल फेवरेट और ऑप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो बुधवार को बोलीविया के ह्यूगो डेलियन को 6-0, 7-6 (6) से हराकर अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। वर्ल्ड नंबर 19 सेरुंडोलो ने शुरुआती सेट में दम दिखाया और दूसरे सेट में आठ सेट पॉइंट बचाकर ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब के आउटडोर क्ले कोर्ट पर एक घंटे 24 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। 27 साल के सेरुंडोलो ने कहा कि शुरुआत में चीजें जिस तरह से हुईं, उससे मैं खुश था लेकिन फिर उसने अग्रेसिव खेलना शुरू कर दिया और यह मुश्किल हो गया। मैंने कुछ सेट पॉइंट बचाए और मैं बस आगे बढ़कर खुश हूं। सेरुंडोलो एटीपी 250 इवेंट के अगले राउंड में चेक रिपब्लिक के विट कोप्रिवा से भिड़ेंगे। कोप्रिवा ने दिन में पहले इटली के आठवें सीड मातियो

# संक्षिप्त खेल समाचार

## देव-सिन्हा भारतीय टीम को लीड करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के डेन स्वीनी और जापान के सेइता वतनबे दिल्ली ओपन 2026 में एक कॉम्पिटिटिव डबल्स फील्ड में हेडलाइन करेंगे, जो 16 से 22 फरवरी तक डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होगा। एटीपी चैलेंजर इवेंट में जाने-माने डबल्स स्पेशलिस्ट और सिंगल्स प्लेयर्स का एक मजबूत मिक्स है, जो ड्रॉ में गहराई और रोमांच जोड़ता है। स्वीनी और वतनबे फील्ड में ऑप-रैंक वाली जोड़ी के रूप में एंट्री करते हैं, जिनकी कंबाइंड टीम रैंकिग 265 है। वतनबे, जो डबल्स में 127 रैंक पर हैं, स्वीनी के साथ मिलकर काम करते हैं, जो सिंगल्स में 138 पर हैं, जो टूर्नामेंट में सबसे मजबूत कॉम्बिनेशन में से एक है। भारतीय चुनौती का नेतृत्व एस डी प्रज्ज्वल देव व नितिन कुमार सिन्हा करेंगे, जो मेन ड्रॉ में सबसे ऊंची रैंक वाली ऑल-इंडियन जोड़ी हैं। देव (219) व सिन्हा (243) एक अनुभवी इंटरनेशनल फील्ड के खिलाफ जाने-पहचाने घरेलू हालात का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

## इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट की महिला टीम ने जीता खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने गत विजेता दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना को कांटे के संघर्ष में सडनडेथ में 8-7 से पराजित कर 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमो. रियल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। विजेता टीम की खिलाडी यशस्वी ने प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड प्राप्त किया। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर खेले गए फाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस (आईजीआईपीईएसएस) और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना के बीच निर्धारित समय में मुकाबला 2-2 से बराबरी पर रहा था। इसके बाद टाईब्रेकर में भी दोनों टीमों ने पांच-पांच गोल कर दिए और स्कोर 7-7 हो गया।

## बेंगलुरु आईटीएफ महिला टूर्नामेंट की मेजबानी को तैयार

**बेंगलुरु, वार्ता।** नीदरलैंड्स पर डेविस कप में भारत की रोमांचक जीत के कुछ दिनों बाद, बेंगलुरु एक और मशहूर इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट - केपीबी ट्रस्ट आईटीएफ महिला ओपन 100 बेंगलुरु 2026 के चौथे एडिशन को होस्ट करने के लिए तैयार है। यह टूर्नामेंट, जो भारत का सबसे बड़ा आईटीएफ महिला टेनिस टूर्नामेंट है, जो 15-22 फरवरी तक बेंगलुरु के एस-एम- कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होगा। आईटीएफ महिला 100 कैटेगरी में डब्ल्यूटीए रैंकिग पॉइंट्स मिलते हैं और यह आईटीएफ और डब्ल्यूटीए टूर्स के बीच एक ब्रिज का काम करता है। इस इवेंट में 32-प्लेयर सिंगल्स मेन ड्रॉ, 32-प्लेयर क्वालिफाइंग ड्रॉ और 16-टीम डबल्स ड्रॉ शामिल हैं, जिसका मेन ड्रॉ 17 फरवरी से शुरू होगा। भारत की ऑप रैंक वाली महिला खिलाड़ी सहजा, देश की ऑप रैंक वाली जूनियर खिलाड़ी से होगा।

# रामपुर अधिवक्ता हत्याकांड के विरोध में पीली कोठी चौराहे पर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर लगाया जाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद खां की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में गुरुवार को मुरादाबाद के अधिवक्ता सड़कों पर उतर आए। बार एसोसिएशन के आह्वान पर वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और कचहरी परिसर से जुलूस निकालते हुए पीलीकोठी चौराहे पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया, जिससे यातायात प्रभावित हो गया।प्रदर्शन के दौरान "अधिवक्ता एकता जिंदाबाद" के नारे लगाए गए। स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिवक्ताओं ने एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।इससे पूर्व दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के सभागार में शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि दी गई। सभा का संचालन महासचिव कपिल गुप्ता ने किया तथा अध्यक्षता आनंद मोहन गुप्ता ने की। वक्ताओं ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाई और सरकार पर सुरक्षा को लेकर लापरवाही का आरोप लगाया।बार पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उच्चस्तरीय जांच कर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में जितेंद्र प्रताप सिंह (जेपी), आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ, अभिषेक भटनागर, अंजार हुसैन, पुनीत चौहान, विजेंद्र राज सिंह, सुनील सक्सेना, त्रिलोक चंद्र दिवाकर और राजेश दयाल, शमीम सैफी, नासिर अली, मौ. सालिम, अनुज शर्मा, मुकेश वर्मा, विपिन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।





## रामपुर में अधिवक्ता की हत्या पर भड़के तहसील के वकील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रामपुर में अधिवक्ता की हत्या को लेकर तहसील के वकीलों में भारी रोष है। बृहस्पतिवार को तहसील बार एसोसिएशन की आपात बैठक अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुलाई गई इसमें सभी वकीलों ने कहा कि वकील दिनों दिन असुरक्षित होते जा रहे हैं जो चिंता की बात है इसको लेकर सरकार को गंभीरता से कदम उठाकर अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करना चाहिए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। वक्ताओं ने कहा वकीलों पर जहां तहां रोजाना हमले हो रहे हैं। बैठक में हत्याकांड के विरोध में तहसील परिसर में स्थित सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्य नहीं करने का निर्णय लिया गया बैठक में दो मिनट का मौन रख मृतक के प्रति शांति के लिए प्रार्थना भी की गई। बैठक में रामकुमार सिंह यादव, अजय पाल सिंह, सुनील कुमार,जबर सिंह, आफाक हुसैन, नवाब हुसैन, अनवार हुसैन, अनोद कुमार,मोहित कुमार,भगवान शरण माथुर, तेज प्रताप सिंह चौहान, चौधरी विजयवीर सिंह आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### श्रीमद् भागवत कथा में गोवर्धन पूजा के प्रसंग पर खूब लगे जयकारे

**बिलारी।** श्री चामुंडा गमादेवत के तत्वाधान में सहसपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। कथा व्यास पूज्य दीपक उपाध्याय व्यास जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण एवं विस्तारपूर्वक वर्णन किया। पंचम दिवस की कथा में पूज्य व्यास जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, माखन चोरी, पूतना उद्धार तथा गोवर्धन लीला का विशेष रूप से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के अहंकार का नाश किया और भक्तों की रक्षा की। उन्होंने श्रद्धालुओं को अहंकार त्याग कर भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें गिरिराज जी को छप्पन भोग अर्पित किए गए। गोवर्धन पूजा के अवसर पर पूरा पंडाल भजन-कीर्तन और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से गिरिराज महाराज की पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा स्थल पर भक्ति संगीत से वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में भावविभोर होकर झूमते नजर आए। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। मुख्य यजमान. लता सरीन विष्णु सहाय सरीन, यजमान. भूपेंद्र श्रोत्रिय. संगीता श्रोत्रिय, मुख्य अतिथि मुन्ना श्रोत्रिय, सती शर्मा, सुधाकर शर्मा. दिवाकर शर्मा. चौधरी महेंद्र सिंह, प्रदीप शर्मा. संजू गुप्ता. सुरेश पाल आदि रहे।



### नोटिस पर तहसील आने वालों की भीड़ बरकरार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को दिखाई दे रही रुचि



**कांठ( शाह टाइम्स )** एस आई आर के दौरान मतदाताओं को जारी किए गए नोटिस का जवाब देने आने वालों की तहसील में भीड़ बरकरार है लोगों में मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की रुचि भी दिखाई दे रही है बतादे की एसआईआर के दौरान 2003 की लिस्ट में नाम होने ना होने वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे जिन्हें तहसील के अलग-अलग कार्यालय में अलग-अलग तारीख पर बुलाया गया लेकिन अभी तक भी लोगों की भीड़ कम नहीं हुई है आज भी नोटिस का जवाब देने आए लोगों की काफी भीड़ तहसील में लगी रही और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भी महिला और पुरुषों में रुचि दिखाई दी।

### महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक हेतु भरतावाला से रवाना हुए 110 कांवरिए, भक्ति भाव से गूंजा क्षेत्र

**ठाकुरद्वारा।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ग्राम भरतावाला से भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का एक विशाल जत्था गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। 9 फरवरी को निकला यह कांवरिया दल 11 फरवरी को मोक्षदायिनी मां गंगा का पवित्र जल लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर चुका है। बताया गया कि भरतावाला से लगभग 110 कांवरिए गंगाजल लेकर पैदल यात्रा करते हुए 15 फरवरी, महा. शिवरात्रि के दिन काशीपुर स्थित प्रसिद्ध मोटेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। शिवभक्तों ने बताया कि मोटेश्वर महादेव मंदिर के प्रति भरतावाला के श्रद्धालुओं की विशेष आस्था है और वर्षों से यहां जलाभिषेक की परंपरा चली आ रही है। एक श्रद्धालु ने बताया कि यह उनकी 24वीं कांवड़ यात्रा है, जो भगवान शिव की कृपा और विश्वास का प्रतीक है। हरिद्वार से गंगाजल लाने वाले श्रद्धालुओं में डॉ. ओमपाल सिंह सैनी, राजबाला सैनी, प्रवेश कुमारी, बबीता देवी, विमला देवी, इमरती देवी, राखी कुमारी, अंशु कुमारी, गीता कुमारी, रामदुलारी, लोकेश कुमार, राकेश कुमार, विष्णु कुमार, मोनू कुमार, कृष्ण सैनी, ओमेंद्र सैनी, विमल सैनी, ललित कुमार, जोगिंदर सिंह सैनी, हेमराज सैनी, जयवीर सिंह सैनी, सोनू सैनी, महेश सैनी, धर्म सिंह सैनी, महेंद्र सिंह सैनी सहित अन्य अनेक शिवभक्त शामिल हैं। श्रद्धालुओं की इस पदयात्रा में अनुशासन, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। ग्रामीणों ने जगह-जगह कांवरियों का स्वागत कर उनके लिए जलपान की व्यवस्था की। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होने वाला यह जलाभिषेक क्षेत्र में धर्म, आस्था और परंपरा की सशक्त अभिव्यक्ति माना जा रहा है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर एनएसएस की जागरूकता रैली, ग्रामीणों को बताए यातायात नियम

**ठाकुरद्वारा।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाइयों द्वारा गुरुवार को "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुखदेई स्मारक महाविद्यालय, रतुपुरा में आयोजित बैठक से हुई, जिसमें एनएसएस की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवक एकत्र हुए। बैठक में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई और उनके कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अधिकांश हादसे लाप. रवाही, यातायात नियमों की अनदेखी और जागरूकता के अभाव में होते हैं, जिन्हें जन-जागरूकता के माध्यम से कम किया जा सकता है। रैली के दौरान ग्रामीणों को हेलमेट का उपयोग, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यातायात संकेतों का सम्मान करने के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने नारे लगाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर दीपा, अंजलि, चांदनी, अनवेशा, मोहनी, सुहानी सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना तथा लोगों में सुरक्षित यातायात व्यवहार की भावना विकसित करना रहा।



# पंचायत भवन में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर बैठक हुई आयोजित, 18 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं

**मुरादाबाद।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को पंचायत भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने की। बैठक में परीक्षा संबंधी विभिन्न बिंद. ुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद में इस वर्ष 112 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 18 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा में कुल 75,760 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, नकल विहीन परीक्षा तथा समयबद्ध संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रति. निधि भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने पर जोर दिया।



## सेना व रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने त्रिशूल डिफेंस म्यूजियम' का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** नगर निगम द्वारा निर्मित 'त्रिशूल डिफेंस म्यूजियम' का रक्षा मंत्रालय और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को सेना के उच्च अधिकारियों की एक टीम ने संग्रहालय पहुंचकर निर्माण कार्य, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा प्रदर्शित की जाने वाली सैन्य सामग्री की तैयारियों का गहन जायजा लिया।अधिकारियों ने संग्रहालय भवन की संरचना, गैलरियों की व्यवस्था, तकनीकी इंस्टॉलेशन और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि संग्रहालय को उच्च गुणवत्ता और राष्ट्रीय स्तर की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किया जा सके।इससे पूर्व भी रक्षा मंत्रालय, भारतीय सेना तथा डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) के अधिकारी कई बार निरीक्षण कर चुके हैं। अधिकारियों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संग्रहालय में प्रदर्शित सैन्य उपकरण, मिसाइल मॉडल और रक्षा तकनीक से जुड़ी जानकारियां प्रमाणिक और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत हों। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार 'त्रिशूल डिफेंस म्यूजियम' युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने और उन्हें रक्षा क्षेत्र की उपलब्धियों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ने धूमधाम से मनाया 90 वां शिव जयंती महोत्सव, नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

**बिलारी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र बिलारी द्वारा 90 वीं शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में एक भव्य और दिव्य शोभा यात्रा निकालकर नगर वासियों को शिव बाबा का संदेश दिया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने शिव बाबा का ध्वज दिखाकर किया, उसमें अनेक बी के भाई बहन हाथों में सदवाक्य लिखे पोस्टर तख्तियां और पताकाएं लिए थे। इससे पहले आश्रम में कार्यक्रम हुआ जिसका शुभारंभ एसडीएम विनय कुमार सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू चौधरी और नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने शिवलिंग पर माला समर्पित करके किया, केक भी काटा गया। नम्रता नामक बालिका ने शिव बाबा के गीत पर ब्रह्म नृत्य की प्रस्तुति दी। बी के अनीता ने सभी को शिवरात्रि की शुभकामना देते हुए शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया। इसके उपरांत अतिथियों ने आश्रम के मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में रघुनाथ सिंह, महेश पाल सिंह, रनवीर सिंह, राजवीर सिंह यादव, राजेंद्र सिंह,ओमवीर सिंह,देवेंद्र गांधी, पान सिंह चौहान,रामकुमार यादव, अनिल कुमार, शिव औतार,रामेश्वर, योगेंद्र सिंह, मोहर सिंह,रामकिशोर, जगपाल, योगी कुमार प्रदीप, हरपाल सिंह, सरस्वती मोर्य, शांति देवी, नेमवती, नीशू गौड़, रेनू मौर्य,किरन, सुभाषिनी वर्मा, संतोष, फूलवती, कैलाशो, रामप्यारी आदि शामिल रहे। शोभायात्रा के शाहाबाद रोड पहुंचने पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में शोभायात्रा पर पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, भी रहे।

शोभायात्रा आश्रम से चलकर पुरानी तहसील, शाहबाद रोड, सरिया फैक्ट्री से शक्ति नगर, शांतिपुरम होती हुई महाराणा प्रताप चौक, कोतवाली, ओम विहार कॉलोनी, स्टेशन रोड, मानवता गली, साहू कुंज डॉक्टर भारद्वाज वाली गली से गांधी मूर्ति चौराहा, हर्ष नगर वाल्मीकि बस्ती, शंकर भवन, नागों वाले मंदिर से रैली चौक सराफा बाजार गांधी आश्रम होली चौक होती हुई ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर जाकर समाप्त हुई।

# टीएमयू की अब अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी किलिमंजारो पर दस्तक

**मुरादाबाद।** कहते हैं, अगर हौसला बुलंद हो तो कठोर से कठोर लक्ष्य भी आसान होता है। यह कथन जाने-माने पर्वतारोही एवम् पेशे से शिक्षक श्री मनोज कुमार पर सटीक उतरता है। इस पर्वतारोही ने गणतंत्र दिवस पर अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट किलिमंजारो को फतह कर लिया। यह

विशेषकर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी परिवार के लिए अविस्मरणीय पल रहे, क्योंकि माउंटेनियर मनोज ने तिरंगे के संग-संग टीएमयू का बैनर भी इस सर्वोच्च चोटी पर लहराया।माउंट कि लिमंजारो पर भी टीएमयू की दस्तक से गदगद कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, सामाजिक सरोकारों के प्रति हमारी अगाध आस्था है। जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, यह बड़ी उपलब्धि इतिहास में दर्ज हो गई है। यह कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की वित्तीय मदद ने माउंटेनियर मनोज कुमार के सपनों में रंग भर दिया है। उल्लेखनीय है, लेफ्टिनेंट कर्नल पूजा नौटियाल भी सामाजिक सरोकार के तहत टीएमयू की आर्थिक मदद से 20 मई 2025 को विश्व की सर्वोच्च चोटी- माउंट एवरेस्ट फतह कर चुकी हैं। महंत श्री गुरविंदर सिंह के संग पर्वतारोही श्री मनोज कुमार का यूनिवर्सिटी कैंपस आगमन हुआ, जहां उन्होंने इस उपलब्धि की फोटो कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन को भेंट की। कुलाधिपति ने भी पर्वतारोही को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

अपनी इस चुनौतीपूर्ण यात्रा का जिक्र करते हुए पर्वतारोही श्री मनोज कुमार बताते हैं, 21 जनवरी को तंजा. निया के मोशी शहर पहुंचे, जहां किलिमंजारो के नेशनल पार्क से अपने अभियान का श्रीगणेश किया। छठे दिन यानी 26 जनवरी को प्रातः 09 बजे जैसे ही उन्होंने अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट किलिमंजारो को स्पर्श किया तो दिल आस्था से भर गया। उन्होंने बिना समय गंवाए तिरंगे के संग टीएमयू का बैनर लहरा दिया। पर्वतारोही श्री मनोज कुमार के नाम पहले से ही अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय उपलब्धियां दर्ज हैं। 2025 में रूस की माउंट चेंगेट और यूरोप महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट एल्ब्रूस को फतह किया।

2024 में हिमाचल प्रदेश की बुनम चोटी, कांग वात्शे-2 और कांग वात्शे-1 की सफलता भी उनकी झोली में है। एक पखवाड़े में इन तीन प्रमुख चोटियों पर तिरंगा फहराने का जुनून उन्हें खघस बनाता है। उल्लेखनीय है, मनोज कुमार शहीद पर्वतारोही श्री रवि कुमार के भाई हैं। माउंटेनियर श्री रवि कुमार ने 20 मई 2017 माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराकर भारत का गौरव बढ़ाया था, लेकिन लौटते समय खराब मौसम के चलते वे शहीद हो गए थे।



# खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को किए गए प्रमाण पत्र वितरित

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चल रहे दो दिवसीय मीना मंच पावर एंजेल एवं जेंडर एक्टिविटी पर आधारित कार्यशाला का गुरूवार का समापन हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस रहे । सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर कार्यशाला का विधिवत समापन किया गया । इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में मीना मंच के सशक्त गठन किया जाए कक्षा 6, 7, 8 से 11 छात्र को पावर एंजेल के रूप में चयनित किया जाए । जिससे साहस नि डरता और प्रभावशाली व्यक्तित्व कौशल का विकास किया जा सके। नवनीत कुमार बिश्नोई संदर्भ दाता ने विद्यालय के टूल 10 भरने में आ रही समस्या उनके निराकरण के उपायों पर मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सुगमकर्ता अपने-अपने विद्यालय में लौटकर मीना मंच के प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए टूल्स का प्रशिक्षण दो अन्य अध्यापकों को भी दें ताकि यह पहला स्थाई रूप से विद्यालय में प्रभावी रूप से लागू हो सके। ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाता जितेंद्र कुमार ने अपने सत्र में सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और बच्चों को उनसे सुरक्षित रखने के उपाय बता कर बालिका शिक्षा , पॉस्को एक्ट एवं बाल संरक्षण आयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की जिससे उपस्थित शिक्षकों में बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता और दृढ़ता का भाव उत्पन्न हुआ। कार्यशाला के समापन में खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर मीना मंच के उद्देश्यों को विद्यालयों में अप्लाई करने पर बल दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वह जेंडर एक्टिविटी बाल अधिकारों सुरक्षा एवं सामाजिक समानता के मूल्यों को अपने विद्यालय में व्यावहारिक रूप से लागू करेंगे।

इस दौरान शिक्षिक सोनिया चौहान शिखा गुप्ता नाजिया करीम पारुल गहलोत हर्ष कुमार रश्मि गुप्ता रश्मि चौहान प्रमिला पंकज सुमित चौहान राजेश कुमार जितेंद्र कुमार डीके मौर्य आदि उपस्थित रहे।



# सत्यार्थ प्रकाश असत्य पर सत्य की विजय का द्योतक है: आचार्य कुंवरपाल शास्त्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज चाऊ की बस्ती, लाइनपार की मे दो दिवसीय महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्मदिन आयोजन प्रारंभ हुआ। जिसका प्रारंभ आर्य पुरोहित पं लालकिशौर शास्त्री ने अशोक आर्य -नीरज आर्य, निर्मल आर्य -प्रीता आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराके किया। तत्पश्चात आर्य विदुषी शुलभा शास्त्री ने ईश्वरीय भक्ति और महर्षि दयानंद सरस्वती से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किये।

आर्य विद्वान आचार्य कुंवर पाल शास्त्री ने बताया कि विश्व में वैदिक संस्कृति का बड़ा महत्व है। महाभारत काल से पूर्व तक भारत की सीमाएं बहुत विस्तृत थी और ऋषि मुनि और राजा वेद आधारित सिद्धांतो और मर्यादाओं के पालन करते थे। हाभारत में वैदिक ज्ञान, शक्ति और यश की बड़ी हानि हुई , परिणाम हुआ कि धर्म शास्त्रों का स्थान व्यक्तिगत पुस्तकों ने ले लिया और शास्त्रो के नाम पर असत्य परक ज्ञान प्रसारित होने लगा और परहित की जगह स्वहित का प्रभाव बढने लगा। ऐसे समय में मथुरा मे प्रज्ञाचक्षु विरजानंद स्वामी की कुटिया से गुरू की आज्ञा पालक महर्षि दयानंद सरस्वती निकला जिसने आजीविन गुरु को दिये वचन का पालन करते हुए वेद आधारित ऋषि मुनियो के वैदिक सिद्धांतों और मान्यताओं का पुनः प्रतिपादन करते हुए वेद की रक्षा हेतु 1875मे आर्य समाज की स्थापना की। महर्षि दयानंद सरस्वती ने ऋषि मुनियो की संस्कृति और वैदिक ज्ञान के विरुद्ध ज्ञान प्रसारित करने वाली 300 से अधिक पुस्तकों का अध्ययन किया जो मानवता, धर्म और सत्य के नाम झूंठ प्रसारित करके धर्म और संस्कृति को बहुत हानि पहुंचा रही थी के विरूद्ध सत्यार्थ प्रकाश लिखकर सत्यता को सामने रखा जिसके विरोध में कुछ मजहबी संस्थाओं ने तत्समय अनेक उच्च न्यायालयों में याचिकाएं दायर की लेकिन उनकी पुस्तकें अस्तित्वहीन होने के कारण याचिकाएं निरस्त हुईं। महर्षि दयानंद सरस्वती का सत्यार्थ प्रकाश असत्य पर सत्य की विजय का द्योतक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा अभय श्रोत्रिय ने की और संचालन साहित्यकार रामसिंह निशंक ने किया। कार्यक्रम में एस एस यादव, ऋषिपाल सिंह ज्ञानेंद्र गांधी, आशा जैमिनी,रमेश सिंह आर्य आर्य वेद मुनि, शन्नो आर्य, यशपाल आर्य मंजू, शोभा,क्षमा कोमल ,इंदू,रेखा,पूजा, कविता माधवी गायत्री,ज्वाला, अरविंद कुमार, मथुरा प्रसाद आर्य विजय कौशिक देवेंद्र चौधरी,आशा यादव सोनू हलवाई आदि उपस्थित रहे।





# सम्पादकीय

शुक्रवार, 13 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## घूसखोर पंडित पर रोक

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने घूसखोर पंडित फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी। साथ ही इसके फिल्म मेकर नीरज पाण्डेय को भी फटकार लगाई और स्पष्ट कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं किया जा सकता। भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा था कि फिल्म घूसखोर पंडित की रिलीज पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी बताती है कि उसने याचिकाकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लिया है और माना है कि इस तरह के टाइटल समाज में वैमनस्य का कारण बनते हैं। इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भूयान की बेंच कर रही है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। पीठ ने मेकर्स से साफ कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं। यह नैतिकता के खिलाफ है। हालांकि मैकर्स ने फिल्म का नाम बदलने पर सहमति जताई है। इस पर पीठ का कहना था कि जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते तब तक हम आपको इसी रिलीज करने नहीं देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश भी जारी किया है। जिसमें यह बात साबित करने के लिए कहा गया है कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचे नहीं दिखाता। असल में मेकर्स का कहना रहा है कि घूसखोर पंडित मात्र एक टाइटल है और इसका किसी व्यक्ति या समाज से लेना देना नहीं है। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी जैसे मंझु हुए अभिनेता काम कर रहे हैं। उनके अलावा नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार जुड़े हुए हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि फिल्में समाज को कहीं न कहीं से अवश्य प्रभावित करती हैं। इसलिए फिल्म मेकर्स को चाहिए कि वह इस तरह का कोई काम न करे। जिससे समाज में किसी तरह का वैमनस्य पैदा हो, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि घूसखोर पंडित कोई आज इकलौती फिल्म नहीं है जो विवादों के घेरे में है। पिछले कुछ समय से हम देख रहे हैं कि इस तरह की फिल्में लाई जाती हैं जो बड़े विवाद का कारण बनती हैं और समाज के एक हिस्से को प्रभावित करती हैं। कई बार तो यह भी देखने में आया है कि इस तरह की फिल्मों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है। छावा, कश्मीर फाइल्स, गुजरात फाइल्स आदि कई फिल्में काफी विवादों के घेरे में रहीं हैं। कई फिल्मों पर तो बवाल भी कटा। इस तरह की फिल्में वास्तव में नहीं बननी चाहिएं। सच तो यह भी है कि इस तरह की बातें सुप्रीम कोर्ट में नहीं जानी चाहिएं और जो इससे संबंधित विभाग है, यह उनके स्तर तक ही रहनी चाहिए। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस दिया है।

## किसानों, मजदूरों और श्रमिकों का भविष्य खतरे में



विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं, सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं, पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन



योगेश कुमार गोयल

आजादी के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' तथा 'भारत कोकिला' के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभरकर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्मदिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 147वीं जयंती मना रहा है।

सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान् वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की लेडी ऑफ द लेक नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह द गोल्डन थ्रैशहोल्ड 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें भारत कोकिला कहा जाता था। उन्हें शब्दों की जादूगरनी के नाम से भी जाना जाता था। 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लगभग सभी प्रमुख अंग्रेजी कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर लिया था।

मेधावी होने के कारण 1895 में हैदराबाद के निजाम ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के लिए वजीफे पर इंग्लैंड भेजा और इस प्रकार केवल 16 साल की उम्र में ही वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई। पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में उन्हें अध्ययन करने का अवसर मिला। इंग्लैंड का मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण वह 1898 में ही इंग्लैंड से स्वदेश लौट आई। जब वह इंग्लैंड से लौटी, तब फौजी डॉक्टर डा। गोविन्दराजुलु नायडू के साथ विवाह करने को उत्सुक थी, जिन्होंने तीन साल पहले उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा था। हालांकि शुरू में सरोि. जनी के पिता इस शादी के खिलाफ थे लेकिन बाद में 19 साल की उम्र में उनकी शादी डा। गोविन्दराजुलु के साथ हो गई।

1914 में जब सरोजिनी नायडू पहली बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली, तभी उनके विचारों से प्रभावित होकर वह वतन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर हो गई और अपना जीवन देशसेवा में समर्पित कर दिया। 1915 से 1918 तक उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजादी की लड़ाई में संकटों का डटकर मुकाबला करते हुए वह एक वीरांगना की भांति गांव-गांव, गली-गली घूमकर देश-प्रेम की अलख जगाकर देशवासियों को उनके कर्त्तव्य की याद दिलाती रही। उन्होंने न केवल गांधीजी के अनेक सत्याग्रह आन्दोलनों में हिस्सा लिया और जीवन-पर्यन्त उनके विचारों तथा मार्ग का अनुसरण किया बल्कि 'भारत छोड़ो आंदोलन' के तहत जेल भी गई थी। दांडी मार्च के दौरान गांधीजी के साथ अग्रिम पंक्ति में चलने वालों में वह भी शामिल थी। उनके विनोदी स्वभाव के कारण उन्हें 'गांधीजी के लघु दरबार में विदूषक' भी कहा जाता था।



महात्मा गांधी के अलावा सरोजिनी नायडू गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल कृष्ण गोखले, एनी बेसेंट तथा पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ भी विशेष रूप से जुड़ी रही। गोपाल कृष्ण गोखले को तो वह अपना राजनीतिक पिता मानती थी। गांधीजी तो अपने पत्रों में सरोजिनी नायडू को कभी 'डियर बुलबुल' तो कभी 'डियर मीराबाई' और कभी-कभी मजाक में 'अम्माजान' या 'मदर' भी लिखते थे, वहीं सरोजिनी भी गांधीजी को मजाकिया अंदाज में कभी 'जुलाहा' तो कभी 'लिटिल मैन' और कभी 'मिकी माउस' कहा करती थी। गांधीजी ने 8 अगस्त 1932 को सरोजिनी नायडू को लिखे एक पत्र में उन्हें 'बुलब. ुल' नाम से सम्बोधित किया था और उसी पत्र में उन्होंने स्वयं के लिए 'लिटिल मैन' शब्द इस्तेमाल किया था। सरोजिनी कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी। वह 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष बनी और 1932 में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गई। अंग्रेजी भाषा पर सरोजिनी की बहुत मजबूत पकड़ थी, लंदन की सभा में अंग्रेजी में बोलकर उन्होंने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बहुभाषाविद सरोजनी नायडू अपना भाषण क्षेत्रानुसार अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला अथवा गुजराती भाषा में देती थी। गांधीजी ने मधुर आवाज और उनके भाषणों से प्रभावित होकर ही उन्हें 'भारत कोकिला' की उपाधि दी थी। देश की आजादी के बाद सरोजिनी नायडू भारत की पहली महिला राज्यपाल बनी लेकिन यह पद स्वीकार करते समय उन्होंने कहा था कि वह स्वयं को 'कैद कर दिए गए जंगल के पक्षी' की भांति अनुभव कर रही हैं किन्तु वह पं. जवाहरलाल नेहरू का बहुत सम्मान करती थी, इसलिए उनकी इच्छा को टाल नहीं सकी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए काफी संघर्ष किया और समाज में फैली कुरीतियों के प्रति महिलाओं को जागृत किया तथा भारतीय समाज में जातिवाद, लिंग-भेद को मिटाने के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए। भारत में प्लेग महामारी के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें 1908 में ब्रिटिश सरकार द्वारा 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया गया था लेकिन जलियांवाला बाग हत्याकांड से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह सम्मान वापस कर दिया था। 2 मार्च 1949 को हृदयाघात के कारण लखनऊ में अपने कार्यालय में कार्य करने के दौरान उनका निधन हो गया। सरोजिनी नायडू का निधन 2 मार्च 1949 में हुआ था। भारत सरकार द्वारा उनकी जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 13 फरवरी 1964 को 15 पैसे का एक डाक टिकट जारी किया गया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यह विदाई बजट से भाजपा की विदाई तय!

**इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है।**



शमशाद रशीद माहीगीर

किसी भी मुख्यमंत्री के लिए यह बड़ा गौरवशाली क्षण होता है और खासकर उत्तर प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री के लिए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए योगी सरकार ने एक नहीं दो नहीं कर नहीं दसवां बजट पेश किया है उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि योगी सरकार के नेतृत्व में दसवां बजट पेश किया गया है उत्तर प्रदेश का जो बजट है वह 9 लाख करोड़ से भी ज्यादा का है आप सोचिए कितना बड़ा बजट है हमारे प्रदेश का क्या है इस बजट में और सरकार के इस बजट के पीछे का विजन क्या है जो वित्त मंत्री ने विधानसभा में स्पीच बोली है उसमें तीन-चार बातें हैं। 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी धन खर्च करने का वायदा किया है सड़कें बनेगी एक्सप्रेस वे बनेंगे हाईवे बनेंगे और जो भी बड़ी-बड़ी आवश्यक इमारतें होंगी उनको तैयार किया जाएगा जो हमारा मूलभूत तंत्र है ढांचा है उसको तैयार किया जाएगा आईटी इंडस्ट्री पर बड़ा जोर है उत्तर प्रदेश में डाटा सेंटर तो है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर नहीं है तो सरकार ने उसके लिए बजट में प्रोविजन किया है नए एलोकेशन किए हैं फंड के ताकि उत्तर प्रदेश में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर तैयार कर सकें। खाली डाटा सेंटर की कोई वैल्यू नहीं रह गई है। वह सिर्फ नाम रह गए हैं। वैसे डाटा का एक स्मार्ट गोदाम है। सरकार ने स्टार्टअप के लिए भी बड़ा फंडा लोकेट किया है। पारंपरिक मत जो है वह तो है ही शिक्षा स्वास्थ्य बिजली सिंचाई का इनका एक अलग बजट होता है सब्सिडी का वह तो है ही और सरकार ने यह वादा किया है इस बार का जो बजट है लोगों को जॉब्स भी मुहैया कराई जाएगी। डायरेक्ट जॉब्स और इनडायरेक्ट जॉब्स। डायरेक्ट जॉब्स वह जो सरकारी नौकरियां मिलेगी और इनडायरेक्ट जब वह सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट करेगी और उद्योग धंधे लेगी उसमें जो इनडायरेक्ट जॉब मिलेगी उसे पर भी सरकार का एक बार विधानसभा में बड़ा फॉकस रहा है। इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है



आज की डेट में मेरे अंदाज से सरकार के पास बचपन से 60000 करोड़ का कैश इस वक्त मौजूद है। सरप्लस पैसा रखा है जो अगले साल सितंबर नवंबर में बाउंसर आएगी खर्च कर लेंगे। चुनाव के लिए विपक्ष का गंभीर आरोप है सरकार बड़ी-बड़ी फिगर लेकर आती है लेकिन पैसे खर्च ही नहीं करती। यह बजट कहा जो पिछली बार विधानसभा से पास हुआ था 55 प्रतिशत खर्च हुआ है। ऐसा विपक्ष का कहना है अखिलेश यादव जी का कहना है कि यह सरकार का अंतिम बजट है अगला बजट हम पेश करेंगे यह जो बजट पेश हुआ है यह झूठ का पुलिंदा है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है यह सत्ता पर के दावे और विपक्ष के दावे की बात है आम आदमी को क्या मिला योगी सरकार ने पहला बजट 2 लाख 70000 करोड़ से शुरू किया था और यह बढ़ता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर रोक लगाता सुप्रीम कोर्ट



रजनीश कपूर

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले में पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर सख्त अंकुश लगाया है। यह फैसला उन अपराधों से संबंधित है जहां सजा की अधिकतम अवधि सात साल तक की कैद है। सतेंद्र कुमार एंटिल बनाम सीबीआई मामले में न्यायमूर्ति एम।एम। सुंदरेश और एन। कोटिस्वर सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में गिरफ्तारी अपवाद है, जबकि नोटिस जारी करना नियम। यह निर्णय न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाएगा, बल्कि आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करेगा। फैसले के बाद इस मामले की पृष्ठभूमि, कानूनी प्रावधानों, गिरफ्तारी की आवश्यकता और आम नागरिकों पर इसके प्रभाव परचर्चा होने लगी है। जिससे कि नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

पहले समझते हैं कि यह फैसला ऐतिहासिक क्यों है। भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली में गिरफ्तारी एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। पुराने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार था, लेकिन इसका अक्सर दुरुपयोग होता था। विशेष रूप से कम गंभीर अपराधों में, जहां सजा सात साल से कम थी, पुलिस बिना सोचे-समझे लोगों को हिरासत में ले लेती थी। इससे न केवल जेलों में भीड़ बढ़ती थी, बल्कि निर्दोष नागरिकों का जीवन बर्बाद होता था। 2014 में अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें कहा गया था कि ऐसे अपराधों में गिरफ्तारी निश्चित नहीं होनी चाहिए। पुलिस को पहले जांच करनी चाहिए और गिरफ्तारी केवल आवश्यक होने पर ही करनी चाहिए, लेकिन अब नई व्यवस्था में, 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) ने इस प्रक्रिया को और मजबूत किया है। बीएनएसएस धारा 35 सीआरपीसी की धारा 41 का स्थान लेती है, जबकि बीएनएसएस धारा 35(3) सीआरपीसी की धारा 41ए के समान है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 35 भी गिरफ्तारी से संबंधित है, लेकिन मुख्य रूप से प्रक्रियात्मक पहलू बीएनएसएस में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बीएनएसएस धारा 35(1) पुलिस को गिरफ्तारी का अधिकार देती है, लेकिन शब्द में (may) का प्रयोग दर्शाता है कि यह विवेकाधीन है, न कि अनिवार्य। धारा 35(1)(बी) में कहा गया है कि पुलिस को विश्वास होना चाहिए कि आरोपी ने अपराध किया है और गिरफ्तारी जांच के लिए जरूरी है, लेकिन धारा 35(3) के तहत पुलिस द्वारा पहले नोटिस जारी करना अनिवार्य है, जिसमें आरोपी को पुलिस स्टेशन में हाजिर होने और सहयोग करने को कहा जाता है।

सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे।

> सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे। यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

ऐसे में यह फैसला आम नागरिकों के लिए क्या मायने रखता है? सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि अब पुलिस की मनमानी कम होगी। पहले, छोटे-मोटे अपराधों जैसे धोखाधड़ी, मारपीट या संपत्ति विवाद में लोग रातोंरात जेल में डाल दिए जाते थे, जिससे उनका करियर, परिवार और सम्मान प्रभावित होता था। लेकिन अब, नोटिस मिलने पर नागरिक पुलिस के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, बिना हिरासत में लिए। इससे जेलों में अनावश्यक भीड़ कम होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में जेलों की क्षमता से 130: अधिक कैदी हैं, जिनमें से अधिकांश विचाराधीन हैं। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को मजबूत करता है। महिलाओं, बुजुर्गों और कमजोर वर्गों के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि वे गिरफ्तारी के दौरान अधिक शोषण का शिकार होते हैं, लेकिन इस फैसले का असली लाभ तभी मिलेगा जब नागरिक अपने अधिकारों से अवगत होंगे। आम आदमी को पता होना चाहिए कि यदि अपराध सात साल से कम सजा वाला है, तो पुलिस सीधे गिरफ्तार नहीं कर सकती। ऐसे में आपको नोटिस मिलने पर आप क्या करें? सबसे पहले, नोटिस को ध्यान से पढ़ें, इसमें अपराध का विवरण, हाजिर होने की तारीख और समय होता है। एक वकील से सलाह लें और पुलिस स्टेशन जाएं। यदि आप जांच में पुलिस का सहयोग करते हैं, तो गिरफ्तारी की संभावना कम है। यदि पुलिस बिना नोटिस गिरफ्तार करने की कोशिश करे, तो आप इसे कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को चेतावनी दी है कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिकारी दंडित हो सकते हैं। नागरिकों को यह भी जानना चाहिए कि बीएनएसएस में इलेक्ट्रॉनिक नोटिस (जैसे व्हाट्सएप) अमान्य हैंय नोटिस व्यक्तिगत रूप से या डाक से ही दिया जाना चाहिए। हालांकि, इस फैसले की कुछ सीमाएं भी हैं। गंभीर अपराधों (सात साल से अधिक सजा वाले) में गिरफ्तारी अभी भी आसान है और पुलिस दुरुपयोग कर सकती है। जांच की गुणवत्ता में सुधार के बिना, अपराधी बच सकते हैं। फिर भी, यह न्यायिक सक्रियता का उदाहरण है, जो पुलिस सुधार की दिशा में एक कदम है। सरकार को पुलिस प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाने चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला लोकतंत्र की मजबूती है, जहां नागरिक पुलिस से डरें नहीं, बल्कि सहयोग करें। हर नागरिक को अपने अधिकार जानने चाहिए, गिरफ्तारी कोई सजा नहीं, बल्कि जांच का हिस्सा है। यदि हम जागरूक होंगे, तो न्याय व्यवस्था अधिक निष्पक्ष बनेगी। यह फैसला हमें याद दिलाता है कि कानून सबके लिए समान है और स्वतंत्रता हमारा मौलिक हक।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बांग्लादेश चुनावः मतदान खत्म, वोटों की गिनती जारी

## 48% वोटिंग हुई, बीएनपी-जमात में मुकाबला, पूर्व पीएम हसीना बोलीं: फर्जी चुनाव रद्द हों, नतीजे आज रात 8 बजे से आने शुरू हो गए

**एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत**

**जमात-ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा: अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी**

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। देशभर में वोटों की गिनती जारी है। चुनावी नतीजे आज रात 8 बजे से आने शुरू हो जाएंगे। दोपहर 2 बजे तक देश के 36 हजार वोटिंग सेंटर्स पर 47.91 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस, बीएनपी चीफ तारिक रहमान और छात्र नेता नार्हिद इस्लाम वोट डालने पहुंचे।

इस दौरान यूनुस ने कहा कि आज नए बांग्लादेश का जन्म हुआ। दूसरी तरफ पूर्व पीएम शेख हसीना ने चुनाव को फर्जी बताते हुए रद्द करने की मांग की है। साथ ही यूनुस से इस्तीफा भी मांगा हैं। बांग्लादेश चुनाव को लेकर भारत ने नतीजों का इंतजार करने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नतीजे आने के बाद ही यह देखा जाएगा कि जनादेश किस तरह का है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात- ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए।

गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। जमात-ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी। इस चुनाव में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में वोट डाला। मतदान पूरा होने के बाद वोटों की गिनती शुरू हो गई है। बीएनपी ने चुनाव के नतीजे निष्पक्ष तरीके से घोषित करने की अपील की है। पार्टी ने कहा है कि नतीजों में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सभी को सतर्क रहना चाहिए। यह बयान बीएनपी की चुनाव प्रबंधन समिति के प्रवक्ता महदी अमीन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया। उन्होंने सभी हितधारकों से अपील की कि वे पूरी प्रक्रिया पर नजर रखें, ताकि मतदाताओं की इच्छा सही रूप में सामने आ सके। महदी ने चुनाव प्रक्रिया में शामिल चुनाव आयोग, सशस्त्र बलों, कार्यवाहक सरकार और कानून- व्यवस्था एजेंसियों का आभार जताया। साथ ही उन्होंने चुनावी हिंसा में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गुरुवार को हुए चुनाव को 'फर्जी चुनाव' करार देते हुए इसे रद्द करने की मांग की है। चुनाव के बाद जारी एक बयान में हसीना ने इसे 'मतदाताओं के बिना, अवैध और असंवैधानिक चुनाव' बताया। अपने बयान में शेख हसीना ने कहा कि यह चुनाव कातिल यूनुस द्वारा कराया गया एक दिखावटी चुनाव है। हसीना ने आरा. ेप लगाया कि 11 फरवरी की शाम से ही कई जगहों पर मतदान केंद्रों पर कब्जा, गोलीबारी, पैसे बांटकर वोट खरीदना, मतपत्रों पर मुहर लगाना और एजेंटों से रिजल्ट शीट पर जबरन हस्ताक्षर करवाने जैसी घटनाएं शुरू हो गई थीं। उन्होंने दावा किया कि 12 फरवरी की सुबह से देशभर के ज्यादातर पोलिंग बूथ पर मतदाता उपस्थिति बेहद कम रही और राजधानी ढाका समेत कई जगहों पर मतदान केंद्र लगभग खाली रहे।

बांग्लादेश की मैमनसिंह-11 (वलुका) सीट के एक मतदान केंद्र पर गुरुवार को बड़ी गड़बड़ी सामने आई। पांच युवक बूथ के अंदर घुसे और खुद ही मतपत्रों पर मुहर लगाकर उन्हें बैलेट बॉक्स में डालने लगे। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला सामने आते ही आधे घंटे के लिए वोटिंग रोक दी गई। यह घटना लोहाबोई बरादी सरकारी प्राथमिक स्कूल मतदान केंद्र की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोपहर करीब 2:30 बजे कुछ युवक अंदर गए। इनमें से पांच सीधे एक बूथ में घुस गए। उस समय बूथ में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। 1 मिनट 33 सेकंड के वीडियो में दो युवक मतपत्रों पर मुहर लगाते दिख रहे हैं। तीन युवक उन पर्चियों को मोड़कर बैलेट बॉक्स में डाल रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया।



### बांग्लादेश के प्रमुख नेताओं ने डाला अपना मत

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान ने गुरुवार को गुलशन मॉडल हाई स्कूल और कॉलेज में अपना मत डाला। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह बहुप्रतीक्षित चुनाव लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करेगा। रहमान ने कहा कि बंगलादेशी नागरिक स्वतंत्र रूप से मतदान करने के अवसर के लिए एक दशक से अधिक समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों से किसी भी 'साजिश' को विफल करने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। बीएनपी ने रात भर कुछ क्षेत्रों में 'अवांछनीय घटनाओं' की खबरें मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर अपना विश्वास भी जताया। उन्होंने कहा कि यदि पूरे बंगलादेश के लोग दिन भर बाहर आकर अपने मताधिक. ार का प्रयोग करते हैं, तो किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सकता है। मैं आशावादी हूं, दृढ़ता से आशावादी हूं।

### चुनाव से ठीक पहले हिंदू युवक की हत्या चाय बागान में मिली खून से लथपथ लाश

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला मौलवीबाजार जिले से सामने आया है, जहां आम चुनाव से महज एक दिन पहले एक 28 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। युवक का शव मिलने के बाद से इलाके मे तनाव का माहौल है। इस घटना ने वहां के अल्पसंख्यक समुदायों में डर और चिंता बढ़ा दी है। मृतक की पहचान रतन शुवो कर के रूप में हुई है। वह इस्लामपुर यूनियन के चंपारा चाय बागान में काम करता था। पुलिस को उसकी लाश हाथ-पैर बंधी हुई हालत में मिली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, रतन के शरीर पर चोट के कई निशान थे और वह खून से लथपथ था। बांग्लादेश के जाने-माने अखबार, द डेली स्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल लोगों ने बुधवार सुबह करीब 10:00 बजे चाय बागान के अंदर उसकी लाश देखी, जहां कर काम करता था। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। रतन के साथ काम करने वाले लोगों का आरोप है कि उसे किसी दूसरी जगह मारा गया और फिर लाश को बागान में फेंक दिया गया। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाटो में अपना खर्च बढ़ाएं यूरोप, कनाडा: मार्क रट

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रट ने यूरोपीय और कनाडाई सहयोगियों से 'रक्षा व्यय और औद्योगिक उत्पादन' बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा है कि अमेरिका गठबंधन के प्रति प्रतिबद्ध है, लेकिन उसका रणनीतिक ध्यान अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र की ओर अधिक केन्द्रित हो रहा है। टीआरटी वर्ल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, रट ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि चर्चा का मुख्य केन्द्र हेग शिखर सम्मेलन में लिए गए।

### तीसरी बार कोसोवो के प्रधानमंत्री बने अल्बिन कुर्ती

**बेलग्रेड।** कट्टरपंथी सेल्फ- डिटरमिनेशन मूवमेंट (एलवीवी) के नेता अल्बिन कुर्ती को स्वयं-घोषित कोसोवो की संसद ने मार्च 2021 के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री चुना है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री कुर्ती के नेतृत्व वाले स्वनिर्धारण आंदोलन (एलवीवी) ने 28 दिसम्बर को कोसोवो में हुए अचानक संसदीय चुनाव में निर्णायक जीत हासिल की। संसदी चुनाव के बाद बुधवार (11 फरवरी) को एलवीवी की अल्बुलेना हाक्सियू को अध्यक्ष चुना गया।

### सूडान में नाव पलटने से 15 लोगों की मौत

**खार्तूम।** उत्तरी सूडान के नाइल नदी प्रांत में यात्री नौका के डूबने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। सूडान के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार लकड़ी की नाव तैयबा अल-खावद और दैम अल-कराई गांवों के बीच यात्रा कर रही थी और उसमें महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों समेत 27 से अधिक यात्री सवार थे। उच्च लहरों के कारण नाव पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही नागरिक सुरक्षा इकाइयां मौके पर पहुंचीं। अब तक 15 से अधिक शव बरामद किये जा चुके हैं।

### सीरिया ने अमेरिका से अपने नियंत्रण में लिया अल-तन्फ़ सैन्य बेस

**दमिश्क।** सीरिया की अंतरिम सरकार ने गुरुवार को सीरिया-इराक-जॉर्डन सीमा पर अल-तन्फ़ सैन्य बेस से अमेरिका के नेतृत्व वाले अंत. रराष्ट्रीय गठबंधन के हटने की पुष्टि करते हुए कहा कि सीरियाई सेना की इकाइयों ने इस ठिकाने पर कब्जा कर लिया है। सीरिया के रक्षा अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि सीरियाई और अमेरिकी पक्षों के बीच सहमति के बाद उन्होंने इस सैन्य बेस को अपने काबू में लिया।

# इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम

## रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ स्टोरी': वैक्यूम बमों से तापमान 3500 डिग्री पहुंचा, हजारों इंसान भाप बनकर गायब हुए



**इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं**

**वाशिंगटन।** इजरायल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजरायल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें 'वैक्यूम बम', 'थर्मल' या 'थर्मोबैरिक' बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2842 ऐसे फलस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। इस वक्त गाजा में औपचारिक सीजफायर लागू है और समझौते के 100 दिन पूरे होने के बाद यह दूसरे चरण में पहुंच चुका है, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। 10 अक्टूबर 2025 से अब तक 500 से ज्यादा फलस्तीनियों के मारे जाने की खबरें आई हैं। एक मां, यासमीन महानी, ने अपनी आपबीती सुनाई। 10 अगस्त 2024 को गाजा सिटी के अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद वह अपने बेटे साद को ढूंढ रही थीं। उन्हें वहां अपने पति तो मिल गए, लेकिन बेटे का कोई निशान नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मस्जिद में उन्हें जमीन पर मांस और खून बिखरा मिला, लेकिन दफनाने के लिए बेटे का कोई हिस्सा तक नहीं मिला। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यासमीन जैसी हजारों माताएं आज भी अपने बच्चों को अस्पतालों और मुर्दाघरों में तलाश रही हैं। इस युद्ध में मरने वालों की संख्या 72,000 से ज्यादा बताई जा रही है। मानवा. धिकार संगठनों ने इजरायल पर युद्ध अपराधों के आरोप लगाए हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसे बमों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले इलाकों में करना बहुत गंभीर मामला है। इजरायली हमले से गाजा की लगभग 90 प्रतिशत इमारतें खंडहर हो चुकी हैं। एमके-84 'हैमर': करीब 900 किलो का बम, जो 3500 डिग्री तक तापमान पैदा कर सकता है। इसका दबाव और गर्मी शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। बीएलयू-109 बंकर बस्टर: यह मजबूत ढांचे में घुसकर अंदर फटता है और बंद जगहों में आग का बड़ा गोला बनाता है। जीबीयू-39: इसे सटीक निशाना लगाने वाला ग्लाइड बम बताया गया है। अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद इसके टुकड़े मिलने की बात कही गई है। इन हथियारों को एयरोसोल या वैक्यूम बम भी कहा जाता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनका असर इतना भीषण होता है कि इमारत बाहर से ज्यादा खराब नहीं दिखती, लेकिन अंदर मौजूद हर चीज जलकर राख हो सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। ये बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: मैंने नेतन्याहू से साफ कहा है कि अमेरिका को ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि बैठक बहुत अच्छी रही, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। ईरान के साथ अच्छा समझौता हो सकता है तो यह बेहतर होगा, लेकिन नहीं हुआ तो आगे क्या करना है, यह देखा जाएगा।

# 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे ऋषि सुनक

**इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम (कर्टेन रेजर) 'एआई फॉर ऑल: रीइमेजिनिग ग्लोबल कोऑपरेशन' में वक्तव्य देंगे।

सार्वजनिक नीति शोध संस्था कार्नेगी इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 500 से अधिक स्टार्टअप सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे और इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उनकी यह यात्रा उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों राष्ट्रों की प्राथमिकता को रेखांकित करती है। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति मैक्रों मोदी के साथ 'होराइजन 2047 रोडमैप' के अंतर्गत द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक चर्चा करेंगे। वे मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026' का भी उद्घाटन करेंगे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' पांच दिवसीय कार्यक्रम है, जो नीति, अनुसंधान, उद्योग और सार्वजनिक सहभागिता पर केंद्रित है।



ढाका। बांग्लादेश में देश के 13वें संसदीय चुनाव के दौरान मतदान करते बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस।

### वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

**काराकास।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अपने आधिकारिक आवास मिराफ्लोरेस पैलेस में अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से मुलाकात कर द्विपक्षीय ऊर्जा एजेंडे की समीक्षा की है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, बैठक में वेनेजुएला की ऊर्जा संप्रभुता और द्विपक्षीय रिश्तों के नीतिगत ढांचे में 'दोनों देशों के लिए फायदेमंद ऊर्जा एजेंडे' पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इसमें अमेरिका की चार्ज डी' अफेयर्स लॉरा डोगू, वेनेजुएला की सरकारी तेल कंपनी पेट्रोलियोस डी वेनेजुएला एसए के अध्यक्ष हेक्टर ओब्रेगॉन और अमेरिका में वेनेजुएला के कूटनीतिक प्रतिनिधि फेलिक्स प्लासेंसिया भी मौजूद थे।

# ईरान के साथ बातचीत जारी रहेगी: ट्रम्प

## मैंने इजरायल के पीएम नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की: राष्ट्रपति



**ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता इस बात की संभावनाओं का पता लगाने के लिए जारी रहेगी कि क्या परमाणु हथियारों को लेकर कोई समझौता किया जा सकता है। यह बयान उन्होंने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के तुरंत बाद दिया।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि मैंने अभी-अभी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात पूरी की है। ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं। यदि समझौता हो सकता है, तो मैंने प्रधानमंत्री को बताया कि यही मेरी प्राथमिकता होगी। यदि ऐसा नहीं हो पाता, तो हमें देखना होगा कि आगे क्या परिणाम निकलता है। उन्होंने कहा कि बैठक में गाजा और पूरे क्षेत्र में हो रही प्रगति पर भी चर्चा हुई। नेतन्याहू बुधवार सुबह व्हाइट हाउस के दक्षिणी लॉन से होते हुए पहुंचे और बिना किसी संवाददाता सम्मेलन या आधिकारिक बयान के रवाना हो गए। दोनों नेताओं के बीच यह ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान सातवीं मुलाकात थी, जो करीब तीन घंटे तक चली। बैठक से पहले नेतन्याहू ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की और औपचारिक रूप से 'शांति बोर्ड' का सदस्य बनने पर सहमति दी, जिसे इजरायली संसद में विवादास्पद पहल बताया जा रहा है। अमेरिका रवाना होने से पहले नेतन्याहू ने कहा था कि वह राष्ट्रपति ट्रम्प के समक्ष ईरान से वार्ता के सिद्धांतों को रखेंगे, जो न केवल इजरायल बल्कि पश्चिम एशिया में शांति और सुरक्षा चाहने वालों के लिए अहम हैं। नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, वह चाहते हैं कि वार्ता में ईरान के बैलिस्टिक मिसा. इल कार्यक्रम पर सीमाएं लगाई जाएं और हमास तथा हिजबुल्लाह जैसे संगठनों से उसके संबंधों में कटौती शामिल हो। ट्रम्प ने मंगलवार को फॉक्स बिजनेस नेटवर्क को दिए साक्षात्कार में कहा था कि समझौता अच्छा होना चाहिए। कोई परमाणु हथियार नहीं, कोई मिसाइल नहीं। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने तेहरान में 1979 की इस्लामी क्रांति की 47वीं वर्षगांठ के अवसर पर कहा कि पश्चिम द्वारा खड़ी की गई 'अविश्वास की दीवार' अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में बाधा बन रही है।

# किम जोंग ने 13 साल की बेटी को उत्तराधिकारी चुना

## बीजिंग दौरे पर पिता के साथ दिखी थीं, पब्लिक प्रोग्राम्स में भी नजर आ रही



**हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं**

**सिओल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। एनआईएस ने कहा कि उसने 'कई परिस्थितियों' को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानक. ारी सामने आई। किम जू ऐ सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान पिता किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। एनआईएस ने यह भी कहा है कि वह इस बात पर नजर रखेगी कि क्या जू ऐ इस महीने होने वाली पार्टी सम्मेलन में शामिल होती हैं। यह उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम है, जो हर पांच साल में एक बार होता है। इसी पार्टी सम्मेलन में प्योंगयांग अगले पांच साल के लिए अपनी प्राथमिकताओं जैसे-विदेश नीति, युद्ध की तैयारी और परमाणु कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दे सकता है। दक्षिण कोरिया के सांसद ली सोंग-क्वेन ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि एनआईएस पहले जू ऐ को 'उत्तरा. धिकारी बनने की ट्रेनिंग ले रही' बता चुकी है। अब एजेंसी का मानना है कि वह 'औपचारिक तौर पर उत्तराधिकारी घोषित' किए जाने के चरण में पहुंच गई हैं। ली ने कहा, किम जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ दिखी हैं। वह कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुई और कुमसुसान पैलेस ऑफ द सन भी गईं। कुछ सरकारी नीतियों पर उनकी राय सामने आने के संकेत भी मिले हैं। इन सब बातों को देखते हुए एनआईएस मानती है कि अब उन्हें उत्तराधिकारी के तौर पर नामित कर दिया गया है।



